सुप्रभात
रांची, मंगलवार
13.05.2025
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | जेठ, कृष्णपक्ष पक्ष, प्रतिपदा, संवत् 2082 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 297



12 कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर भावुक हुईं अनुष्का

## न्यूज डायरी

### 32 नागरिक हवाई अड्डों का संचालन शुरू

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हिंडन, श्रीनगर, चंडीगढ़, जोधपुर, राजकोट और भुज समेत देश के 32 हवाई अड्डों को नागरिक विमान परिचालन के लिए फिर से खोल दिया है। सरकार ने पाकिस्तान के साथ सैन्य कार्रवाई के मद्देनजर इन हवाई अड्डों पर संचालन 15 मई तक के लिए अस्थायी रूप बंद कर दिया था। अब इस पाबंदी को अब हटा लिया है। ये हवाई अड्डे अब तत्काल प्रभाव से नागरिक विमान परिचालन के लिए उपलब्ध हैं।

### हाई टेंशन तार से सटा बाराती बस, दो की मौत

**देवघर।** देवघर-मोहनपुर मार्ग पर चिरैया मोड़ के पास बारातियों से भरी एक बस बाईटेंशन तार की चपेट में आ गयी। इससे दो लोगों की मौत हो गयी। कई लोग झुलस गये। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने सभी घायलों को देवघर सदर अस्पताल पहुंचाया। बाराती बांका जिले से लौट रहे थे। बस में करीब 40 बाराती मौजूद थे।

### डैम में डूबने से किशोर की मौत

**चतरा।** नहाने के दौरान डैम में डूबने से एक किशोर युवक की मौत हो गयी। इस घटना से गांव में मातम का माहौल है। सोमवार दोपहर जंगल से लौटकर नहाने के क्रम में यह हादसा हुआ। तीन अन्य किशोर बाल बाल बच गए हैं। यह घटना पत्थलगडा और सिमरिया प्रखंड के सीमा स्थित सिनपुर डैम में घटी। सिमरिया प्रखंड के तपसा निवासी तुलसी यादव के 15 वर्षीय पुत्र योगेश यादव अपने चार दोस्तों के साथ सिनपुर डैम के समीप केंदु खाने के लिए गया हुआ था। इसी दौरान योगेश सहित सभी दोस्तों ने नहाने के उद्देश्य से सिनपुर डैम में छलांग लगा दी। उसे डूबते हुए देख दोस्तों ने उसे बचाने का काफी प्रयास किया, लेकिन वह गहरे पानी में डूब गया।

### सीजफायर के बाद शेयर बाजार में तूफानी तेजी

**मुंबई।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारतीय शेयर बाजार में चार साल की सबसे तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स दिनभर तेजी में कारोबार करने के बाद मार्केट क्लोज होने पर 2975 अंक की जोरदार उछाल के साथ 82,429.90 के लेवल पर क्लोज हुआ।

### ट्रेन पलटाने की साजिश में साधु गिरफ्तार

**वेल्लोर।** काचीगुडा रेलवे पुलिस को सूचना मिली थी कि तेलंगाना के हैदराबाद महानगर क्षेत्र में काचीगुडा और पुथुवेल सहित कई स्थानों पर रेलवे पटरियों पर पत्थर रखे जा रहे हैं। आरपीएफ के डीआर मीना के नेतृत्व में एक विशेष टीम ने मौके पर जाकर जांच की। इलाके से सीसीटीवी फुटेज जब्त कर खंगाला। जांच में पता चला कि इस साजिश में एक साधु शामिल था।




## पाक को पीएम मोदी का कड़ा संदेश - टेरर और टाक, पानी और खून एक साथ असंभव

# परमाणु ब्लैकमेल भारत नहीं सहेगा

- दुनिया ने भारत का पराक्रम और धैर्य दोनों देखा
- पाक से यदि बात होगी तो सिर्फ पीओके वापसी पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने राष्ट्र के नाम संबोधन के दौरान साफ किया कि पाकिस्तान का न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत जरा भी सहने वाला नहीं है। भविष्य में इस तरह का आतंकी हमला हुआ तो पड़ोसी देश को और सख्त तरीके से समझायेंगे। पीएम ने साफ किया कि आतंकियों ने हमारी बहनों के सिंदूर उजाड़े तो हमने उनके हेडक्वार्टर ही उजाड़कर रख दिये। उन्होंने साफ-साफ कहा कि, टेरर-टॉक और टेरर-ट्रेड, पानी और खून एक साथ नहीं चल सकते। पीएम ने कहा कि शांति का मार्ग भी शक्ति से ही होते हुए जाता है। दुनिया ने भारत का पराक्रम और धैर्य दोनों देख लिया। पीएम मोदी ने कहा, भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध विराम किया है। आपरेशन सिंदूर जारी है और यदि पाकिस्तान ने फिर कुछ गड़बड़ करने की कोशिश की तो भारत अपनी शर्तों पर आतंकवाद का जवाब देगा। हम आतंकी सरपरस्त सरकार और आतंक के आकाओं को अलग-अलग नहीं देखेंगे। आवश्यकता पड़ने पर शक्ति का इस्तेमाल करना जरूरी है। पीएम मोदी ने भाषण के अंत में फिर से सेना को सलाम किया। हम भारत और अपने नागरिकों को किसी भी खतरे से बचाने के लिए लगातार कदम उठाते रहेंगे।



### सैन्य कार्रवाई रुकी नहीं है, और करारा जवाब देंगे

पीएम मोदी ने कहा, हमने अभी अपने सैन्य कार्यवाही को सिर्फ स्थगित किया है। आने वाले दिनों में पाकिस्तान के रवैये का देखेंगे फिर आगे का फैसला लिया जायेगा। हमारी सेना लगातार अलर्ट पर है। उन्होंने कहा कि, ऑपरेशन सिंदूर भारत की नीति है। ऑपरेशन सिंदूर ने लड़ाई में एक नयी लकीर खींची है। आपरेशन सिंदूर ने नया आयाम जोड़ा है। पीएम ने भारत का यह सफल आपरेशन देश की सभी महिलाओं को समर्पित किया।

**आतंकवाद ही पाक को ले डूबेगा :** पीएम मोदी ने कहा, टेरर और ट्रेड, टेरर और टॉक, खून और पानी एक साथ नहीं हो सकता। उन्होंने कहा पाकिस्तान से यदि भविष्य में कोई बात होगी, तो वह सिर्फ पीओके लौटाने और आतंकवाद पर ही होगी और कुछ नहीं। पाकिस्तान सरकार आतंकवाद को खाद-पानी दे रहे हैं, यह आतंकवाद पाकिस्तान को ही साफ कर देगा। पाकिस्तान को आतंकवाद को समाप्त करना होगा। इसके अलावा शांति का कोई दूसरा रास्ता नहीं है। पीएम मोदी ने कहा आज बुद्ध पूर्णिमा है। बुद्ध ने शांति की बात कही थी और शांति भी ताकत से ही आता है। इसलिए भारत का शक्तिशाली होना भी बहुत जरूरी है।

**उसने सिंदूर उजाड़ा, हमने आतंक का अड्डा उड़ा दिया :** पीएम ने आतंकियों ने हमारी बहनों के सिंदूर को उजाड़ा था इसलिए भारत ने उनका हेडक्वार्टर उजाड़ दिया। भारत ने 100 से अधिक खूंखार आतंकियों को मार गिराया। आज हर आतंकी, आतंक का हर संगठन जान चुका है कि हमारी बहनों बेटियों के माथे से सिंदूर हटाने का अंजाम क्या होता है।

(शेष पेज 11 पर)

## चाईबासा में फिर हुआ धमाका घायल जवान रांची एयरलिफ्ट

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची, चाईबासा।** चाईबासा में नक्सलियों द्वारा बिछाये गये आइइडी ब्लास्ट की चपेट में आने से झारखंड जगुआर का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान को बेहतर इलाज के एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। घटना चाईबासा के छोटानागरा थाना क्षेत्र में हुआ है। सुरक्षा बलों द्वारा चलाये जा रहे एंटी नक्सल अभियान के दौरान सोमवार को छोटानागरा थाना के कुलापाबुरू, दलाईगढ़ा और मरांगपोंगा के जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में यह धमाका हुआ। घायल जवान आरक्षी 101 मनोज कुमार दमाई बम निरोधक दस्ते का है। प्राथमिकी उपचार के बाद उसे रॉची लाया गया है। उक्त जख्मी कर्मी की स्थिति स्थिर है। नक्सल विरोधी अभियान जारी है।



गौरतलब है कि प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु, अनल, असीम मंडल, अजय महतो, सागेन अंगरिया, अश्विन, पिंटु लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन, जयकांत, रापा मुंडा अपने दस्ता सदस्यों के साथ सारंडा , कोल्हान क्षेत्र में विध्वंसक गतिविधि के लिए भ्रमणशील है। चाईबासा पुलिस, कोबरा 203 बीएन, 209 बीएन, झारखण्ड जगुआर एवं सीआरपीएफ 26 बीएन, 60 बीएन, 134 बीएन, 174 बीएन, 193 बीएन, 197 बीएन, की टीमों का एक संयुक्त अभियान दल गठित कर लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है। 04 मार्च 2025 से एक विशेष संयुक्त अभियान छोटानागरा एवं जराईकेला थाना के सीमावर्ती जंगली व पहाड़ी क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है।

इस घटना की पुष्टि कोल्हान डीआईजी मनोज रतन चौथे ने की है। उनके पैर में गंभीर चोट लगी है। प्राथमिक उपचार के बाद जवान को रांची ले जाया गया, जहां जवान खतरे से बाहर है।

## एयर मार्शल ने पाकिस्तान को दी कड़ी नसीहत

# ... भय बिनु होय ना प्रीत

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर देश के सामने एक ऐसा बयान दिया, जो न केवल साहस और संकल्प से भरा है बल्कि भावनाओं का जीवंत प्रतीक भी बन गया है। उन्होंने रामचरित मानस के सुंदर कांड की पंक्तियों का जिक्र करते हुए कहा- विनय न माने जलधि जड़, गये तीनि दिन बीति, बोले राम सकोप तब भय बिनु होय ना प्रीत। इन पंक्तियों के जरिए उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी दी कि भारत की शांति और संयम को उसकी कमजोरी न समझा जाये। उनके इस कथन ने हर भारतीय के मन में गर्व और आत्मविश्वास जगाया। एयर मार्शल भारती ने गर्व के साथ कहा, हमारी लड़ाई आतंकवादियों के साथ है, न कि पाकिस्तानी सेना के साथ। पाकिस्तान की सेना ने आतंकियों का साथ दिया, तब हमने उसका जवाब दिया। नुकसान की जिम्मेदारी उनकी है।



### इशारों-इशारों में पाक को चेता दिया



दरअसल, सुंदर कांड में इस प्रसंग का सुंदर वर्णन है। लंका पर चढ़ाई के समय भगवान श्रीराम ने विनयपूर्वक समुद्र से मार्ग देने की गुहार की। लेकिन समुद्र का उस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता, तब भगवान राम समझ जाते हैं कि अब अपनी शक्ति से उसमें भय उत्पन्न करना आवश्यक है। एयर मार्शल ने इसी प्रसंग से जुड़ी चौपाई सुनायी। एयर मार्शल भारती ने कहा, समझदार के लिए इशारा काफी है। तुर्की ड्रोन हों या किसी और के ड्रोन हों, हमने दिखा दिया है कि किसी भी तरह की टेक्नोलॉजी का सामना करने के लिए हम तैयार हैं।

**अगला प्राहर अलग तरह का होगा :** एयर मार्शल भारती ने कहा, अगली लड़ाई का तरीका अलग होगा, हमें बस दुश्मन से एक कदम आगे रहना है। ऑपरेशन की तकनीकी बारीकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें जितना बताना था, बता दिया। (शेष पेज 11 पर)

## समय से पहले झारखंड आयेगा मानसून, स्थिति साफ नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता


**रांची।** इस साल आईएमडी ने सामान्य से चार दिन पहले यानी 27 मई को केरल में मानसून के प्रवेश करने का अनुमान जताया है। ऐसे में क्या झारखंड में मानसून अपनी सामान्य तिथि 10 जून से पहले प्रवेश करेगा। मौसम केंद्र, रांची के मौसम पूवार्नुमान वैज्ञानिक अभी इस पर कुछ कहने की स्थिति में नहीं हैं। केंद्र के वरिष्ठ मौसम पूवार्नुमान वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने कहा कि वे पहले से ही इस पर नजर रखे हुए हैं, लेकिन जब मानसून केरल में प्रवेश करेगा, तभी वे झारखंड में मानसून के बारे में कुछ कह पायेंग। सतीश चंद्र मंडल ने कहा कि आम तौर पर लोग यह मान लेते हैं कि अगर केरल में मानसून चार दिन पहले आ रहा है, तो झारखंड में भी मानसून चार दिन पहले आयेगा, लेकिन ऐसा होने की संभावना बहुत कम है। उन्होंने कहा कि मानसून सिस्टम की प्रगति उस समय की कई स्थितियों पर निर्भर करती है। अगर स्थितियां अनुकूल रहीं, तो मानसून सिस्टम आगे बढ़ता है। श्री मंडल ने कहा कि पिछले साल मानसून ने उनके राज्य में 21 जून को प्रवेश किया था। यह सामान्य तिथि 10 जून से 11 दिन देरी से आया था। उन्होंने बताया कि पिछले एक दशक में झारखंड में अधिकांश बार मानसून देरी से पहुंचा है।

## एक और युग का अंत : रोहित के बाद विराट ने भी टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कहा

### मन भारी पर अंदर से सही लगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारतीय टेस्ट क्रिकेट के एक युग का अंत हो गया। हिट मैन रोहित शर्मा के बाद भारतीय क्रिकेट के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने भी सोंमवार को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। इस चौंकाने वाले फैसले की जानकारी उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के माध्यम से दी। कोहली ने अपने भावुक पोस्ट में टेस्ट क्रिकेट के प्रति अपने जुनून, इस प्रारूप से मिली सीख और अपने 14 साल के शानदार सफर को साझा किया। रोहित शर्मा ने तीन दिन पहले ही संन्यास की घोषणा की थी।



**जीवन भर याद रखूंगा :** विराट ने अपने पोस्ट में लिखा, 14 साल पहले मैंने पहली बार टेस्ट क्रिकेट में ब्लू कैप पहनी थी। ईमानदारी से कहूं तो मैंने कभी नहीं सोचा था कि यह प्रारूप मुझे ऐसी यात्रा पर ले जायेगा। इसने मुझे परखा, मुझे गढ़ा और ऐसी सीख दी जो मैं जीवनभर साथ रखूंगा। मैंने टेस्ट क्रिकेट को अपना सब कुछ दिया, और इसने मुझे उससे कहीं ज्यादा लौटाया। कोहली ने कहा, सफेद जर्सी में खेलने में कुछ खास है। ये एक शांत, लंबा और धैर्य से भरा सफर होता है। ये छोटे-छोटे पल जो कोई नहीं देखता लेकिन जो हमेशा आपके साथ रहते हैं।

## जेएससीए चुनाव : अजय नाथ शाहदेव सौरभ तिवारी, संजय पांडे ने भरा पर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) चुनाव सत्र (2025-28) के लिए चुनाव को लेकर अब सरगर्मी तेज हो गयी है। 18 मई को होनेवाले चुनाव को ले कर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। 13 मई को नामांकन का अंतिम दिन है। सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा के दिन अधिकांश कैंडिडेट्स ने नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया। इनमें झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी अजय नाथ शाहदेव ने अध्यक्ष पद के लिए नॉमिनेशन फाइल किया है, जबकि सचिव पद के लिए क्रिकेटर सौरभ तिवारी ने नॉमिनेशन फाइल किया है। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए संजय पांडे, कोषाध्यक्ष पद के लिए अमिताभ घोष और ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद पर क्रिकेटर शाहबाज नदीम ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। इस चुनाव में एक अध्यक्ष, एक उपाध्यक्ष, एक सचिव, एक कोषाध्यक्ष, एक संयुक्त सचिव और पांच कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव होगा। इसके अलावे चार जिला प्रतिनिधि, एक स्कूल प्रतिनिधि, एक क्लब प्रतिनिधि और एक संस्थान प्रतिनिधि का भी चयन किया जाना है और इन्हीं पदों पर नॉमिनेशन की प्रक्रिया जारी है। श्री शाहदेव ने कहा कि स्व अमिताभ चौधरी के पदचिन्हों पर चलते हुए जेएससीए की गरिमा का निर्वहन करते हुए इसके उद्देश्यों को पूरा करना हमारा मकसद है।

# हेमंत ने रखी नये सीएम आवास की आधारशिला

## ब्रिटिश काल के इस वीआइपी भवन से जुड़ी हैं कई रोचक बातें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोमवार को नये सीएम आवास की आधारशिला रखी। यह आवास पूरी तरह से आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षा मानकों को ध्यान में रखकर तैयार किया जायेगा। इससे सरकार की कार्यप्रणाली और मुख्यमंत्री के कामकाज को बेहतर बनाया जा सके। नये सीएम आवास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। खुद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी पत्नी कल्पना सोरेन के साथ इसकी आधारशिला रख दी है। आज बुद्ध पूर्णिमा के शुभ मौके पर विधि विधान के साथ नये भवन की नींव रखी गयी।

**कभी कैफोर्ड हाउस के नाम से प्रसिद्ध था :** रांची के कांके रोड स्थित सीएम आवास में कभी कमीश्नर रहा करते थे। अंग्रेजों के जमाने के इस आवास को 'कैफोर्ड हाउस ' के नाम से जाना जाता था। झारखंड बनने पर इसको मुख्यमंत्री आवास का दर्जा मिला। यह भवन करीब ढाई दशक तक राज्य में सत्ता के शीर्ष पद का गवाह बना रहा।



इस दौरान इस आवास के साथ कई मिथक भी जुड़े रहे, जो अब अतीत का हिस्सा बन गये हैं। कैफोर्ड हाउस को तोड़कर नये सीरे से सीएम आवास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है।

### अंग्रेजों ने कमीश्नर के लिए बनवाया था

दरअसल, 1853 में बंगाल के लेफ्टिनेंट गवर्नर के प्रिंसिपल एजेंट थे कमिश्नर एलियन। उन्होंने इस भवन की नींव रखी थी, लेकिन भवन बनने से पहले एलियन का ट्रांसफर हो गया और कैफोर्ड ने पद संभाला। उनके पद संभालते ही भवन निर्माण में तेजी आयी और साल भर के अंदर 1854 में ब्रिटिश हुकूमत ने कमिश्नर सिस्टम को इंप्लीमेंट कर दिया, तब कैफोर्ड को छोटानागपुर का पहला कमिश्नर बनाया गया। वह इस हाउस में रहने वाले पहले अधिकारी बने तभी से इस भवन को कैफोर्ड हाउस कहा जाने लगा। इस कैंपस में आम समेत कई फलों को पेड़ मौजूद हैं।

**कई कहानिया जुड़ी हैं सीएम आवास के साथ :** सीएम आवास होते हुए भी इस हाउस से कई कहानियां जुड़ी हैं, क्योंकि क्योंकि सीएम की कुर्सी संभालने वाला कोई नेता इस आवास में रहते हुए अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाया। (शेष पेज 11 पर)

### फिर भूकंप से दहला पाकिस्तान

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान एक बार फिर से भूकंप से दहल गया। एक सप्ताह में पाकिस्तान में तीसरी पर भूकंप के झटके महसूस किये गये। इस बार ये किसी भारतीय मिसाइल या ड्रोन से नहीं बल्कि प्राकृतिक भूकंप से दहला है। भूकंप के झटके पाकिस्तान के प्रांत बलूचिस्तान में महसूस किये गये। भारतीय समयानुसार भूकंप दोपहर 1 बजकर 26 मिनट और 32 सेकंड पर दर्ज किया गया। 5 मई को पाकिस्तान में भूकंप आये थे। एनसीएस के मुताबिक, भूकंप 10 किलोमीटर की उथली गहराई पर आया था, जिससे इसके बाद के झटकों की आशंका बनी हुई है। पाकिस्तान और उसके आसपास का इलाके भूकंप के लिहाज से संवेदनशील हैं।

मईयां सम्मान योजना में 5.46 लाख बहन-बेटियों को अपात्र ठहराने पर भाजपा की प्रतिक्रिया

# वोट बैंक वाली राजनीति का सच है 5.46 लाख बहन-बेटियों का अपमान: राफिया

- चेतावनी दी कि यदि एक भी बहन-बेटी से वसूली की गई तो भाजपा आंदोलन करेगी।
- मार्च 2025 तक आधार लिंकिंग और दस्तावेजी सत्यापन के नाम पर केवल 37.55 लाख बहन-बेटियों को ही योजना का लाभ मिला



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने झारखंड सरकार द्वारा मइयां सम्मान योजना के तहत 5.46 लाख बहन-बेटियों को अपात्र ठहराने के निर्णय पर गहरी नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय हेमंत सोरेन सरकार की दोहरी नीति और वोट बैंक राजनीति का स्पष्ट प्रमाण है। इसने पहले इन गरीब बहन-बेटियों को योजना में शामिल कर वोट बटोरे और अब चुनाव बाद उन्हें अपात्र बताकर अपमानित किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने इन गरीब बहन-बेटियों को सिर्फ वोट बैंक की भेंट चढ़ाया

### मंईयां योजना को लेकर राज्य सरकार को घेरा

और चुनाव के बाद अपात्र घोषित कर उनका अपमान किया। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि एक भी बहन-बेटी से वसूली की गई तो भाजपा आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पैसे देकर वोट लेती है, लेकिन फिर सत्ता में आने के बाद वसूली करती है, यही इनका असली चरित्र है।

उन्होंने कहा कि मार्च 2025 तक आधार लिंकिंग और दस्तावेजी सत्यापन के नाम पर केवल 37.55 लाख बहन-बेटियों को ही स्थायी रूप से लाभ मिला। लेकिन, अब अचानक 5.46 लाख को अपात्र कहकर सूची से हटाया जा रहा है और अब सरकार वसूली की भी बात कर रही है। उन्होंने सवाल किया कि अगर ये बहन-बेटियां वास्तव में अपात्र थीं, तो उन्हें डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से राशि क्यों दी गई। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन को सीधे तौर पर आड़े हाथों लेते हुये पूछा कि क्या बहन-बेटियां अब ऋण लेकर सरकार को पैसा लौटायेंगी। क्या उन्हें ऋणी बनाकर अपमानित करने की तैयारी है। उन्होंने याद दिलाया कि कल्पना सोरेन ने वादा किया था कि झारखंड की हर बहन-बेटी को सम्मान राशि मिलेगी लेकिन, आज यही सरकार अपने वादों से पलट रही है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार का यह दोहरा मापदंड साफ करता है कि कभी इन बहन-बेटियों का वास्तविक भला नहीं चाहा गया, वे केवल चुनावी वोट बैंक थीं। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा की प्राथमिकता हमेशा बहन-बेटियां रही हैं। उन्होंने कहा कि एक सशक्त नारी ही एक सशक्त परिवार की नींव होती है। उन्होंने चेतावनी दी कि मइयां सम्मान योजना के नाम पर अब ठगना बंद करे सरकार और अगर एक भी बहन.बेटी से वसूली की गई तो हम सड़क से सदन तक अपनी बहनों-बेटियों की आवाज को इतना बुलंद करेंगे।

# भाजपा की राजनीति केवल भ्रम फैलाने तक ही सीमित : झामुमो

- भाजपा की राजनीति केवल भ्रम फैलाने और अवरोध पैदा करने तक सीमित



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो ने कहा है कि भाजपा जनादेश का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ रही है। झामुमो महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा है कि भाजपा को यह समझ लेना चाहिये कि जनता ने उन्हें विपक्ष में बैठने के लिए चुना है, न कि निराधार आरोप लगाने के लिए। उन्होंने कहा कि भाजपा की राजनीति केवल भ्रम फैलाने और अवरोध पैदा करने तक सीमित हो गई है।

मंईयां सम्मान योजना को लेकर भाजपा की प्रतिक्रिया पर उन्होंने कहा कि वह केवल राजनीति करने के लिए गरीब बहनों-बेटियों के सम्मान का मुद्दा उठा रही है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा को बहनों-बेटियों की इतनी ही चिंता है, तो उनके कार्यकाल में ऐसी कोई योजना क्यों नहीं बनी। हेमंत सरकार ने मंईयां सम्मान योजना के जरिये 58.60 लाख बहनों-बेटियों को आर्थिक संबल देकर उनके चेहरे पर मुस्कान ला दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं को यह समझ लेना चाहिए कि हेमंत सरकार ने बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का क्रियान्वयन किया है। साथ ही, सरकार की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस योजना के दुरुपयोग को रोके। ताकि पात्र लाभुकों को उसका हक जरूर मिल सके। भाजपा केवल झूठ फैलाकर बहनों-बेटियों के बीच भ्रम पैदा करने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर भाजपा को जनता की इतनी ही चिंता है तो उन्हें यह बताना चाहिए कि उनके कार्यकाल में क्यों नहीं हुए आदिवासी और दलितों के हितों की रक्षा के ठोस उपाय। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा का उद्देश्य विकास कार्यों में बाधा डालना है। हेमंत सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में कई ऐतिहासिक निर्णय लिये हैं। यह भाजपा को पच नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार राज्य के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और भाजपा के प्रोपेगेंडे से विचलित होने वाली नहीं है।

## रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिले संजय सेठ



**रांची।** रूस के 80वें विजय दिवस समारोह में शामिल होकर लौटने के बाद सोमवार को दिल्ली में केंद्रीय रक्षा राज मंत्री संजय सेठ ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार मुलाकात किया। उन्हें रूस यात्रा की जानकारी दी।

## विहिप के केंद्रीय महामंत्री आज आयेंगे रांची

**रांची।** विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय महामंत्री बजरंग बागड़ा अपने दो दिन के झारखंड प्रवास पर 13 मई को रांची पहुंच रहे हैं। इन दो दिनों में विहिप कार्यकर्ताओं तथा सामाजिक, धार्मिक श्रेणी के साथ अलग-अलग बैठक करेंगे। विश्व हिंदू परिषद के झारखंड प्रांत मंत्री मिथिलेश्वर मिश्र ने बताया कि 13 मई को प्रातः 10 बजे से एयरपोर्ट रोड स्थित होटल ग्रीन एकर्स में अधिवक्ताओं के साथ बैठक, दोपहर 2 बजे हटिया में समरसता संगोष्ठी, शाम 6 बजे मोराबादी में व्यावसायिक वर्ग के साथ बैठक करेंगे। वहीं, 14 मई को 11 बजे दिन से प्रांत टोली बैठक, 1 बजे पत्रकार वार्ता एवं शाम 5 बजे हरमू में मंदिरों के पुजारी-पुरोहितों के साथ बैठक करेंगे।

गरीबों के प्रति सरकार संवेदनशील, राशन, राहत और राहत का पूरा प्लान तैयार

# राशन वितरण में लापरवाही नहीं चलेगी हर लाभुक तक पहुंचेगा सही राशन : मंत्री

- गरीबों को मॉनसून से पहले तीन माह का अग्रिम राशन देने का बड़ा फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य सरकार ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि गरीबों और जरूरतमंदों के हितों की रक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। आगामी मॉनसून और संभावित बाढ़ की गंभीरता को देखते हुए खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। राज्य के 2.88 करोड़ राशन कार्डधारी लाभुकों को जून, जुलाई और अगस्त-तीनों माह का राशन एक साथ दिया जाएगा, ताकि आपदा के समय भी कोई भूखा न सोए। केंद्र



सरकार के निर्देश के बाद, राज्य सरकार ने तत्परता दिखाते हुए 1 जून से 30 जून तक राशन वितरण के आदेश जारी कर दिए हैं। विभाग ने सभी जिला प्रशासन को निर्देशित किया है कि वितरण कार्य में कोई भी लापरवाही न हो और लाभुकों को समय पर व सुरक्षित ढंग से राशन प्राप्त हो।

राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने स्पष्ट कहा है कि गरीबों के साथ अन्याय किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह

### आपदा से निपटने के लिए पूरी मुस्तेदी के साथ तैयार

मंत्री ने कहा कि विभाग हर प्रकार की आपदा से निपटने के लिए पूरी मुस्तेदी के साथ तैयार है। आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत किया जा रहा है, ताकि किसी भी स्थिति में गरीबों को राहत पहुंचाने में देरी न हो। डॉ अंसारी ने कहा कि हमारा हर कदम गरीबों की भलाई के लिए है। हम 24 घंटे जनता की सेवा में लगे हैं। लोगों का विश्वास हमारे लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है और हम उसे टूटने नहीं देंगे। राज्य सरकार का यह निर्णय न केवल राहत पहुंचाने वाला है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि झारखंड में गरीबों की सरकार है। सजग, संवेदनशील और समर्पित।

हेमंत सोरेन जी की संवेदनशील सरकार है और हम जवाबदेही के साथ काम कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि वह खुद वितरण कार्यों की निगरानी करेंगे और लापरवाह अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने सभी डीएसओ, एफसीआई अधिकारियों की एक आपात बैठक बुलाने का निर्देश दिया है, जिसमें तीन माह के अनाज का संग्रह, गोदामों की उपलब्धता, लॉजिस्टिक व्यवस्था, एवं राशन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर ठोस निर्णय लिए जाएंगे। विशेष निर्देश दिए गए हैं कि अनाज कहीं भी सड़े-गले नहीं और हर लाभुक को सही मात्रा और गुणवत्तापूर्ण राशन मिले।

# बाबूलाल के आरोप निराधार और भ्रामक : विनोद पांडेय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाये आरोप भ्रामक, निराधार और राजनीतिक षड्यंत्र वाले हैं। उन्होंने कहा कि बाबूलाल मरांडी राज्य की पुलिस प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर जिस प्रकार से भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, वह झारखंड की जनता को गुमराह करने का कुत्सित प्रयास है। उन्होंने यह साबित कर दिया है कि उनकी मंशा केवल और केवल झूठी बयानबाजी कर सुर्खियां बटोरने की है। उनको शायद पुलिस विभाग के पदक्रम और अधिकारों की जानकारी नहीं है।

डीआईजी और डीएसपी के पद और उनके कार्यक्षेत्र की स्पष्ट परिभाषा झारखंड पुलिस एक्ट में दी गई है लेकिन, अगर उन्हें समझ में नहीं आ रहा है, तो झामुमो उन्हें इस संबंध में एक जागरूकता सत्र आयोजित करने का भी प्रस्ताव रखता है।


झामुमो स्पष्ट करना चाहता है कि राज्य सरकार ने हमेशा ट्रांसफर-पोस्टिंग के मामलों में पारदर्शिता और नियमों का पालन सुनिश्चित किया है। किसी भी प्रकार के अवैध हस्तक्षेप या भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। श्री मरांडी को यह बताना चाहिये कि जब उनकी पार्टी सत्ता में थी, तब किस प्रकार से पुलिस महकमे में बड़े पैमाने पर मनमाने ढंग से ट्रांसफर और पोस्टिंग की गई थी। झारखंड की जनता उनके शासनकाल को भूली नहीं है। मुख्यमंत्री राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सजग और प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि झामुमो भाजपा की ओछी राजनीति और झूठे आरोपों को सिरे से खारिज करती है।

बाबूलाल मरांडी ने सीएम को पत्र लिख कर किया आग्रह

# निष्पक्ष रूप से हो जेएससीए चुनाव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (जेएससीए) के चुनाव में प्रशासनिक प्रभाव व हस्तक्षेप को रोककर पारदर्शी एवं निष्पक्ष चुनाव कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा है कि जेएससीए का चुनाव 18 मई को प्रस्तावित है। इसके लिए 12 एवं 13 मई को नामांकन तथा 14 मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है लेकिन सूचनाओं से स्पष्ट हो रहा है कि यह चुनाव एक खेल संघ का चुनाव न होकर प्रशासनिक पद के दुरुपयोग का रूप



लेता जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में लगे अधिकारी चुनाव प्रचार के लिए खुलेआम घूम रहे हैं। ये सरकारी अधिकारी अपने पद, प्रभाव एवं सुविधाओं का इस्तेमाल कर मतदाताओं को प्रभावित कर रहे हैं, जो पूर्णतः अवैध, अनैतिक और लोकतांत्रिक प्रक्रिया के विरुद्ध है। जेएससीए राज्य का एक प्रतिष्ठित खेल संगठन है और इसकी साख को बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। यदि अभी हस्तक्षेप नहीं किया गया तो झारखंड क्रिकेट की पहचान और गुणवत्ता दोनों पर खतरा मंडराने लगेगा।

**पूर्व में भी सत्ता का हुआ था दुरुपयोग**

पूर्व में भी जेएससीए के चुनावों में सत्ता का दुरुपयोग होता रहा है। इसके कारण चयन प्रक्रिया में भाई-भतीजावाद, जातिवाद और क्षेत्रवाद को बढ़ावा मिला है। इसका सीधा प्रभाव राज्य के योग्य एवं मेहनती खिलाड़ियों के अवसरों पर पड़ा है। जिससे वे हतोत्साहित एवं निराश हुये हैं। जेएससीए के चुनाव में ऐसे लोगों के कब्जे से यह भी देखा गया है कि एसोसिएशन की संपत्ति और संसाधनों का मनमाने ढंग से दुरुपयोग होता है।

# अनाथ बच्चों का दुख बांटने पहुंची राज्य की कृषि मंत्री

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की बेड़ो प्रखंड के जामटोली गांव में एक ही परिवार के अनाथ 4 बच्चों का दुख बांटने पहुंचीं। जामटोली गांव में अनाथ इन बच्चों की मां पंची उराईन की मौत 8 मई को लंबी बीमारी के बाद हो गई थी, जबकि पिता गणेश उरांव की मौत उसके अगले दिन यानी 9 मई को हो गयी। कुदरत के इस कहर ने परिवार के चार बच्चों को दो दिन में अनाथ बना दिया। इस घटना की सूचना के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ जामटोली पहुंची। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा है कि घर की दो बड़ी बेटियों का नामांकन कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में कराया जाएगा। नामांकन को लेकर प्रक्रिया शुरू भी कर दी गई है। पीड़ित तीन बच्चों को बाल संरक्षण आयोग के द्वारा हर माह चार हजार रुपए देने का प्रावधान किया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों की काउंसलिंग की जा रही है। उन्हें हर तरह की मदद देने के लिए राज्य सरकार तैयार है। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि पूरा गांव और मैं खुद इन बच्चों के लिए एक परिवार की तरह सहयोग करने को तैयार हूं। मौके पर स्थानीय जिला प्रशासन के अधिकारी को पीड़ित परिवार का राशन कार्ड और पक्का मकान योजना का लाभ देने का भी निर्देश दिया गया।

# जेईई एडवांस 2025 का एडमिट कार्ड जारी, परीक्षा 18 मई को

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) ने जेईई एडवांस-2025 परीक्षा के लिए एडमिट कार्ड सोमवार की सुबह 10 बजे जारी कर दिया गया है। वे उम्मीदवार जिन्होंने जेईई मेंस 2025 पास किया है और जेईई एडवांस के लिए रजिस्ट्रेशन कराया था, वे अब अपना एडमिट कार्ड आधिकारिक वेबसाइट जेईईएडीवी डॉट एसी डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं।

**एडमिट कार्ड डाउनलोड की अंतिम तिथि :** उम्मीदवार 18 मई 2025 को दोपहर 2:30 बजे तक अपना एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। यह वही दिन है जब परीक्षा आयोजित की जाएगी।

### एडमिट कार्ड कैसे डाउनलोड करें

- सबसे पहले वेबसाइट जेईईएडीवी डॉट एसी डॉट इन पर जाएं।
- डाउनलोड एडमिट कार्ड लिंक पर क्लिक करें।
- अपना रजिस्ट्रेशन नंबर, जन्म तिथि और जरूरी जानकारी भरें।
- लॉगिन करने के बाद एडमिट कार्ड स्क्रीन पर दिखाई देगा।
- उसे डाउनलोड करें और प्रिंट निकालकर सुरक्षित रखें।

**परीक्षा और जरूरी निर्देश :**


- जेइइ एडवांस 2025 की परीक्षा 18 मई 2025 को आयोजित की जाएगी।
- एडमिट कार्ड के साथ एक वैध फोटो पहचान पत्र (जैसे आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट आदि) भी ले जाना जरूरी है।
- बिना एडमिट कार्ड और पहचान पत्र के उम्मीदवारों को परीक्षा हॉल में प्रवेश नहीं मिलेगा।

बिहार के सीएम ने किया ऑनलाइन उद्घाटन

# झारखंड जदयू का अब नया ठिकाना होगा बीआइटी मेसरा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बीआईटी मोड़ स्थित मॉडर्न स्कूल के समीप झारखंड प्रदेश जदयू ने अपना नया कार्यालय बनाया है। बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर इस नये कार्यालय का उद्घाटन जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने ऑनलाइन किया। इस दौरान प्रदेश जदयू अध्यक्ष सह सांसद खीरू महतो, जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय मौजूद थे। इसके बाद खीरू महतो की अध्यक्षता में प्रदेश जदयू कार्यसमिति की बैठक भी हुई। इसमें आगामी निकाय चुनाव, सदस्यता अभियान एवं संगठन पर चर्चा हुई। इसके पश्चात पहलगाम हमले में मारे गए निर्दोष नागरिकों को मौन रख श्रद्धांजलि दी गयी। बैठक में डॉ आफताब जमील, श्रवण कुमार, धर्मेंद्र तिवारी, भगवान सिंह, संजय सिंह, निर्मल सिंह, सागर कुमार, पिंटू सिंह, उपेंद्र सिंह, अखलेश राय, पी एन सिंह, सोमेन दत्ता, आशीष शीतल मुंडा व अन्य मौजूद थे।



मौके पर खीरू महतो ने कहा कि लंबे समय से हमें अपने कार्यालय की तलाश थी, आज यह पूर्ण हुआ। विधायक सरयू राय के आवास पर भी अतिरिक्त कार्यालय चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए जिलों में संगठन प्रभारी की घोषणा जल्द की जाएगी। जो सक्रिय सदस्य नहीं हैं, वह सक्रिय सदस्य बनें, नहीं तो पंचायत में भी पदाधिकारी नहीं बन सकेंगे।

विधायक सरयू राय ने कहा कि संगठन नियमित कार्यक्रम करें और इस माध्यम से जन मानस को पार्टी के साथ जोड़ें। जिन कार्यकर्ताओं को निकाय चुनाव लड़ना है, वह अपने वार्डों में सम्पर्क अभियान शुरू करें, बैठक करें और समस्याओं को पार्टी स्तर से हल कराने का प्रयास करें।

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग का स्कूल रुआर कार्यक्रम संपन्न

# समीक्षा के लिए कल से 20 मई तक राज्यस्तरीय अनुश्रवण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की ओर से समग्र शिक्षा के तहत 5 से 18 वर्ष के बच्चों का विद्यालय में शत प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से सभी सरकारी विद्यालयों में स्कूल रूआर कार्यक्रम-2025 (बैक टू स्कूल) 21 अप्रैल से 10 मई तक चलाया गया था। इस कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित विविध गतिविधियों एवं आउट ऑफ स्कूल बच्चों को स्कूल में जोड़ने से संबंधित गतिविधियों के अनुश्रवण के लिए राज्यस्तरीय टीम का गठन कर लिया गया है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद, एमडीएम और झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद से 24 राज्यस्तरीय टीम लीडर समेत 61 पदाधिकारियों के नेतृत्व में राज्यस्तरीय टीम 14 मई से 20 मई तक सभी 24 जिलों के विद्यालय अवधि में भ्रमण करेगी। इन 61 पदाधिकारियों में विभिन्न नागरिक सामाजिक संगठन और गैर सरकारी संगठनों के राज्यस्तरीय नामित प्रतिनिधि भी शामिल रहेंगे।

राज्यस्तरीय अनुश्रवण में यूनिसेफ, सिनी, थनल, नीड्स, एलएलएफ, सी 3 और लीडर्स के राज्यस्तरीय पदाधिकारी सहयोग करेंगे। राज्यस्तरीय टीम स्कूल रुआर कार्यक्रम के अंतर्गत शिशु पंजी सर्वे में चिह्नित आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन एवं संबंधित पोर्टल में इसकी रिपोर्टिंग, अभियान के दौरान नव चिन्हित आउट ऑफ स्कूल बच्चों के नामांकन एवं रिपोर्टिंग, नामांकन, यू-डायस ड्रॉप बॉक्स में सूचीबद्ध बच्चों के सत्यापन एवं नामांकन, प्रयास कार्यक्रम, जीरो ड्रॉप आउट विद्यालयों का सत्यापन, लक्षित आउट ऑफ स्कूल (2025-26) बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना एवं बच्चों की टैगिंग समेत स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित अन्य कार्यक्रमों से संबंधित गतिविधियों के क्रियान्वयन की विस्तृत समीक्षा करेगी। राज्यस्तरीय टीम में विभिन्न कार्यक्रमों के राज्य पदाधिकारियों को अपने अपने संबंधित कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा करने का निर्देश दिया गया है।

### कम से कम आठ स्कूलों का भ्रमण करना जरूरी

राज्यस्तरीय टीम में शामिल पदाधिकारियों को संबंधित जिलों के कम से कम आठ विद्यालयों का भ्रमण करना होगा। टीम के भ्रमण के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं जिला शिक्षा अधीक्षक को कम से कम एक दिन भ्रमण करना होगा। विद्यालय प्रबंधन समिति से जुड़े पदाधिकारी भी टीम के साथ जिलों का भ्रमण करेंगे। इनके अलावा सभी जिलों से प्रखंड के रिसोर्स शिक्षक भी अनुश्रवण दल के साथ विद्यालयों का भ्रमण करेंगे। प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को भी अनुश्रवण दल के साथ भ्रमण करना होगा। प्रखंड स्तरीय नामित पदाधिकारियों की शत प्रतिशत उपस्थिति की जवाबदेही जिला शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक की होगी।

### निरीक्षण से संबंधित रिपोर्ट राज्य को देने का निर्देश

विद्यालयों के निरीक्षण के बाद निरीक्षण प्रतिवेदन झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद को 27 मई तक देना होगा। रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख करना होगा कि संबंधित टीम के द्वारा कितने विद्यालयों का निरिक्षण किया गया है? प्रतिवेदन में सलाह और कार्रवाई के लिए बिंदुवार वर्णन करना होगा। टीम को यह सुनिश्चित करना अनिवार्य है कि संबंधित डीइओ एवं डीएसई द्वारा अपेक्षित सहयोग प्राप्त हुआ या नहीं। प्रखंड में शिक्षा पदाधिकारियों का कार्य संतोषजनक था या नहीं। रिपोर्ट के आधार पर स्कूल रुआर 2025 समेत अन्य शैक्षणिक कार्यक्रमों में लापरवाही बरतने वाले प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों, विद्यालयों के विरुद्ध नियमसम्मत उचित कार्रवाई की जाएगी।

### भ्रमण कार्यक्रम के दिन विद्यालय जरूरत के अनुसार खुले रहेंगे

टीम के निरीक्षण को ध्यान में रखते हुए डीइओ यह सुनिश्चित करेंगे कि जिन विद्यालयों का भ्रमण किया जाना है, वह आवश्यकतानुसार समय से पूर्व या देर तक खुले रहेंगे। बच्चों को निर्धारित अवधि के बाद छुट्टी दे दी जाएगी। मगर अन्य शिक्षक और अन्य स्टाफ स्कूल में ही रहेंगे।

### दुमका का प्रदर्शन शानदार, लातेहार फिसड्डी

स्कूल रुआर कार्यक्रम 2025 के तहत चलाये गए अभियान में 60, 909 आउट ऑफ स्कूल/ड्राप आउट बच्चों को विद्यालय से पुनः जोड़ने में सफलता मिली है। लक्षित 59,094 बच्चों से अधिक बच्चों को विद्यालय से जोड़ने में कामयाबी मिली है। बच्चों का डाटा उपलब्ध कराने के मामले में लातेहार फिसड्डी साबित हुआ है। लातेहार के 1057 विद्यालयों में से मात्र 184 विद्यालयों ने ही स्कूल रुआर अभियान से संबंधित पोर्टल में डाटा उपलब्ध कराया है। लातेहार के मात्र 17% विद्यालयों ने ही स्कूल रुआर का डाटा उपलब्ध कराया है। दुमका के विद्यालयों ने स्कूल रुआर कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन किया है। यहां 86% विद्यालयों ने रुआर का डाटा उपलब्ध करा दिया है। दुमका के 2301 विद्यालयों में से 1970 विद्यालयों ने स्कूल रुआर का डाटा उपलब्ध करा दिया है। प्रदेश की राजधानी रांची भी स्कूल रुआर डाटा उपलब्ध कराने में पीछे रह गयी है। रांची के 2100 विद्यालयों में से मात्र 523 विद्यालयों ने ही रुआर का डाटा राज्य को उपलब्ध कराया है। यह कुल लक्ष्य का मात्र 25% है। सभी विद्यालयों को शत प्रतिशत डाटा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

सुप्रभात

मंगलवार 13.05.2025

धनबाद, वर्ष 02, अंक 58

epaper.khabarmantra.net

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

धनबाद और रांची से एक साथ प्रकाशित    सबकी बात सबके साथ




## हाड़ी जाति समाज सुधार समिति ने उत्साह उमंग के साथ मनाया बुद्ध पूर्णिमा

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** हाड़ी जाति समाज सुधार समिति एक सामाजिक संस्था ने बुद्ध पूर्णिमा उमंग, उत्साह से मनाया।गोल्फ ग्राउंड के समीप संस्था के पदाधिकारियों ने भगवान बुद्ध की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया।हर साल वैशाख पूर्णिमा के दिन बुद्ध जयंती मनाई जाती है। इसी दिन भगवान बुद्ध का जन्म हुआ था। बुद्ध पूर्णिमा यह बौद्ध धर्म का महत्वपूर्ण त्योहार है, इसे बुद्ध जयंती के नाम से भी जाना जाता है। धार्मिक ग्रंथों के अनुसार इस शुभ दिन पर ही गौतम बुद्ध का जन्म और उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई थी। उनके जीवन में तीन अधिक महत्वपूर्ण घटनाएं रही है, पहला उनका जन्म, दूसरा ज्ञान और तीसरा मोक्ष, यह सभी एक ही तिथि पर आते हैं। इस पावन दिन विधि-



विधान से भगवान बुद्ध की पूजा-अर्चना करने से मोक्ष की प्राप्ति होती है।बुद्ध के अनुयायी बुद्ध पूर्णिमा को बुद्ध के जन्म के रूप मनाते हैं. माना जाता है कि इसी दिन बुद्ध को ज्ञान की प्राप्ति हुई थी. बौद्ध लेखों के अनुसार, गौतम बुद्ध ने बिहार के बोधगया में एक बोधि वृक्ष के नीचे ध्यान लगाया था और वहीं ज्ञान की प्राप्ति की थी। मौके पर कार्तिक हाड़ी, महासचिव बुचू हाड़ी, सूचना मंत्री रंजीत हाड़ी, अजीत राम, के अंसारी, युवा समिति के जिला रक्षा मंत्री बीरेंद्र हाड़ी, संगठन सचिव भरत हाड़ी, दिलीप हाड़ी थे।

## गिरिडीह में बुद्ध पूर्णिमा धूमधाम से मनी

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर गिरिडीह के सिहोडीह स्थित महामाया प्यारी देवी बुद्ध विहार एवं बुद्ध ज्ञान विद्यालय में श्रद्धा और उत्साह के साथ भगवान बुद्ध का जन्मोत्सव मनाया गया।सुबह 6 बजे धमम यात्रा निकाली गई, फिर 11 बजे मानव कल्याण के लिए वंदना और प्रसाद वितरण हुआ। शाम को बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस मौके पर बोधगया से पधारे भनते अशवजीत



ने भगवान बुद्ध के जीवन और उनके आहार-विहार पर विचार साझा किए। कार्यक्रम की सफलता में विद्यालय, संस्था और भक्तजनों का विशेष योगदान रहा।

## जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अंतर्राष्ट्रीय नर्स डे का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** बलियापुर रोड, कोला कुसमा, मांझीलाडीह स्थित जेपी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर परिसर स्थित जेपी कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय नर्स सप्ताह के अंतिम दिन सोमवार को आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के जन्म दिवस केक काटकर मनाया गया। हॉस्पिटल के अध्यक्ष प्रदीप मंडल, प्रबंध निदेशक नित्यानंद मंडल, डायरेक्टर किमी नित्यानंद मंडल, समाजसेवी बेंगू ठाकुर,डॉ.जी.आर. महापात्रा और डॉ.एम भट्टाचार्जी ने हॉस्पिटल और देश के सभी नर्सों को उनके मरीजों के प्रति



कोरोना काल में महत्वपूर्ण योगदान के लिए,दिनरात रोगियों के देखभाल में उल्लेखनीय, महत्वपूर्ण व ममतामयी भूमिका निभाने,समय पर दवाइयां और भावनात्मक समर्थन देने के लिए बधाई व शुभकामनाएं देकर अभिनंदन किया।

स्पीड न्यूज

### हर्ल के संवेदक से मांगी गई दस लाख की रंगदारी

**सिंदरी।** हर्ल के कारखाना परिसर के चारों ओर चाहरदिवारी निर्माण के कार्य कर रहे संवेदक अंकुश ग्रोवर से काम करने के एवज में दस लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। रंगदारी नहीं देने पर कंपनी के प्रोपराइटर एम एम ग्रोवर को जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस जांच कर कार्रवाई करेगी।

### दो अलग-अलग घटनाओं में दो की मौत

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में दो अलग-अलग दुखद घटनाओं में दो लोगों की जान चली गई। पहली घटना तिसरी प्रखंड पेसरा टांड़ जंगल की है, जहां महेंद्र सिंह के पुत्र अरुण सिंह का शव सखुआ पेड़ से रस्सी के सहारे झूलता मिला। परिजनों ने पुलिस के आने से पहले ही शव को पेड़ से उतार लिया, जिसके बाद तिसरी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। दूसरी घटना पचंबा थाना क्षेत्र के राजपुरा में हुई, जहां भंडारी गांव निवासी प्रकाश तुरी गिरिडीह दवा लेने जाते वक्त सड़क हादसे में घायल हो गए। इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### नैनो उर्वरकों से बढ़ेगी उपज एवं घटेगी किसानों की लागत

गिरिडीह। इफको के क्षेत्र अधिकारी देव कुमार ने पीरटांड प्रखण्ड के बिशनपुर में आयोजित किसान सभा में किसानों को इफको नैनो यूरिया एवं नैनो डीएपी के बारे में जानकारी देते हुए किसानों को बताया कि दानेदार उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से हमारी मिट्टी, पानी, हवा के साथ साथ मनुष्य का स्वास्थ्य भी खराब हो रहा है और इन सबसे छुटकारा पाने के लिए किसान भाइयों को दानेदार उर्वरकों के उपयोग को आधा करते हुए नैनो उर्वरकों का उपयोग अपने सभी फसलों मे करना चाहिए।

# नवजात की मौत पर हंगामा

## ग्रामीणों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के समक्ष किया गया हंगामा

खबर मन्त्र संवाददाता

**गोविंदपुर।** प्रसव के दौरान नवजात शिशु की मौत के बाद सोमवार सुबह बरियो गांव के कई लोगों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर में हंगामा किया। लोगों का आरोप था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर में लापरवाही के कारण निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शिशु की मौत हो गई। इस संबंध में गोविंदपुर प्रखंड के टुंडी रोड, बेरियो निवासी रहमतुल्ला अंसारी ने प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विशेश्वर कुमार को आवेदन दिया है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि वह अपनी पुत्री नाजिया परवीन ( 21 वर्ष) का प्रसव कराने गोविंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए थे । उन्होंने आरोप लगाया कि दवा का ओवरडोज दिए जाने के कारण शिशु प्रभावित हुआ और मेडिकल कॉलेज अस्पताल में प्रसव के साथ ही मौत हो गई । उन्होंने संबंधित डॉक्टर और एएनएम पर कार्रवाई की मांग की । इस संबंध में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विशेश्वर कुमार ने कहा कि इलाज



में कोई लापरवाही नहीं बरती गई है और न ही प्रसूता को यहां से रेफर ही किया जा रहा था पर परिजनों ने जबरन रेफर कराया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर में प्रतिमाह करीब 200 डिलीवरी निःशुल्क होती है और लापरवाही नहीं बरती जाती है। उन्होंने कहा कि यदि शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज अस्पताल के चिकित्सक यह लिखित देते हैं कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोविंदपुर में लापरवाही बरती गई है तो उन्हें जो सजा दी जाएगी, वह सहर्ष स्वीकार करेंगे तथा संबंधित चिकित्सक और नर्स एएनएम भी सजा स्वीकार करेगी। उन्होंने कहा कि नर्सिंग होम में मौत पर मुआवजा दे दिया जाता है परंतु सरकारी अस्पताल में मौत पर मुआवजा कहां से दिया जाएगा।

### री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी के विरोध में अभिभावकों का धरना जारी



**मैथन।** डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा री एडमिशन एवं फीस बढ़ोतरी के विरोध में अभिभावकों का अनिश्चितकालीन धरना सोमवार को 35वें दिन भी जारी रहा। अभिभावक रोबिन धीवर ने बताया कि स्कूल प्रबंधन द्वारा ट्यूशन फीस में बढ़ोतरी का पैसा अभिभावक नहीं देंगे। साथ ही एनुअल चार्ज के अलावे अन्य तरह के कई चार्जेज के रूप में ली जा रही फीस भी हम लोग नहीं देंगे। हम लोग पिछले साल का ट्यूशन फीस देने को तैयार हैं। स्कूल प्रबंधन द्वारा शुल्क निर्धारण समिति का बैठक नहीं किया गया है। इसके बावजूद मनमाने तरीके से 22 से 23 प्रतिशत ट्यूशन फीस में बढ़ोतरी कर दी गई है। यह झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण के नियमों का घोर उल्लंघन है। अगर इसके बावजूद भी स्कूल प्रबंधन ट्यूशन फीस एवं एनुअल चार्ज में कमी नहीं करती है तो हम लोग न्यायालय में जनहित याचिका दायर करने को बाध्य होंगे।

# गौवंश का अवैध कत्लखाना

## हाईवे किनारे चल रहा था बगोदर पुलिस की छापेमारी में हुआ खुलासा



खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में तिरला मोड़ के पास एक पुराने मकान में चल रहे अवैध गौ-वंशीय पशुओं के कत्लखाने का पदार्फाश हुआ है। यह कत्लखाना नेशनल हाईवे के किनारे गुप्त रूप से संचालित किया जा रहा था। बगोदर पुलिस ने शनिवार रात को गुप्त सूचना के आधार पर इस ठिकाने पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस को मौके से मवेशियों का चमड़ा, हड्डियां, एक 407 वैन, एक ऑटो और एक मोपेड बरामद हुई। साथ ही पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया है। इस मामले में बगोदर थाना में विभिन्न धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों में मोईन उदीन कुरैशी और इमरान कुरैशी नामक दो सगे भाई शामिल हैं, जो हुसैन नगर, बगोदर के निवासी हैं। वहीं अन्य दो आरोपी बंगाल निवासी दीपंकर सदर (मिनी ट्रक चालक) और देवाअनीष नोसको (खलासी) हैं। पुलिस ने मौके से मिनी ट्रक (डब्लू बी19क्यू-6907), ऑटो (जेएच11यू-2778) और मोपेड (जेएच11एआर-7618) को जब्त किया है। पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि कत्लखाने में मांस, हड्डियों और चमड़ों को तैयार कर बड़े वाहनों के जरिए पश्चिम बंगाल भेजा जाता था।

पुलिस ने जब्त किए गए मवेशियों के अवशेषों को नियमानुसार गाड़ दिया है और कुछ सैंपल को जांच के लिए भेजा गया है। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि इस कत्लखाने का संचालन नुरूल होदा, बारिक अंसारी और हेसला टांड़ निवासी एहसान अंसारी जैसे स्थानीय लोगों द्वारा किया जा रहा था। वहीं, हेसला के आजाद अंसारी उक्त मकान का किराया लेते थे और कत्लखाने के संचालन में परोक्ष रूप से शामिल थे। थाना प्रभारी विनय कुमार यादव ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों के अलावा इस मामले में कई अज्ञात लोगों के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है। मामले में जब्त किए गए वाहनों के मालिकों की भी पहचान कर कार्रवाई की जा रही है। इस पूरे मामले का खुलासा बजरंग दल के कार्यकताओं की सतर्कता से हुआ। उन्हें इस अवैध कत्लखाने की जानकारी मिली, जिसके बाद उन्होंने मौके पर जाकर स्थिति की पुष्टि की और तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही बगोदर पुलिस मौके पर पहुंची और छापेमारी कर पूरे गिरोह को बेनकाब किया।

### हाईवा मालिकों ने निकाला मशाल जुलूस

**मैथन।** नियमित हाईवा परिचालन एवं समय पर भाड़े की भुगतान एवं अन्य मांगों को लेकर हाईवा मालिकों ने सोमवार को निरसा हाईवा परिवहन स्वावलंबी सहकारी समिति के बैनर तले एमपीएल गेट के समीप मसाल जुलूस निकाला। उक्त अवसर पर समिति के अध्यक्ष उज्जवल तिवारी ने कहा कि एमपीएल प्रबंधन अपने इकरारनामा से पीछे भाग रहा है। हाईवा मालिकों के साथ एमपीएल प्रबंधन का इकरारनामा हुआ था कि 75% कोयले की ढुलाई में निरसा के हाईवा से करवाया जाएगा। परंतु वर्तमान समय में 2 से 3 दिन में निरसा के हाईवा कॉल लोडिंग मिल रहा है। बार-बार पत्राचार करने के बावजूद न तो एमपीएल प्रबंधन इस दिशा में सार्थक प्रयास कर रहा है और ना ही ट्रांसपोर्टिंग कंपनियां। मजबूरन हम लोगों को आंदोलन का रास्ता अख्तियार करना पड़ रहा है।

### विद्यालय भवन का छज्जा गिरा

**कतरास।** पचगढ़ी बाजार स्थित कन्या मध्य विद्यालय के जर्जर भवन को तोड़ने का कार्य सोमवार को चल रहा था। इस दौरान अचानक भवन का झज्जा विपरीत दिशा में गिर गया। वहां से गुजर रहे राहगीर बाल-बाल बच गए। सड़क किनारे की बिजली की तार क्षतिग्रस्त हो गईं। इसके चलते कई घरों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई।


एक नजर में

## कपुरिया ओपी के ओलीडीह जंगल में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** कपुरिया ओपी अंतर्गत ओलीडीह बस्ती के समीप जंगल में रस्सी के सहारे पेड़ से लटकता हुआ एक युवक का शव पाया गया। युवक लाल काला टी शर्ट एवं काले रंग का जिंस पहना हुआ है। शव देखने से प्रतीत होता है कि शव कई दिन पहले का है। जब शव से दुर्गंध फैलने लगी तो ग्रामीणों ने जाकर देखा, तो पता चला कि किसी व्यक्ति का शव पेड़ पर रस्सी के सहारे लटका हुआ है। ग्रामीणों की सूचना पर कपुरिया ओपी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। शव को नीचे उतार कर ओपी ले गयी। पंचनामा करने के पश्चात पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। ओपी प्रभारी प्रमोद लकड़ा ने बताया कि शव की पहचान नहीं हो पायी हैं। अगर कोई परिजन आता है तो जानकारी मिल जायेगी। पोस्टमार्टम के बाद ही कुछ पता चल सकता है कि मामला हत्या का है या आत्म हत्या का। शव की पहचान नही हो पाई है।

**घटना स्थल के समीप जलती है महुआ शराब की भट्ठी :** स्थानीय



ग्रामीणों के अनुसार जिस स्थान पर शव पाया गया है उससे 50 मीटर की दूरी पर ओलीडीह बस्ती के एक व्यक्ति का महुआ शराब का भट्ठी चलता है।

चर्चा है कि उसी में वह युवक काम करता था। भटठी मालिक के डर से कोई मुंह खोलने को तैयार नहीं है। उस स्थान के आसपास और भी छोटे छोटे अवैध शराब की भटठी चलाया जा रहा है। यहीं से महुदा एवं कपुरिया क्षेत्र के गांव के छोटे दुकानदारो को अवैध शराब भेजा जाता है।

## गोड्डा में सड़ रहा सरकारी अनाज

खबर मन्त्र संवाददाता

**गिरिडीह।** भारतीय खाद्य निगम सलाहकार समिति झारखंड के पूर्व सदस्य राजकुमार राज ने झारखंड में भारतीय खाद्य निगम के अनाजों के रखरखाव एवं ट्रांसपोर्टिंग से लेकर हैंडलिंग तक के संवेदकों की कार्यशाली पर सवाल उठाया है और कहा कि यह जानकारी प्राप्त हुई है कि तीन-तीन एरिया मैनेजर के ब्लैकलिस्टेड करने की रिपोर्ट के बावजूद भी एक संवेदक को ब्लैक लिस्ट नहीं किया जा रहा है आज की घटना है की पोडिया हॉट गोड्डा में हजारों टन अनाथ गोदाम के बाहर पानी और धूप में खराब हो रहा है स्थानीय मजदूरों ने खबर किया है कि नहीं इसका रखरखाव हो रहा है नहीं इसको रिसेट किया जा रहा है ऐसी स्थिति में भारतीय खाद्य निगम जो भारत सरकार के द्वारा अनाज का संरक्षण करती है उसे पर सवाल उठता है एक खास संवेदक को प्रसन्न करने के लिए विभागीय लापरवाही बरती जा रही है श्रीराज ने कहा शीघ्र ही इस संबंध में माननीय मंत्री उपभोक्ता मामले एवं खाद आपूर्ति को मिलकर अपनी बात रखेंगे और झारखंड में भारतीय खाद्य निगम के पूरे खेल को बताएंगे।

### शिव मंदिर सार्वजनिक न्यास की नई समिति का हुआ गठन

**गिरिडीह।** झारखंड राज्य हिन्दू धर्मिक न्यास पर्षद द्वारा गिरिडीह के शिव मुहल्ला स्तिथ शिव मंदिर सार्वजनिक न्यास की ग्यारह सदस्यीय समिति का गठन किया गया। जिसमें विकास कुमार गुप्ता को अध्यक्ष, आलोक केशरी व अमित तर्वे को उपाध्यक्ष, आयुष सिन्हा को सचिव, विशाल गुप्ता व विशाल कुमार को उपसचिव, गौतम कुमार को कोषाध्यक्ष और विवश जालान, पंकज तर्वे, राहुल कुमार व हिमांशु को सदस्य नियुक्त किया गया है।

## प्रबन्धकीय टीम ने मधुबन कोलियरी में अवैध खनन स्थल से कोयला जप्त किया

**बड़े दायरा में मशीन से अवैध खनन किये जाने के मिले प्रमाण**

**आउट सोर्सिंग तर्ज पर किये गए खुदाई की क्या हो पायेगी भराई**

खबर मन्त्र असर

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** इसे कोल माफियाओं की निरोधी तंत्र पर मजबूत पकड़ ही कहिए, कि आउट तर्ज पर खुले आम खनन करा रहे हैं। डिपो में जमा करा रहे हैं और वहां से ट्रकों में लोड करवाकर लिफ्टर ले जा रहे हैं। मामला संज्ञान में आने के



बाद प्रबन्धन कोयले को हाइवा में लोड कर अपने साइडिंग में ले जाती है। वह भी अलग-अलग जगहों में पड़े पूरे कोयले का उठाव नही हो पाता है। इतना ही नहीं कोलमाफिया के खिलाफ कानूनी कानूनी कारवाई सुनिश्चित नही होती है। इसका ताजा उदाहरण सोमवार को खरखरी ओपी अंतर्गत मधुबन कोलियरी क्षेत्र में देखने को मिला। मधुबन कोलियरी इलाके में कोकिंग कोल का अवैध खनन और परिवहन के संबंध में प्रमुखता से खबर मंत्र में समाचार प्रकाशित होने के बाद बरोरा क्षेत्र की प्रबन्धकीय टीम सीआईएसएफ और खरखरी ओपी पुलिस के साथ कोलियरी के क्वाटर के समीप फुटबॉल मैदान के पास पहुंची। जहां बड़े दायरे में खुला खदान देखा गया। वहां करीब एक सौ टन कोयला पड़ा हुआ मिला। छापामारी की सूचना लिक हो जाने के चलते धंधेबाज और उनके जा चुके थे। मशीन भी हटाया जा चुका था। प्रबन्धकीय टीम हाइवा और



जेसीबी के साथ पहुंची थी। जिसके जरिये वहां पड़े कोयले को उठाकर ले गयी। रेस्क्यू स्टेशन के पीछे अवैध डिपो में दिखा भारी मात्रा में कोयले का भंडारण यहां रेस्क्यू स्टेशन के पीछे अवैध डिपो में करीब दो सौ टन कोयला पड़ा हुआ देखा गया। डिपो इर्द गिर्द मसल मैन खड़े थे। यहां प्रबन्धकीय टीम नहीं पहुंच पाई। इसी डिपो से ट्रकों में लोड कर कोयला बाहर भेजा जाता है। पांडुआभिठा प्राथमिक स्कूल के पीछे झाड़ी में दिखा पीसी मशीन इधर कोलियरी आफिस से पहले क्वाटर के समीप फुटबॉल मैदान के पीछे प्रबन्धकीय टीम कोयले का उठाव कराने में लगी थी। उधर पांडुआ भिठा प्राथमिक स्कूल के पीछे कुछ दूरी खनन स्थल के चारों और मिट्टी का ढेर खड़ा करने में धंधेबाज लगे थे। स्थानीय लोगों ने बताया खदान में ही कोयला छिपा दिया है। पीसी मशीन को सोलह नम्बर पुराना क्वाटर के समीप झाड़ी में देखा गया। सीआईएसएफ के डर से मशीन को हटा लिया।

## मृतका के शव के साथ थाना के समक्ष प्रदर्शन

### पुलिस पर दूसरे पक्ष के खिलाफ कार्यवाई नहीं करने का लगाया अरोप

**पैसे की चोरी और छेड़खानी को लेकर दो पक्षों में हुई थी मारपीट**

**घटना के कारण 70 वर्षीय महिला की हो गई थी मौत**

खबर मन्त्र संवाददाता

**धनबाद।** मनइटांड कुम्हारपट्टी में हुई हिंसक झड़प के बाद सोमवार को आक्रोशित लोगों ने धनसार थाना के समक्ष शव रख प्रदर्शन किया। मृतका के परिजनों कहना था कि पुलिस समय रहते कार्रवाई करती तो आज हमलोगों को शव लेकर यहां नहीं आना पड़ता। लोग एक घंट तक थाना के बाहर जमे रहे। थाना प्रभारी मनोज पाण्डे के आश्वासन के बाद धरना समाप्त हुआ। ज्ञात हो कि रविवार को पैसे की चोरी और छेड़खानी को लेकर




दो पक्षों के बीच शुरू हुआ विवाद हिंसक रूप ले लिया था। इस घटना में 70 वर्षीय चिंता देवी को गंभीर चोटें आईं। निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के पुत्र संतोष साव के अनुसार, पड़ोसी अमित गोस्वामी, मुन्ना गोस्वामी और चंदन गोस्वामी ने उनकी मां पर हमला किया। विवाद की जड़ में उनके घर से पैसों की चोरी और बहन के साथ छेड़छाड़ का मामला था। विरोध करने पर दूसरे पक्ष ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। वहीं धनसार थाना प्रभारी मनोज पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। मृतका का शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाई की जायेगी।

स्पीड न्यूज

## समाज सेवी महेंद्र भगानिया की हृदय गति रुकने से मौत

**झरिया।** सब्जी पट्टी रोड निवासी सामाजिक कार्यकर्ता महेंद्र भगानिया का रविवार की शाम निधन हो गया। उन्होंने अपने निवास पर ही अंतिम सांस ली। हृदय गति रुकने के कारण उनका असामयिक देहांत हुआ। जिससे उनके परिवार, मित्रों और शुभचिंतकों को गहरा आघात लगा है। महेंद्र भगानिया अपने मिलनसार स्वभाव और सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते थे। वे हमेशा जरूरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहते थे और सामाजिक उत्थान के लिए कई पहल में सक्रिय रूप से भाग लेते थे। सोशल मीडिया के माध्यम से वे समाज की विभिन्न समस्याओं को उठाते थे और जागरूकता फैलाने का काम करते थे। देर शाम बस्ताकोला गौशाला में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

## दिव्यांग पिता को खोजने के लिए नाबालिग पुत्र लगा रहा गुहार



**सिंदरी।** सिंदरी थाना क्षेत्र के डोमगढ़ हटिया के समीप प्राइवेट घर निवासी रविन्द्र शर्मा (44) बीते 9 अप्रैल से गुमशुदा हैं। वह दिव्यांग हैं और उनको खोजने के लिए उनके नाबालिग पुत्रों और पुत्रियों ने प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। रविन्द्र शर्मा की पत्नी कौशल्या देवी ने बताया कि रविन्द्र के कहीं चले जाने से पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान है। मंदबुद्धि व दिव्यांग रविन्द्र की तलाश कर चुके परिवार ने बताया कि रविन्द्र के दोनों पैरों में पैरालिसिस है और चलने के लिए बेल्ट व वॉकर का सहारा लेते हैं। रविन्द्र के बच्चे बीआईटी सिंदरी के छात्रों द्वारा संचालित गैर सरकारी शैक्षणिक संस्था प्रयास इंडिया में पढ़ाई करते हैं। प्रयास इंडिया के शिक्षकों ने भी रविन्द्र के खोज के लिए गुहार लगाई है।

## पुटकी बाजार में पनशाला का उद्घाटन

**पुटकी।** सोमवार को पुटकी बाजार में मारवाड़ी महिला समिति की प्रदेश महिला सशक्तिकरण प्रमुख विनीता खंडवाल के सहयोग से पनशाला का उद्घाटन किया गया। राहगिरों को शरबत, ट्रॉफी कैंडी दिया गया। मंजू बगड़िया ने बताया कि यह पानशाला लगभग तीन महीना चलेगी जिसमे निरंतर राहगीरो को मुफ्त पानी पिलाया जाएगा। मौके पर मंजू बगड़िया, मीना गोयल, अनिता स्तनालिका, सुमित्रा धारी, पुष्पा खंडेलवाल, अनीता खंडेलवाल, अनीता हेलीवाल, किरण वर्मा, पुटकी चैम्बर अध्यक्ष मुर्तजा अंसारी, महासचिव हीरा शर्मा, राजू अंसारी, पवन खंडेलवाल आदि उपस्थित थे।

## तकनीकी युग में नवाचार और समस्या समाधान का महत्व बढ़ा : डॉ पंकज राय

**सिंदरी।** बीआईटी सिंदरी में आयोजित हैकाथॉन 2025 में प्रतिभागियों ने रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन करते हुए तकनीकी चुनौतियों का समाधान खोजने का प्रयास किया। हैक द फ्यूचर थीम के अंतर्गत कोडिंग मैराथन में प्रतिभागियों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ब्लाक चेन और वेब एवं एंड्रायड डेवलपमेंट के केंद्रीय परियोजना पर काम किया। कार्यक्रम के संरक्षक सह संस्थान निदेशक डॉ पंकज राय ने कहा कि तकनीकी युग में नवाचार और समस्या समाधान का महत्व बढ गया है। उन्होंने हैक द फ्यूचर के थीम के अंतर्गत नये समाधान खोजने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व आई टी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ एस सी दत्ता ने किया। बिट्सा इंटरनेशनल, सीसीएल, माया दाता प्राइवेसी, देव टाउन, अमूल, टेक्निक्स इंडिया, देव फोलियो ई टी हिंडिया, ग्रीकरुम ने आयोजन में सहयोग दिया।

# बैंक मोड़ ओवरब्रिज के वैकल्पिक रूट से हटाया गया अतिक्रमण

### आरपीएफ, बैंक मोड़ पुलिस और नगर निगम ने की संयुक्त कार्रवाई, वैकल्पिक रूट से होगी वाहनों की आवाजाही

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** बैंक मोड़ ओवरब्रिज की मरम्मती को लेकर प्रशासनिक तैयारी सोमवार को पूरी कर ली गई। ओवरब्रिज बंद रहने की स्थिति में वैकल्पिक मार्गों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ना तय है। ऐसे में वैकल्पिक मार्गों को सुगम और अतिक्रमण मुक्त बनाए रखने के लिए नगर निगम, आरपीएफ और बैंक मोड़ थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने व्यापक स्तर पर अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया। अभियान हीरापुर से शुरू होकर बरमसिया होते हुए रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर के एप्रोच रोड तक चलाया गया। इस दौरान सड़कों पर वर्षों से लगे ठेले, खोमचे, फल-सब्जी और कपड़े की अस्थायी दुकानें हटाई गईं। अतिक्रमण हटाने के लिए जेसीबी मशीन की भी मदद ली गई। स्थानीय दुकानदारों को स्पष्ट चेतावनी दी गई कि दोबारा सड़क पर अतिक्रमण करते पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रेलवे एप्रोच रोड के दक्षिणी हिस्से में अवैध रूप से फैली सब्जी मंडी को भी हटाया गया। यह इलाका ओवरब्रिज के बंद होने पर वैकल्पिक मार्ग के तौर पर इस्तेमाल किया जाना है, लेकिन संकरी गलियों और दुकानों के कारण यहां से वाहन निकलना मुश्किल हो रहा था। अभियान के तहत इस मार्ग को खाली कराकर उसे ट्रैफिक के लिए अनुकूल बनाने का प्रयास किया गया। वहीं शाम हो ट्रैफिक पुलिस की ओर से रणधीर वर्मा चैक, बरमसिया, रेलवे दक्षिणी छोर में वाहन चालकों की सुविधा के लिए साइन बोर्ड लगाया गया। नगर निगम के सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार ने बताया कि वैकल्पिक मार्गों पर अतिक्रमण हटाना जरूरी है, खासकर उन क्षेत्रों में जहाँ सड़कें संकरी हैं। उन्होंने कहा ओवरब्रिज के मरम्मत कार्य के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। इसलिए अतिक्रमण हटाने के बाद नियमित निगरानी भी की जा रही है, ताकि दोबारा अतिक्रमण न हो। साथ ही, स्थानीय लोगों से भी अपील की गई है कि वे सड़क किनारे दुकानों का संचालन न करें। पुलिस और नगर निगम की टीमें लगातार क्षेत्र में गश्त करेंगी, ताकि कानून व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो।

## नर्स दिवस पर नर्सों को किया गया सम्मानित

**मैथन।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे के अवसर पर ब्रह्माकुमारी के निरसा शाखा ज्ञान- विज्ञान भवन में निकटवर्ती होप क्लिनिक एंड मैटरनिटी सेंटर की सभी नर्स बहनों का तिलक तथा ईश्वरीय सौगात देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्हें अपने को भीतर से मजबूत बनाकर आने वाले समय का सामना करने के लिए विशेष मेडिटेशन द्वारा सशक्त बनने की बात बताई गई। उक्त अवसर पर स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अवंतिका ने कहा कि नर्सें कड़ी मेहनत, समर्पण और करुणा से मरीजों की देखभाल करती हैं। साथ ही स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## बुद्ध पूर्णिमा पर शिक्षिकाओं को विदाई

**बिरनी।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर इम्पीरियल पब्लिक स्कूल, बरमसिया मोड़ में शिक्षिका अस्मिता किस्कू एवं शिला मरांडी को विदाई दी गई। दोनों शिक्षिकाओं का हाल ही में चौकीदार संवर्ग में चयन हुआ है। संस्थापक नागेश्वर प्रसाद वर्मा, चंद्रशेखर प्रसाद वर्मा व प्रधानाध्यापक रोहित कुमार ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन सिकंदर जी ने किया।

### सिंगड़ा बस्ती के शिव मंदिर प्रांगण में

## 110 भक्तों ने बदन में किल चुभो कर परिक्रमा किया



खबर मन्त्र संवाददाता

**महुदा।** सिंगड़ा बस्ती स्थित शिव मंदिर के प्रांगण में सोमवार को चड़क पूजा धूमधाम से मनाया गया शिव मंदिर में दर्जनों श्रद्धालु, भक्तगण पूजा किया। अपने पीठ, बाँह, पैर और जीभ में लोहे का किल चुभाकर तीस फीट ऊंची खम्भे में झुलते है। विधायक शत्रुघ्न महतो भी कार्यकर्ताओं के साथ शामिल हुए। महादेव के चरणों में नमन कर सभी भक्तों की सुख समृद्धि शांति की कामना किया। 110 भक्तों ने अपने शरीर में किल चुभाकर खंभे के सहारे परिक्रमा किया। मौके पर भोक्ता मेला चड़क पूजा समिति के अध्यक्ष उमेश दास, सचिव अरुण कुमार साव, कोषाध्यक्ष अमित कुमार साव, विधायक प्रतिनिधि किशुन महतो, भक्तु राय, चितरंजन चौधरी, नरेश राय, राजु कर्मकार, अवध किशोर दास, मनोहर कुम्भकार, भोलानाथ कुम्भकार, धनश्याम महतो, प्रफुल्ल कुम्भकार, शंकर तेली, मनोहर महतो सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## बाघमारा में स्नेह-मिलन समारोह का आयोजन



**कतरास।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बाघमारा में आचार्य कृष्ण कुमार पाण्डेय और दिलीप कुमार सिंह की सेवानिवृत्ति पर स्नेह-मिलन समारोह का आयोजन किया गया। प्राचार्य संतोष कुमार झा ने मंचासीन अतिथियों का परिचय कराया। प्राचार्य ने कहा विद्यालय के विकास में आप दोनों का सहयोग सराहनीय रहा हैं। मनुष्य कभी सेवानिवृत्त नहीं होता, बल्कि आपका दायित्व देश, समाज और परिवार के प्रति और भी बढ़ गया। ईश्वर आपको स्वस्थ एवं दीघार्यु रखें। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार पाण्डेय ने सेवानिवृत्त आचार्यों के यशस्वी जीवन की कामना करते हुए कहा कि आप दोनों ने अपना कार्य कुशलता पूर्वक किया। आप जहाँ भी रहें स्वस्थ व सुखी रहें। आचार्य सुभाष कुमार चौधरी ने आचार्य कृष्ण कुमार पांडेय और दिलीप कुमार सिंह के विद्यालय में बिताए पलों को याद करते हुए कहा आप ने विद्यालय में दिए गए सभी दायित्वों का निर्वहन पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ किया। सेवानिवृत्त आचार्यों ने अपना विचार व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार और भैया-बहनों के साथ बिताए पलों को याद किया। विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र व कई उपहार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनिता दीदी एवं संध्या दीदी ने किया।धन्यवाद ज्ञापन आचार्य राजेश कुमार मिश्रा ने किया।

### आसनसोल रेल मंडल प्रबंधक कुमारधुबी रेलवे स्टेशन पर

## गंदगी का अंबार देख भड़क उठे

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** आसनसोल रेल मंडल प्रबंधक चेतनानंद सिंह सोमवार को कुमारधुबी रेलवे स्टेशन पहुंचे। जहा स्टेशन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टेशन परिसर में कई खामियां पाई गई। गंदगी का अंबार पाए और दीवारों पर जहां तहा पोस्टर स्टीकर देख भड़क उठे। जिसपर श्री सिंह ने अधिकारियों को खरी खोटी सुनाई। अमृत भारत योजना के तहत चल रहे नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण किया और कहा कि तय समय पर भवन का निर्माण नहीं हो पाया जिसके लिए खेद जताया। कहा कि दो तीन माह के भीतर भवन भव्य रूप से तैयार हो जायेगा। साथ ही स्टेशन में जो भी कमी है उसे जल्द पूरा कर लिया जायेगा। कुमारधुबी रेलवे स्टेशन को दुल्हन की तरह सजाया जायेगा। टेशन को स्वच्छ रखे,इस मौके सीनियर डिविजनल कॉर्डिनेशन राजीव रंजन, एईएन मुनेश पाण्डे, एल ओ डबलू सीतारामपुर शिवकुमार, कुमारधुबी स्टेशन प्रबंधक एस के पाठक, बराकर आरपीएफ इंस्पेक्टर हाईवा सिंह सहित दर्जनों रेल अधिकारी उपस्थित थे।

## अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे पर मातृ सदन अस्पताल में किया नर्सों का सम्मान



खबर मन्त्र संवाददाता

**झरिया।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज डे के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा द्वारा मातृ सदन अस्पताल में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित कर नर्सों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच के सदस्यों ने अस्पताल में कार्यरत नर्सों को सम्मान पत्र भेंट कर उनके सेवा भावना को नमन किया। इस कार्यक्रम में मारवाड़ी सम्मेलन झरिया के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल उपस्थित थे। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नर्से केवल मरीजों की देखभाल नहीं करतीं, बल्कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, करुणा और सेवा भावना की मिसाल पेश करती हैं। उनका योगदान समाज के लिए अमूल्य है और उन्हें सम्मानित करना हमारा नैतिक कर्तव्य है। मारवाड़ी युवा मंच, झरिया शाखा के अध्यक्ष डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि नर्स स्वास्थ्य सेवा की रीढ़ होती हैं। कार्यक्रम संयोजक नीतू अग्रवाल ने कहा कि नर्स निस्वार्थ सेवा की जीती-जागती मिसाल हैं।

पूर्व अध्यक्ष विवेक लिल्हा ने कहा कि नर्सों की भूमिका समाज में केवल एक पेशेवर कर्मी की नहीं, बल्कि एक सच्चे मानव सेवक की होती है। मंच के सचिव दीपक अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा नर्सों की सेवा भावना हमें सिखाती है कि करुणा और समर्पण से हर मुश्किल को आसान बनाया जा सकता है। कोषाध्यक्ष किरण शर्मा ने कहा, नर्सों का धैर्य और सहनशीलता अनुकरणीय है।

## तेज रफ्तार कार पलटी, कोई हताहत नहीं

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** शहर के सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत पूजा टॉकीज के पास एक तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर कार पलट गई। घटना के सबंध में बताया जा रहा है कि तेज रफ़्तार कार बैंक मोड़ की ओर से आ रही थी इसी दौरान टर्न लेते समय काफी रफ़्तार में थी जिसके बाद रॉन्ग साइड सड़क किनारे पलटी खा गया। वही घड़ा बेच रहे दुकानदार बाल बाल बच गया। जिसके बाद इसकी सुचना स्थानीय थाना को दी। मौके पर धनबाद थाना पुलिस पहुंची किसी तरह का किसी को कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

## 20 मई को श्रमिक संगठनों का देशव्यापी हड़ताल

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुमारधुबी।** 20 मई को श्रमिक संगठनों द्वारा देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने हेतु 12 मई को निरसा विधान सभा स्तरीय वाम संयुक्त मोर्चा की ओर से मुगमा मोड स्थित माले कार्यालय में बैठक सम्पन्न हुई।

वही आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में मारे गए आम नागरिकों एवं भारत-पाकिस्तान युद्ध में मारे गए लोगो व शहीद हुए सैनिको की याद में दो मिनट मौन रखकर उन्हे श्रध्दांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि 20 मई को श्रमिक संगठनों द्वारा देशव्यापी आम हड़ताल को सफल बनाने के लिए वाम दलों का संयुक्त मोर्चा निरसा द्वारा समर्थन किया गया।

मोदी सरकार कॉर्पोरेट घरानों की सेवा में श्रमिकों के मिले अधिकारों को छिनने के अपने एजेंडे पर आगे बढ रही है। इसके खिलाफ सारे श्रमिकों को एकजुट होकर लडने का अह्वान किया गया। 20 मई को 2025 को आम हड़ताल एतिहासिक हड़ताल बनाने को लेकर प्रचार अभियान के तहत पर्चा वितरण, दीवार लेखन नुक्कड सभा व 19 मई को निरसा, मुगमा, कुमारधुबी व चिरकुण्डा मे मशाल जुलूस और 20 मई को सुबह 10-12 बजे तक दो घंटे का सड़क जाम करने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर निरसा विधायक कॉमरेड अरूप चटर्जी, सीपीएम के वरिष्ठ नेता गणेश धर, सीपीआई नेता रामशोभित प्रसाद माले के वरिष्ठ नेता उपेन्द्र सिंह, आगम राम, नागेन्द्र कुमार, बादल बाउरी, मनोरंजन मलिक, हरेन्द्र सिंह, जगदीश शर्मा, पीएल मुर्मू, रंजन सिंह अभय प्रसाद, बीपीन मंडल, जितेंद्र शर्मा, जोगिन्दर सिंह, कार्तिक घोष, गौरव चक्रबर्ती, राजेन्द्र यादव, नवीन अंबष्ट लोग शामिल थे।

एक नजर में

## झारखंड बालिका कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिंदरी।** महाराष्ट्र के वर्धा में विगत 11 मई से आयोजित 51 वीं जूनियर राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप में झारखंड की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में मेजबान वर्धा की टीम को 23 अंक से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। झारखंड टीम के इस शानदार प्रदर्शन से राज्य में खुशी की लहर दौड गई है। झारखंड राज्य कबड्डी संघ के सचिव संजय कुमार झा, अध्यक्ष तपन कुमार राउत तथा ब्रह्मऋषि कबड्डी सिंदरी के सचिव अंगद सिंह ने टीम को बधाई दी है। उनलोगों ने कहा कि झारखंड की बेटियों ने लगातार कबड्डी में अच्छा प्रदर्शन किया है और उनकी जीत कठिन परिश्रम और समर्पण का परिणाम है। अब सभी लोगों की निगाहें सेमीफाइनल मुकाबले पर लगी हुई है। झारखंड टीम चैंपियनशिप से मात्र दो कदम दूर है।

## राजगंज हटिया के हरि मन्दिर में चार दिवसीय हरि कीर्तन



खबर मन्त्र संवाददाता

**राजगंज।** राजगंज हटिया के हरि मन्दिर परिसर में चार दिवसीय हरि कीर्तन का शुभारंभ रविवार की शाम 8 बजे से शुरू हुई और देर रात तक चली। कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता मोहन कुम्हार ने दीप जलाकर किया। इसके बाद विधिवत पूजा की गयी। वीरभुम पश्चिम बंगाल की प्रसिद्ध विश्वरूपा दास भजन मंडली द्वारा प्रस्तुत भजनों ने श्रोताओं को देर रात तक झुमने को विवस किया। श्रोतागण भजन और भक्ति की बयार में सराबोर रहे। इस दौरान हरे राम हरे कृष्ण के जयकारे से पुरा क्षेत्र गूंजता रहा।

## डीनोबिली स्कूल मैथन में मातृ दिवस मनाया गया



खबर मन्त्र संवाददाता

**मैथन।** डीनोबीली स्कूल मैथन में सोमवार को कनिष्ठ वर्ग कक्षा एलकेजी से एक तक के बच्चों ने मातृ-दिवस मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल की प्राचार्या शुक्ला चौधरी एवं कक्षा की प्रतिनिधि माताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर नन्हे मुन्हे बच्चों के द्वारा कविता पाठ, नृत्य, गीत आदि प्रस्तुत किया गया, जो सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में सभी बच्चों ने अपने अपने माताओं को कार्ड देकर आलिंगन किया, जिसे देखकर सभी का मन मोह लिया। बच्चों और माताओं के लिए संगीत पर नृत्य का भी आयोजन किया गया था। साथ ही एक सेल्फी स्टैंड बनाया गया था, जहाँ बच्चों ने माता संग अलग-अलग पोज में फोटो खिचाकर आनंद लिया। बच्चों के जीवन में माँ का अतुलनीय योगदान रहता है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता है। इस मौके पर स्कूल की प्राचार्या शुक्ला चौधरी ने मातृदिवस की महत्व पर बच्चों को अवगत कराया तथा माताओं के अतुलनीय योगदान की सराहना की। माताओं की ओर से भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए स्कूल और शिक्षकों का आभार जताते हुए धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल की प्राचार्या शुक्ला चौधरी और शिक्षिकाओं ने अहम भूमिका निभाई।

## आमटाल में धूमधाम से हुई मां गंधेश्वरी की पूजा



खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी/बलियापुर। आमटाल पंचायत में विधि विधान के साथ मां गंधेश्वरी का पूजा अर्चना शुरू हुई। पूजा में बनिक समाज के बच्चे, बुजुर्ग, महिला व नवयुवक ग्रामीण शामिल हुए। माँ गंधेश्वरी की पूजा बनिक समाज का सबसे बड़ा त्यौहार माना जाता है। पुरोहित ने विधि विधान के साथ चक्रवर्ती तालाब से वारी (घट) लाकर मंदिर में स्थापित किया। इस दौरान परिवार, गांव और समाज की खुशहाली की कामना की जाती है। यह पूजा तीन दिनों तक चलेगी।

मौके पर मानिक दे, गौतम चंद्र, मंटू दे, सुनील दत्ता, उज्जवल दे, शीतल दत्ता, गोपीनाथ चंद्र, विष्णु दे, रवि दे, हाबू चंद्र, काजल दे, विक्रम चंद्र, सुरजीत चंद्र, तूफान चंद्र, सजल चंद्र, आकाश चंद्रा, विजय दत्ता, वीर दत्ता, सौरव चटर्जी, सत्यजीत चंद्र, हिमानी देवी, सुलेखा देवी, मोना देवी, ज्योति दत्ता, सनातन दत्ता, राहुल दे, अमित चंद्रा, शीतल चंद्रा, द्वारकानाथ चंद्र, इंद्रजीत चंद्र, सोना दे, अपर्णा दे, माधुरी दे, मिलन चक्रवर्ती, संजय पाल, अभिषेक दे, अरूप चंद्र पायल दे, हबलू दास, डब्लू दास, बबलू दे, दुलाल दत्ता, दीनबंधु चंद्र, संकेत सहित बनिक समाज के ग्रामीण उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### विश्व नर्स दिवस पर एमएमसीएच गायनों विभाग में केक काटकर नर्स दिवस मनाया गया



**मेदिनीनगर।** विश्व नर्स दिवस के अवसर पर एमएमसीएच के गायनो विभाग में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर डॉ सागेन ने कहा कि देश आजादी के पूर्व जब युद्ध छिड़ा था उस समय घायलों का ईलाज फ्लोरेंस नाईटिंगल द्वारा लालटेन लेकर मलहम पट्टी किया गया था। जिनके कामों को देखते हुए लोगों में सेवा करने की प्रेरणा जागृत हुई जो आज विश्व में एक विशाल रूप ले रखा है। आज उन्हीं की प्रेरणा से भारत के कोने कोने में कार्यरत नर्स सेवा भाव से निःस्वार्थ सेवा प्रदान कर रही है। आज हमलोगों को प्रेरणा लेने की जरूरत है कि अस्वस्थ्य चल रहे लोगों को कैसे स्वास्थ्य किया जाये इस पर पूरी तन्मयता के साथ कार्य किया जाये। एएनएम चंचला ने कहा कि नर्स स्वास्थ्य विभाग की एक अहम कड़ी है। इसके बिना स्वास्थ्य विभाग अधूरा होता है। कारण कि चिकित्सक के द्वारा जब बिमार लोगों का उपचार किया जाता है उसके बाद वैसे लोग नर्स के शरण में आ जाते हैं जो काफी लंबे समय तक देखरेख व सेवा कार्य में रहते हैं। जिन्हें नर्सों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ अस्वस्थ्य लोगों की सेवा की जाती है। इस मौके पर डॉ लवली, डॉ अनन्या, डॉ शिव, एएनएम नीलम बाखला, प्रतिमा, इंदु, खुशबू, रानी, नेहा, प्रतिभा, आंचल व कई लोग मौजूद थे।

### तेज रफ्तार बोलेरो ने खड़े स्कूटी को मारी टक्कर



**घाघरा।** घाघरा थाना क्षेत्र के नवडीहा गांव में सड़क के किनारे खड़े स्कूटी को तेज रफ्तार बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि इस क्रम में बोलेरो पर सवार किसी को कोई चोट नहीं आई। हालांकि घटना के बाद बोलेरो चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। वहीं पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंची और मामले की छानबीन में जुटी हुई है। घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्कूटी चालक गुमला दुनदुरिया निवासी हेमा पन्ना लोहरदगा से गुमला जा रही थी। इस क्रम में नवडीहा के समीप सड़क किनारे स्कूटी गाड़ी नंबर जेएच 07 के 8910 खड़ा करके पानी पीने के लिए कुआं की ओर गई थी। इस दरमियान तेज रफ्तार से गम्हरिया की ओर से घाघरा की ओर आ रहे बोलेरो वाहन संख्या जेएच 19 ए 9595 के चालक ने खड़े स्कूटी को सीधे टक्कर मार दी। जिससे स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि उक्त बोलेरो में पेशेंट को लेकर हॉस्पिटल दिखाने जा रहे थे। बोलेरो दुर्घटना होने के बाद उक्त पेशेंट को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल भिजवाया गया। हालांकि इस दुर्घटना में किसी को कोई चोट नहीं आई।

### छात्रा के नाम पर धान बिक्री कर हेराफेरी मामले में कार्रवाई की मांग

**गुमला।** स्कूली छात्रा के नाम पर गलत रजिस्ट्रेशन कर धान बिक्री में हेराफेरी करने के मामले में चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने डीसी से कार्रवाई की मांग की है। चेंबर के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने उपायुक्त से अनुरोध किया है कि जो भी दोषी है। उनपर अविलंब कार्रवाई की जाए। ताकि भ्रष्टाचार को समाप्त किया जा सके। इस मामले में विधायक भूषण तिर्की द्वारा जांच की मांग किए जाने पर प्रशंसा जताई है और कहा कि निश्चित हेराफेरी का पदार्फाश होना चाहिए।

### बच्चों की पढ़ाई लिखाई के साथ शैक्षणिक भ्रमण सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी : यादव





**बेरमो/तेनुघाट कोर्ट।** बच्चों के सर्वांगीण विकास में पठन-पाठन, खेल-कूद के साथ-साथ शैक्षणिक भ्रमण का भी अहम योगदान होता है। विद्यालय के खेल-शिक्षक सूरज कुमार यादव ने ग्रीष्मावकाश को ध्यान हुए विद्यालय की प्राचार्या स्तुति सिन्हा से बच्चों को ह्वाइड्ड वाटर पार्कह ले जाने का सुझाव दिया। जिससे प्रेरित होकर प्राचार्या एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं के निर्देशन में शैक्षिक-सत्र 2025-26 के ग्रीष्मावकाश के अवसर पर 250 विद्यार्थियों की टीम शैक्षणिक भ्रमण हेतु ह्वाइड्ड वादी वाटर पार्क एवं एडवेंचर्स स्थल, रॉची के लिए दिनांक 11 मई को विद्यालय परिसर से प्रातः 6 बजे चार बसों द्वारा रवाना हुई जो सायं 07:30 बजे वापस लौटी। गरमी के मौसम को देखते हुए बच्चे भी बड़े हर्षोल्लास के साथ वाटर पार्क आने के लिए उत्सुक थे। प्रातः बच्चों के लिए बस में जलपान की व्यवस्था थी। पार्क में पहुंचकर बच्चे गरमी से निजात पाने हेतु तरह-तरह के संसाधनों से युक्त वाटर पार्क में कई घंटों तक गोते लगाते फिरे। तत्पश्चात दोपहर भोजनोपरांत जलीय जीव एवं पक्षियों का अवलोकन किए तथा एडवेंचर्स क्रियाकलाप में भी भाग लिए। इस बारे में विद्यालय की प्राचार्या स्तुति सिन्हा ने बताया कि ऐसे शैक्षणिक भ्रमण से बच्चों का मनोरंजन तो होता ही है साथ-साथ उनके पर्यावरणीय ज्ञान-विज्ञान में भी वृद्धि होती है। सूचना के क्रम में प्राचार्या ने यह भी बताया कि कक्षा एल.के.जी. से सातवीं तक ग्रीष्मावकाश (12 मई से 14 जून तक) हो चुका है। किन्तु कक्षा आठवीं से बारहवीं की ग्रीष्मकालीन कक्षाएं प्रातः 7:00 बजे से 9:30 बजे तक 13 मई से 20 मई 2025 तक चलती रहेगी। इनका ग्रीष्मकालीन अवकाश 21 मई से 14 जून तक रहेगा। प्राचार्या ने इस कार्यक्रम में शामिल बच्चों के अभिभावकों को अपना अनमोल सहयोग देने के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया।

### जरंगडीह पानी टंकी के पास अवैध कोयले का भंडारण, बिहार की मंडियों में भेजने की तैयारी

**बेरमो/जरंगडीह।** बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के जारंगडीह पानी टंकी के निकट अवैध रूप से कोयले का भंडारण कर उसे बिहार की मंडियों में भेजने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कोयला तस्करों ने पानी टंकी के आसपास के क्षेत्र में बड़ी मात्रा में कोयला जमा किया है, जिसे रात के अंधेरे में ट्रकों के माध्यम से बिहार के विभिन्न बाजारों और ईंट भट्ठों में खपाया जा रहा है।स्थानीय निवासियों ने बताया कि यह अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है, जिससे क्षेत्र में प्रदूषण और असुरक्षा की समस्या बढ़ रही है। एक स्थानीय निवासी ने कहा, पानी टंकी के पास कोयले के ढेर से धूल और गंदगी फैल रही है, जिससे बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। रात में ट्रकों की आवाजाही से शांति भी भंग हो रही है। हाल के महीनों में बोकारो और आसपास के क्षेत्रों में अवैध कोयला तस्करी के कई मामले सामने आए हैं। उदाहरण के लिए, महुआटांड़ थाना क्षेत्र में पुलिस और खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 400-500 टन अवैध कोयला जब्त किया गया था।

# सगमा प्रखंड में जलसंकट गहराया, गर्मी शुरू होते ही सूख गये चापाकल

**सुनील कुमार**



प्रभारी बीडीओ जुल्फिकार अंसारी।



पंचायत मुखिया कलावती देवी।



सुकृति कुमारी।

**सगमा।** उत्तर प्रदेश और झारखंड की सीमा पर स्थित सगमा प्रखंड, जो पहले से ही अत्यंत पिछड़ा इलाका माना जाता है, अब भीषण जलसंकट का सामना कर रहा है। गर्मी की दस्तक के साथ ही क्षेत्र के अधिसंख्य पंचायतों में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। प्रखंड में कुल 5 पंचायत सगमा, कटहर कला, सोनडीहा, बीरबल और घघरी हैं, जिनमें 18 राजस्व गांव और 1 बेचिरागी गांव शामिल हैं। गर्मी बढ़ते ही यहां का जलस्तर काफी नीचे चला गया है, जिससे सैकड़ों चापाकल बेकार हो गए हैं। पीएचईडी और पंचायत फंड से लगाए गए लगभग 250 चापाकल में से 100 से अधिक खराब पड़े हैं। साथ ही नल जल योजना के तहत लगाए गए जलमीनारें में भी अधिकांश बंद पड़े हैं। परिणामस्वरूप, ग्रामीणों को कुएं और चुआंड़ी जैसे पारंपरिक जल स्रोतों पर निर्भर होना पड़ रहा है। कटहर कला पंचायत के चार गांव कटहर कला, शारदा, लोलकी और जौराही में 8 वार्डों की लगभग 200 लोगों की आबादी को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। लोलकी गांव, जो ऊँचाई पर स्थित है, वहां हैंडपंप पूरी तरह से सूख गए हैं। परहिया जाति के लोग पानी के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। जानकारी देते हुए ग्रामीण अनिल सिंह ने कहा गर्मी शुरू होते ही पानी की भारी किल्लत हो जाती है। जलमीनार और चापाकल दोनों ही जवाब दे चुके हैं। ग्रामीण सुमेर सिंह ने बताया कि गांव का चापाकल और जलमीनारों दोनों ही खराब हैं। दूर-दराज से पानी लाना पड़ रहा है। ग्रामीण सुकृति कुमारी ने कहा कि सोलर पैनल की चोरी से जलमीनार बंद पड़ा है, दूसरे गांवों से पानी ढोकर लाना पड़ता है। इस संबंध में पंचायत मुखिया कलावती देवी ने बताया कि खराब चापाकलों और जलमीनारों की मरम्मत करवाई जा रही है। कुछ मरम्मत हो चुके हैं, जल्द ही सभी को पानी की सुविधा मिलेगी। प्रभारी बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने भी पुष्टि की कि जलसंकट की जानकारी मिलने के बाद मरम्मत कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जल्द ही सभी गांवों में शुद्ध पेयजल की आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## ससुराल आये युवक का शव पेड़ से लटका मिला परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कांडी।** हरिहरपुर ओपी क्षेत्र के मझिगावां गांव स्थित नवडीहवा टोला में रविवार देर शाम एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला, जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान पलामू जिले के विश्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बघमनवा गांव निवासी विकास रजवार (20 वर्ष), पिता सुखाड़ी रजवार के रूप में की गई है। मृतक अपने ससुराल नवडीहवा आया हुआ था। रविवार की शाम नवडीहवा छठ घाट के पास एक महुआ के पेड़ पर विकास का शव लटका हुआ पाया गया। सूचना मिलते ही हरिहरपुर ओपी के एसआई बिरेंद्र चौड़े पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। सोमवार को मृतक के पिता सुखाड़ी रजवार ने पुलिस को दिए गए लिखित आवेदन में बेटे की हत्या कर आत्महत्या का रूप देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि विकास शनिवार को अपनी पत्नी को मायके से लाने के लिए निकला था। कुछ समय बाद उन्हें फोन से सूचना मिली कि ससुराल में झगड़ा हो रहा है और फिर यह खबर आई कि विकास ने आत्महत्या कर ली है। सुखाड़ी रजवार ने विकास की पत्नी, ससुर संतचूली रजवार समेत कुल छह ससुराल पक्ष के लोगों पर साजिशन हत्या करने और शव को पेड़ से लटकाकर आत्महत्या का रूप देने का आरोप लगाते हुए न्याय की गुहार लगाई है। हरिहरपुर ओपी प्रभारी सफ्फीउल्लाह अंसारी ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की गहन जांच की जा रही है।

# गढ़वा सदर अस्पताल भगवान भरोसे बिना छुट्टी के गायब रहते हैं कर्मचारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

### एसडीओ ने दी कार्रवाई की चेतावनी



जानकारी लेते एसडीओ संजय कुमार।

**गढ़वा।** जिले का प्रमुख सरकारी चिकित्सा केंद्र गढ़वा सदर अस्पताल इन दिनों प्रशासनिक लापरवाही और स्टॉफ की गैरहाजिरी के चलते पूरी तरह भगवान भरोसे चलता नजर आ रहा है। रविवार को स्थिति और बिगड़ गई जब अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात स्थायी नर्सिंग स्टाफ और आउटसोर्स कर्मी बिना किसी सूचना के गायब पाए गए।

मरीजों की देखभाल की जिम्मेदारी केवल प्रशिक्षु नर्सों के भरोसे थी, जिन्हें न तो दवाओं की जानकारी थी और न ही वे बीपी जांच या इंजेक्शन दे पा रही थीं। इस लापरवाही का सीधा असर 60 से अधिक भर्ती मरीजों पर पड़ा, जो रातभर दर्द से कराहते रहे। मामले की जानकारी मिलने पर एसडीओ संजय कुमार स्वयं रात में अस्पताल पहुंचे और मरीजों तथा परिजनों से बात कर स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान यह भी सामने आया कि एक गंभीर रूप से घायल मरीज, जो दुलदुलवा से लाया गया था, को समय पर इलाज नहीं मिलने के कारण उसकी मौत हो गई। इस घटना पर एसडीओ ने गहरा दुख जताते हुए दोषी कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की बात कही। ज्ञात हो कि सदर अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ की मनमानी चरम पर है। कई बार बिना छुट्टी स्वीकृति के ही कर्मी ड्यूटी छोड़ देते हैं और जिला छोड़ कर चले जाते हैं।

जानकारी के अनुसार, स्टाफ नर्स विद्यावती कुमारी, सीमा कुमारी और सोनी कुमारी रविवार को ड्यूटी में तैनात थीं, लेकिन बिना पूर्व सूचना और स्वीकृत छुट्टी के अस्पताल से नदारद थीं। इस पूरे मामले पर सिविल सर्जन डॉ अशोक कुमार ने कहा कि ड्यूटी से अनुपस्थित रहने वाले नर्सिंग स्टाफ के खिलाफ उपाधीक्षक से रिपोर्ट लेकर कार्रवाई की जाएगी।

## झारखंड आंदोलनकारी चंद्रदेव सिंह का 90 वर्ष की उम्र में निधन

**रमना।** बहियार खुर्द पंचायत अंतर्गत परसवान गांव निवासी झारखंड आंदोलनकारी चंद्रदेव सिंह (90 वर्ष) का सोमवार की अहले सुबह निधन हो गया। वे लंबे समय से लकवा से पीड़ित थे और बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी के कारण उनका समुचित इलाज नहीं हो सका। चंद्रदेव सिंह झारखंड अलग राज्य आंदोलन के एक सक्रिय कार्यकर्ता थे। उनके निधन की खबर से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोग, समाजसेवी और ग्रामीण काफी संख्या में उनके अंतिम दर्शन और श्रद्धांजलि देने उनके आवास पर पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि चंद्रदेव सिंह ने झारखंड आंदोलन में बढ़-चढ़ कर भाग लिया था और अपने क्षेत्र में सामाजिक चेतना फैलाने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनके निधन को सभी ने क्षेत्र के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शव यात्रा में भरत मेहता, विशेश्वर मेहता, धूप बैठा, राहुल सिंह, महेंद्र सिंह, कामेश्वर राम, सुरेश बैठा, संजय बैठा, अजय मेहता, रामधारी बैठा, विरेंद्र राम, लालमन बैठा समेत कई लोग शामिल थे।

## गायत्री शक्तिपीठ में पूजा व गृहे-गृहे यज्ञ शुरू

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मझिआंव।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर चन्द्री गायत्री नगर स्थित गायत्री शक्तिपीठ में भव्य पूजा-अर्चना एवं हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा निर्देशित गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान की औपचारिक शुरुआत भी की गई। कार्यक्रम में गढ़वा जिला ट्रस्टी एवं केंद्रीय टोली सदस्य अच्युतानंद तिवारी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संत गायत्री महामंत्र जाप के आध्यात्मिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा बताए गए युग परिवर्तन के मार्ग, सादा जीवन उच्च विचार और उनके द्वारा लिखित पुस्तकों के मूल विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कर्मकांड का संचालन श्वेता कुमारी और महिमा कुमारी द्वारा किया गया। मुस्कान कुमारी ने मधुर प्रज्ञा गीत और भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर किया। इस पावन अवसर पर बिजली विभाग के कर्मचारी रामअवतार चौधरी ने अपनी पत्नी के साथ माता गायत्री, लक्ष्मी, सरस्वती, वैष्णो देवी तथा गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य व माता भगवती देवी शर्मा की पूजा-अर्चना कर यजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर प्रखंड संयोजक नागेंद्र सिंह, जिला युवा संयोजक बिरेन्द्र सोनी, महिला मंडल अध्यक्ष सुनीता चौरसिया, धर्मशिला देवी, संतोषी देवी, धना देवी, अशोक चौरसिया, अशोक गुप्ता, वीरेंद्र प्रसाद, देव मुनि विश्वकर्मा, राघव विश्वकर्मा, रामविलास प्रसाद, बेचन राम, बबलू कमलापुरी, शंभु साव आदि श्रद्धालु उपस्थित थे।

## गढ़वा-शाहपुर मार्ग पर दो बाइक की टक्कर में तीन युवक घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-शाहपुर मुख्य मार्ग पर हरैया गांव के समीप रविवार देर शाम दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने की टक्कर में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान पलामू जिले के डाल्टनगंज थाना क्षेत्र के रेरमा गांव निवासी महेश तिवारी (पुत्र संजय तिवारी), प्रवीण तिवारी (पुत्र विनोद तिवारी) और गढ़वा थाना क्षेत्र के परिहारा गांव निवासी साबिर अंसारी (पुत्र आसीम अंसारी) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महेश और प्रवीण एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर गढ़वा से डाल्टनगंज की ओर जा रहे थे, जबकि साबिर अंसारी अपने घर से गढ़वा की ओर आ रहे थे। हरैया गांव के पास दोनों मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई, जिससे तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल गढ़वा सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

## संत मरियम के शिक्षकों के लिए इन- हाउस ट्रेनिंग का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**मेदिनीनगर।** रेडमा स्थित ग्रैंड जयश्री होटल मे संत मरियम स्कूल के शिक्षकों के लिए इन- हाउस ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। सीबीएसई के निर्देशानुसार क्रिटिकल एंव क्रिएटिव थिंकिंग विषय को लेकर यह कार्यक्रम आयोजित की गई जहां सीबीएसई पटना रीजन के रिसोर्स पर्सन राकेश चौबे के द्वारा इससे संबंधित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

साथ ही उन्होंने बताया कि बच्चों को कैसे रचनात्मक एवं तार्किक सोच को विकसित कर बच्चों के सीखने की शैली को कैसे बदल सकते हैं। उक्त मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने चौबे को अंगवस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि संत मरियम का उद्देश्य सिर्फ बच्चों को परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करा देना ही नहीं बल्कि उनके संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास के लिए हमें हमेशा प्रयास करते रहना होगा। विद्यालय विभिन्न पहलुओं के साथ-साथ खेल गतिविधियों को भी बढ़ावा दे रही हैं, और बच्चे विभिन्न क्षेत्रों में राष्ट्रीय- अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा रहे हैं।

वहीं प्राचार्य ने कहा कि बच्चों को अनुशासित करने के लिए पहले हमें अनुशासन में रहना होगा। संत मरियम के तमाम शिक्षक श्रेष्ठ है, यद्यपि सिर्फ समर्पण के साथ बच्चों को शिक्षा देने की आवश्यकता है, निश्चित रूप से विद्यालय एक नई ऊंचाई को प्राप्त करेगी।

मौके पर उपप्राचार्य एसबी शाहा, समन्वयक अमरेंद्र कुमार, रिजवाना परवीन, रोशन राज, निकिता गुप्ता समेत सैकड़ो शिक्षक मौजूद थे।

## भवनाथपुर में बाइक की टक्कर से युवक घायल, गढ़वा रेफर



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भवनाथपुर।** केतार थाना क्षेत्र के परती गांव में रविवार देर शाम एक दुर्घटना में युवक जितेन्द्र यादव, पिता श्रीकांति लाल यादव, गंभीर रूप से घायल हो गया।

यह हादसा उस समय हुआ जब जितेन्द्र यादव मुख्य सड़क पर पैदल जा रहा था और पीछे से एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मार दी। परिजनों ने बताया कि टक्कर के तुरंत बाद जितेन्द्र को निजी वाहन से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

चिकित्सकों ने उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

## मदर्स डे पर महिलाओं को दी गयी घरेलू हिंसा मिटाने की प्रेरणा, सास-बहू के संबंधों पर जोर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के निदेशानुसार रंका प्रखंड के विश्रामपुर पंचायत में पीएलवी राजेश कुमार चौधरी द्वारा मातृत्व दिवस (मदर्स डे) के अवसर पर एक जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और सामाजिक भूमिका के प्रति सजग करना था। राजेश कुमार चौधरी ने गांव की महिलाओं को मदर्स डे की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सास और बहू के संबंधों में यदि बहू अपनी सास को मां का दर्जा देने लगे और दिखावटी पोस्ट के बजाय सेवा और सम्मान का व्यवहार शुरू करे, तो 70 प्रतिशत घरेलू हिंसा की घटनाएं समाप्त हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि मातृत्व एक रिश्ता है, खून का नहीं बल्कि भावना का।

जब महिलाएं अपने सास को मां समझने लगेंगी, तो घर में तनाव नहीं, अपनापन बढ़ेगा। ऐसे रिश्तों से ही समाज में शांति आएगी। राजेश ने एक महत्वपूर्ण शोध का हवाला देते हुए बताया कि भारतीय न्याय संहिता (पूर्व में आईपीसी की धारा 498ए, अब बीएनएस की धारा 85 व 86) के अनुसार पुरुषों के आत्महत्या के मामलों में घरेलू हिंसा एक बड़ी वजह है और यदि महिला-पुरुष दोनों मिलकर घरेलू हिंसा के चक्र को तोड़ें, तो आत्महत्या जैसे दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं कम हो सकती हैं। इस अवसर पर महिलाओं ने कार्यक्रम को सराहा और घरेलू शांति और सम्मान के महत्व को स्वीकार किया।

## योगेश्वर श्री श्री आनंदमूर्ति जी का 104वां जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मेराल।** आनंद मार्ग के संस्थापक योगेश्वर श्री श्री आनंदमूर्ति जी के 104वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में आनंद मार्ग जागृति केंद्र, मेराल में धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ प्रभात संगीत से हुआ, जिसके बाद आवर्त कीर्तन, सामूहिक साधना और आनंद वाणी का पाठ किया गया। समापन सामूहिक भोजन (भंडारा) के साथ हुआ। कार्यक्रम में शाखा सचिव और विधायक प्रतिनिधि डॉ लाल मोहन ने श्री श्री आनंदमूर्ति जी की जीवनी और शिक्षाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा 1921 में वैशाखी पूर्णिमा के दिन जन्मे आनंदमूर्ति जी ने न केवल योग और साधना के माध्यम से आत्मविकास का मार्ग दिखाया, बल्कि समाज के उत्थान के लिए भी अद्वितीय योगदान दिया। उन्होंने बताया कि 1955 में आनंद मार्ग प्रचारक संघ की स्थापना कर उन्होंने इसे एक वैश्विक आंदोलन का रूप दिया। इस अवसर पर प्रो राजमोहन द्वारा लिखित आनंदमय स्मृति का लोकार्पण भी किया गया। यह पुस्तक मेराल शाखा की रजत जयंती (25 वर्षों) के उपलक्ष्य में प्रकाशित की गई है, जिसमें आनंदमूर्ति जी का परिचय, मेराल शाखा का इतिहास, एमर्ट, कौशिकी नृत्य और कीर्तन के लाभ, कोरोना काल की सेवा गतिविधियाँ, दुर्लभ फोटोज, अखबार कटिंग्स और दस्तावेज 50 पृष्ठों में समाहित कर प्रस्तुत किए गए हैं। मौके पर तन्मय देव, तरुण देव, गार्गी देव, रोहित कुमार, देवीशरण गुप्ता, चंदन कुमार, मिथलेश कुमार, सच्चिदानंद कुशवाहा, रंजीत कुमार, रीमा देवी, संगीता देवी, कंचन दीदी, अंजली, नंदनी, सृष्टि, दिव्यानी, संकल्प देव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अशोक कुमार ने किया।

# आतंक का अंत

भारतीय थल सेना के महानिदेशक सैन्य अभियान लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई, भारतीय वायु सेना के महानिदेशक वायु अभियान एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती और भारतीय नौसेना के महानिदेशक नौसेना अभियान वाइस एडमिरल एएन प्रमोद ने संयुक्त रुप से बताया कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद सिर्फ आतंकियों का अंत करना था और भारतीय सशस्त्र बलों ने 100 आतंकियों को खत्म किया। हमने इसके लिए सीमा पार टेरर कैंप और इमारतों की पहचान की। हमें 9 ऐसे ठिकाने मिले जिन्हें हमारी एजेंसियों ने एक्टिव बताया। इनमें से कुछ ठिकाने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और कुछ पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में थे। हमने इसपर स्ट्राइक की और हमारे हमलों में 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए। इसमें यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदस्सिर अहमद जैसे हाई वैल्यू टारगेट शामिल हैं। ये आतंकी क्ब-814 हाइजैक और पुलवामा हमले से जुड़े थे।7 मई को हुई कार्रवाई के बाद पाकिस्तान ने ड्रोन और मिसाइल्स से हमारे बॉर्डर स्टेट्स में स्थित सैन्य ठिकानों पर हमले की कोशिश की। हालांकि, हमनें उन्हें हवा में ही मार गिराया। हमने एक भी टारगेट सक्सेस नहीं होने दिया। इसके अलावा वायुसेना के डायरेक्टर जनरल एयर ऑपरेशंस एयर मार्शल अवधेश कुमार भारती ने कहा कि भारतीय वायुसेना ने बेहद सावधानीपूर्वक केवल आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया और कोई भी नागरिक हानि नहीं होने दी। उन्होंने कहा, ह्लहमने पूरी योजना इस तरह बनाई थी कि सिर्फ आतंकी कैंपों पर सटीक वार किया जाए और किसी आम नागरिक को नुकसान न पहुंचे। भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान के मुरिदके स्थित आतंकी शिविर को सटीक मिसाइल हमले में पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। यह लश्कर-ए-तैयबा के सरगना हाफिज सईद का गढ़ माना जाता है।

## आज का राशिफल

**मेष : बुद्धि व धन का दुरुपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। शुभांक-2-5-7**

**वृष : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-3-5**

**मिथुन : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी। शुभांक-2-3-8**

**कर्क : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यो से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे। शुभांक-2-5-8**

**सिंह : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी। शुभांक-4-8-9**

**कन्या : अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-8-9**

**तुला : मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-7-9**

**वृश्चिक : दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे। शुभांक-1-2-7**

**धनु : घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थो की प्राप्ति होगी। शुभांक-1-4-8**

**मकर : प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-5-6-8**

**कुंभ : कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता हैं। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-5-7-8**

**मीन : आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
प्रधान संपादक
सौरभ कुमार सिंह
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
धनबाद कार्यालय
लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
( R.N.I No. आवेदित )
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा

# भारत ने हमला नहीं, जवाबी कार्रवाई की है

भारत ने काफी सावधानी से इन स्थलों को चुना और मिसाइल एवं ड्रोन के जरिए निशाना बनाया। भारत की कोशिश यह रही कि उसकी कार्रवाई की जद में सामान्य नागरिक ना आएं। लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना।

चाहे दुश्मन की हों, या अपनी, सेनाएं हमेशा चौकस रहती हैं। ऐसे में छह और सात मई की दरमियानी रात भारतीय सेनाएं जिस तरह पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर की नौ जगहों पर सफल निशाना साधने में कामयाब रहीं, उससे पाकिस्तान की सेना, उसकी चौकसी और चीन से खरीदे उसके चौकसी वाले तंत्र पर सवाल उठता है। भारत ने यह कार्रवाई पहलगाम में 22 अप्रैल को बहे बेगुनाह खूनों के जवाब में किया। भारत के खबरिया टीवी चैनल अक्सर ही जल्दबाजी में रहते हैं। उनके यहां सोच-विचार की प्रक्रिया की गुंजाइश कम है। शायद यही वजह है कि भारतीय कार्रवाई को उन्होंने पाकिस्तान पर हमला बताने में देर नहीं लगाई। लेकिन यह ध्यान रखने की बात है कि हमला एक तरह से युद्ध की शुरूआत होता। इस लिहाज से देखें तो भारत ने जवाबी कार्रवाई की है, हमला नहीं। क्योंकि भारत ने अपनी तरफ से शुरूआत नहीं की है।

इसमें दो राय नहीं कि पहलगाम में बहाए गए बेगुनाह खूनों के चलते देश में गुस्से की लहर थी। पहलगाम में आतंकियों ने जिन 26 बेगुनाह लोगों का खून बहाया, उनमें एक नेपाली नागरिक भी था। हैरत की बात यह है कि इन बेगुनाहों खून बहाते वक्त आतंकियों ने बाकायदा उनसे नाम पूछा, उन्हें कुरान की आयत और कलमा पढ़ने को बोला। यहां तक कि उनके वस्त्र उतारकर उनके अंदरूनी अंगों को देखा और हिंदू होने की तसल्ली होते ही बिना वजह गोलियों सो उड़ा दिया। उसमें दो ऐसी महिलाएं विधवा हुईं, जिनके माथे पर कुछ ही दिनों पहले सिंदूर का तेज शामिल हुआ था। आतंकियों ने धर्म के नाम पर इन महिलाओं का सुहाग उजाड़कर सिर्फ इन महिलाओं और उनके परिवारों को सूना ही नहीं किया, बल्कि भारतीय सहनशक्ति को चुनौती दे दी। भारत में गुस्से की लहर उड़ना स्वाभाविक था। बिहार के मधुबनी में एक सभा में प्रधानमंत्री मोदी का कहना कि सुहाग उजाड़ने वाले आतंकियों का पीछा करके उन्हें खोजकर मिट्टी में मिला दिया जाएगा, उस गुस्से की ही अभिव्यक्ति थी। उसी अभिव्यक्ति को भारतीय सेनाओं ने बीती छह और सात मई की आधी रात को एक बजकर पांच मिनट से डेढ़ बजे के बीच जमीनी



हकीकत बना दिया। इस हमले में पाकिस्तान के बहावलपुर स्थित मौलाना मसूद अजहर का केंद्र भी रहा, जिसने थोक के भाव से



**- उमेश चतुर्वेदी**

> भारत ने काफी सावधानी से इन स्थलों को चुना और मिसाइल एवं ड्रोन के जरिए निशाना बनाया। भारत की कोशिश यह रही कि उसकी कार्रवाई की जद में सामान्य नागरिक ना आएं। लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना। दिलचस्प यह है कि उसने आतंकी ठिकानों को नागरिक ठिकाने बताना शुरू किया।

आतंकियों को पैदा किया और भारत निर्यात किया है। जिसमें 26 नवंबर 2008 को मुंबई को खून से लाल कर देने वाले अजमल कसाब और उसका षडयंत्र रचने वाले रिचर्ड हेडली भी शामिल थे।

भारत ने काफी सावधानी से इन स्थलों को चुना और मिसाइल एवं ड्रोन के जरिए निशाना बनाया। भारत की कोशिश यह रही कि उसकी कार्रवाई की जद में सामान्य नागरिक ना आएं। लेकिन पाकिस्तान ने इसे खुद पर हमला माना। दिलचस्प यह है कि उसने आतंकी ठिकानों को नागरिक ठिकाने बताना शुरू किया। इसके साथ ही उसने अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने यह भी बताना तेज कर दिया कि भारत ने मासूमों को निशाना बनाया है। फिर उसने आतंकवादी कार्रवाई पर साझा जांच का प्रस्ताव रखा। लेकिन अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने इसे स्वीकार नहीं किया है।

पाकिस्तान एक तरफ जहां खुद को प्रताड़ित बता रहा है, वहीं वह सात-आठ मई की रात से लगातार भारतीय क्षेत्रों में हमला कर रहा है। दुखद बात यह है कि वह खुद भारतीय क्षेत्र में नागरिक ठिकानों और घरों को निशाना बना रहा है। कश्मीर सीमा पर पुंछ में उसने एक गुरूद्वारे पर हमला किया, जिसमें रागी समेत चार लोगों की मौत हो गई। पाकिस्तान लगातार भारत के सैनिक ठिकानो पर हमला कर रहा है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक वह तकरीबन पूरी पश्चिमी सीमा पर मिसाइल, मोर्टार, ड्रोन और हवाई हमले कर चुका है। उसने चंडीगढ़, जैसलमेर, बाड़मेर, उरी, अखनूर, पहलगाम, जम्मू, लेह, सर क्रीक, भुज समेत तमाम सैनिक ठिकानों पर निशाना साधने की कोशिश कर चुका है। यह बात और है कि भारत की जवाबी कार्रवाई में उसके तकरीबन सभी प्रयास नाकाम कर दिए गए। दिलचस्प यह है कि पाकिस्तान के इन हमलों को निष्फल करने वाली आकाश मिसाइल को भारत की अपनी स्वदेशी कंपनी भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड ने बनाया है। भारत ने उनके तीन सैनिक ठिकाने जहां तबाह किए हैं, वहीं उसको लगातार जवाब दिया जा रहा है।

भारत को अपने षडयंत्र का निशाना बनाने वाले भारतीय मूल के आसिफ मुनीर लगातार हालात को बिगाड़ने की कोशिश में लगे हैं। सुनने में भले ही अजूबा लगे, भारत के खिलाफ आतंकी युद्ध के पीछे भारत से पाकिस्तान गए लोगों का ही हाथ रहा...ठीक 26 साल पहले पाकिस्तान ने सियाचिन इलाके में घुसपैठ के जरिए हम पर करगिल का युद्ध थोप दिया था.. उस युद्ध के पीछे जनरल परवेज मुशर्रफ का हाथ था..पाकिस्तान जाने से पहले परवेज का परिवार दिल्ली के चांदनी चौक में रहता था..पहलगाम की नृशंस आतंकी कार्रवाई का षडयंत्र किस्तान के जनरल आसिफ मुनीर ने रचा। यहां जानना जरूरी है कि आसिफ का परिवार भी भारत से पाकिस्तान गया था..बंटवारे से पहले आसिफ का परिवार जालंधर में रहता था..

भारत की जवाबी कार्रवाई से पाकिस्तान लगातार मुंह की खा रहा है। इसके बावजूद वह दुष्प्रचार के जरिए अपनी डींगे हांक रहा है। पाकिस्तान अपने लोगों को लगातार बता रहा है कि उसकी सेनाओं ने भारत की सेना या वायुसेना को इतना नुकसान पहुंचाया। जबकि उसके ये दावे कोरे झूठ हैं। इस लिहाज से देखें तो भारत दो मोर्चों पर जूझ रहा है..पहला मोर्चा जहां सैनिक है, वहीं दूसरा मोर्चा सूचनाओं का है..अरब क्रांति के दौरान देवता के रूप में उभरा सोशल मीडिया अब देवता और दैत्य-दोनों ही भूमिकाओं में है..पाकिस्तान इन दिनों सोशल मीडिया की दैत्य वाली भूमिका का खूब उपयोग करते हुए भारत के बारे में लगातार गलत सूचनाएं दे रहा है..अपनी सेनाओं की झूठी कामयाबियों को इसी के जरिए वह फैला रहा है। भारत पर आरोप लगा रहा है कि भारतीय सेनाएं रिहायशी इलाकों और धार्मिक स्थानों पर हमला कर रही हैं.लेकिन यह गलत है और भारत का सार्वजनिक सूचना तंत्र और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय लगातार इन भ्रामक सूचनाओं को तथ्यों के साथ खारिज कर रहे हैं और पाकिस्तान के झूठ को बेपर्दा कर रहे हैं। वैसे यह दुनिया का जाना-पहचाना तथ्य है कि सीधी लड़ाई में नाकाम रहने वाले ही फर्जी खबरों का सहारा लेते हैं।

सीधा युद्ध जो नहीं कर सकता, वही शेखी भी बघारता है।

## लेटर टू एडिटर

### ऑपरेशन सिंदूर

भारत की वैश्विक शक्ति की छवि को मजबूत करेगा। भारत इसे आत्मरक्षा और आतंकवाद विरोधी कदम बताएगा, जबकि पाकिस्तान इसे अपनी सम्प्रभुता का उल्लंघन कहेगा। संयुक्त राष्ट्र में स्थायी सदस्यों के विरोधाभासी हितों के कारण कोई ठोस प्रस्ताव संभव नहीं। सार्क कमजोर होगा और आईएमएफ ऋण की समीक्षा से पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति बिगड़ेगी। हवाई क्षेत्र बंद होने से पाक एयरलाइंस को नुकसान हो रहा है। **- जयभगवान, गढ़वा**

### दीर्घकालिक हित देखें

युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है और आपसी बातचीत से समस्या को सुलझाना दोनों देशों के हित में है। लेकिन राष्ट्रीय अस्मिता से कोई समझौता नहीं हो सकता। इस में कोई शक नहीं कि 22 अप्रैल को जो कुछ पहलगाम में हुआ, उस से पूरा देश आहत है, किंतु पूर्ण युद्ध होने की स्थिति में मंजर दोनों मुल्कों के हित में नहीं होगा।

**-डीवी अरोड़ा, जमशेदपुर**

### मुंह तोड़ जवाब

भारत का सुरक्षा कवच भेदने में विफल पाक पर मिसाइल वर्षा, पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाक आतंकी ठिकानों पर हमला कर मुंह तोड़ जवाब दिया है। जम्मू कश्मीर के कई ठिकानों पर गोली-बारी से नुकसान पहुंचाया? **- रवि रांची**

## X ट्वीट

**भारत** की उन्नति और विकास को सुनिश्चित करने हेतु सेवारत सभी वैज्ञानिकों एवं इंजीनियरों को 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' की हार्दिक शुभकामनाएं।

वर्ष 1998 में आज ही के दिन भारत ने पोखरण में परमाणु परीक्षण कर अपनी शक्ति और सामर्थ्य का परिचय दिया था।

**-अन्नपूर्णा देवी, केन्द्रीय मंत्री**

# समाज के लिए नर्सों के योगदान को नमन

**- योगेश कुमार गोयल**

सामयिक

**दया** और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता है, जिनकी आज हम 205वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती पर 12 मई को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है। लेडी विद द लैंप के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से ह्यफ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कारह्ण की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं।

फ्लोरेंस नाइटिंगेल खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थीं। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था, वहीं अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था। उनके माता-पिता संपन्न परिवार से थे। ऐसे में उनका मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है।

दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई। इसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना।

फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की (तुर्किये) की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आ रही थीं। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं था। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंच कर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यो के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से ह्यलेडी विद द लैंपह्ण कहने लगे थे। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटीं, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई। उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतरराष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया।

मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है।

# कर्नल सोफिया और विंग कमांडर व्योमिका ने महिलाओं में जगाई उम्मीद की किरण

**योगेंद्र योगी**

सामयिक

पुणे में साल 2016 में आसियान प्लस देशों का बहुराष्ट्रीय फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास फोर्स 18 में 40 सैनिकों की भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व सिग्नल कोर की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी ने किया था।

देश भर में चर्चित लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी और वायु सेना में विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने साबित कर दिया कि महिलाएं अदम्य साहस के साथ किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिए तैयार हैं। निश्चित तौर पर युद्ध जैसी स्थिति के दौरान इन दोनों सैन्य अधिकारियों ने जिस शानदार तरीके से स्ट्राइक का विवरण पेश किया, उससे न सिर्फ महिलाओं में उत्साह का संचार होगा बल्कि हर मुश्किल हालात से निपटने के लिए साहस का उद्गम होगा।

पुणे में साल 2016 में आसियान प्लस देशों का बहुराष्ट्रीय फील्ड प्रशिक्षण अभ्यास फोर्स 18 में 40 सैनिकों की भारतीय सेना की टुकड़ी का नेतृत्व सिग्नल कोर की महिला अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल सोफिया कुरैशी ने किया था। कुरैशी को बहुराष्ट्रीय अभ्यास में भारतीय सेना के प्रशिक्षण दल का नेतृत्व करने वाली पहली महिला अधिकारी बनने का दुर्लभ गौरव हासिल हुआ। गुजरात निवासी सैन्य परिवार से आने वाली सोफिया कुरैशी साल 1999 में 17 साल की उम्र में शॉर्ट सर्विस कमीशन के जरिए भारतीय सेना में आई थीं। उन्होंने छह साल तक संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना में भी काम किया। इसमें साल 2006 में कॉन्गो में एक उल्लेखनीय कार्यकाल शामिल है। उस वक्त उनकी प्रमुख भूमिका शांति अभियान में ट्रेनिंग संबंधित योगदान देने की थी। सोफिया कुरेशी के अलावा ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी की ब्रीफिंग देने वाली विंग कमांडर व्योमिका सिंह दूसरी चर्चित अधिकारी थीं। व्योमिका सिंह भारतीय वायु सेना में हेलीकॉप्टर पायलट हैं। उनके नाम का मतलब ही आसमान से जोड? वाला है। नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) की कैडेट रही व्योमिका सिंह ने इंजीनियरिंग की।


उन्हें साल 2019 में भारतीय वायुसेना के फ्लाइंग ब्रांच में पायलट के तौर पर परमानेंट कमीशन मिला। व्योमिका सिंह ने 2500 घंटों से ज्यादा उड़ान भरी है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर और पूर्वोत्तर भारत में मुश्किल हालात में चेतक और चीता जैसे हेलीकॉप्टर उड़ाए हैं। उन्होंने कई बचाव अभियान में भी अहम भूमिका निभाई है। इनमें से एक ऑपरेशन अरुणाचल प्रदेश में नवंबर 2020 हुआ था। इन दोनों महिला सैन्य अधिकारियों ने जिस आत्मविश्वास और दृढ़ता से ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की गाथा पेश कि वह न सिर्फ देशवासियों के दिल-दिमाग में अमिट रहेगी बल्कि तमाम बाधाओं के बावजूद महिलाओं में आगे बढ़ने की ललक कायम रखेगी। इनके जज्बे ने साबित कर दिया कि महिलाऐ देश में हर क्षेत्र में तरक्की का परचम लहरा रही हैं, चाहे वह क्षेत्र सैन्य जैसा चुनौतीपूर्ण और साहसिक क्षेत्र ही क्यों न हो। देश में महिला सशक्तकरण की दिशा में इन दोनों महिलाओं का प्रदर्शन महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। महिलाओं के सपने पूरा करने में मदद करेगा। देश के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं का अग्रणी प्रदर्शन विकसित बनने की दिशा में अग्रसर भारत की नई तस्वीर पेश करता है।

सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी देश का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलओं की सफलता की प्रेरणा के बावजूद देश की आम महिलाओं के लिए अभी भी मंजिल आसान नहीं हैं। भारत में पितृसत्तात्मक मानसिकता और लैंगिक असमानता के चलते महिलाओं को विरोधाभासी भूमिकाएँ निभाने के लिए मजबूर किया जाता है। महिलाओं की ताकत को यह सुनिश्चित करने के लिए उभारा जाता है कि वे बेटियों, माताओं, पत्नियों और बहू के रूप में पालन-पोषण करने वाली अपनी पारंपरिक भूमिकाएँ प्रभावी ढंग से निभाएँ। दूसरी ओर, एक कमजोर और असहाय महिला की रूढ़िवादिता को बढ़ावा दिया जाता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके।

## युद्ध की त्रासदी और मानवीय जीवन



## कार्टून वर्ल्ड



### बरकट्ठा में किराना दुकान में सेंधमारी

## 5 लाख का सामान और 30 हजार नकद की चोरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सीसीटीवी में कैद चोर

**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के गंगपाचो गांव में एक किराना दुकान में अज्ञात चोरों ने सेंध लगाकर करीब 5 लाख रुपये के सामान और 30 हजार रुपये नकद की चोरी कर ली। दुकान मालिक महेश प्रसाद चौधरी ने बताया कि घटना 8 मई की रात की है। चोरों ने खिड़की तोड़कर दुकान में घुसपैठ की और चावल, दाल, चीनी, तेल, रिफाइंड, साबुन समेत कई सामान चोरी कर फरार हो गए। इसके अलावा गल्ले में रखे 30 हजार रुपये नकद भी ले गए। घटना के बाद दुकानदार ने बरकट्ठा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। महेश प्रसाद चौधरी ने पुलिस से अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के प्रयास में जुटी है। घटना से स्थानीय व्यापारियों में भय और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

# हजारीबाग में ब्राउन शुगर की बड़ी खेप बरामद, पांच गिरफ्तार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** जिले के बड़ा बाजार ओपी क्षेत्र के मिशन ग्राउंड में ब्राउन शुगर के बड़े सौदे का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने पाँच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि पिकअप वाहन (सं. जेएच 02 एआर 1667) और हुंडई आई20 (सं. डीएल 07 सीएम 8593) में सवार कुछ लोग ब्राउन शुगर की खरीद-बिक्री करने आ रहे हैं। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने मिशन ग्राउंड पहुंचकर चारों ओर घेराबंदी कर दी। थोड़ी



जानकारी देते एसपी अरविन्द कुमार सिंह

देर बाद दोनों वाहन वहां पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वाहनों में सवार पाँच लोगों को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 52.95 ग्राम ब्राउन शुगर, 51,300 रुपये नकद और तीन मोबाइल फोन बरामद किए गए। गिरफ्तार तस्करों में गिद्धौर, चतरा के अंगलेश कुमार और संदीप कुमार, बड़ा बाजार के मोहम्मद रिजवान, हबीबी नगर के इमरान खान उर्फ राजा और पेलावल के शाहील खान उर्फ आलिम शामिल हैं। सभी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 1985 की धारा 21 (ए) (बी), 22 (ए) (बी) और बीएनएस एक्ट 2023 की धारा 317 (5) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। छापेमारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित आनंद, बड़ा बाजार ओपी प्रभारी बिट्टु रजक, कटकमसांडी थाना प्रभारी राज बल्व, सदर ओपी के पु.अ.नि. सुधीर कुमार, स.आ.नि. उपेंद्र सिंह और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। घटना के बाद इलाके में पुलिस की सतर्कता बढ़ा दी गई है।

### एक नजर में

## झील किनारे डब्बे में मिला नवजात का शव, अवैध संबंधों के चलते फेंके जाने का शक



नीरज पासवान व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** लोहसिंघना थाना क्षेत्र में स्थित झील के समीप रविवार को एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। झील के किनारे एक डब्बे में नवजात शिशु का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। डब्बे के आसपास आवारा कुत्तों को मंडराते देख स्थानीय लोगों को शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने स्थिति का जायजा लिया और शव को कब्जे में लेने के लिए मुक्ति सेवा संस्थान के समाजसेवी नीरज पासवान को बुलाया। पासवान ने नवजात के शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की। प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत हो रहा है कि किसी ने अवैध संबंधों के चलते नवजात को जन्म देकर अपनी करतूत छिपाने के लिए डब्बे में पैक कर झील किनारे फेंक दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि शिशु को यहां फेंकने के पीछे किसका हाथ है। मुक्ति सेवा संस्थान के नीरज पासवान ने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि मासूम की जान लेने वाले आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए।

# दैनिक रांची एक्सप्रेस के प्रभारी के पिता महेश विश्वकर्मा का निधन

### पत्रकारों एवं समाज के गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**



अंतिम संस्कार में शामिल

**रामगढ़।** दैनिक रांची एक्सप्रेस के प्रभारी अनिल विश्वकर्मा के पिता महेश विश्वकर्मा का रविवार देर रात हृदयगति रुक जाने के कारण निधन हो गया। उनके असामयिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई।

जानकारी के अनुसार, रविवार देर रात महेश विश्वकर्मा की अचानक तबीयत बिगड़ गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। सोमवार को गांधी घाट स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र पप्पू विश्वकर्मा ने दी। रामगढ़ के लोहार टोला निवासी स्व. महेश विश्वकर्मा अपने पीछे दो पुत्र पप्पू विश्वकर्मा एवं अनिल विश्वकर्मा और दो पुत्रियों सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

**लोहार टोला से निकली शव यात्रा :** दिवंगत महेश विश्वकर्मा के पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिए उनके लोहार टोला स्थित आवास पर रखा गया था। जहां सैकड़ों लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। वहाँ से शव यात्रा निकाली गई, जो मुक्तिधाम पहुंची। वहां दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

**राजनीतिक और सामाजिक जगत ने जताया शोक :** उनके निधन की सूचना मिलते ही रामगढ़ के पूर्व विधायक शंकर चौधरी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, समाजसेवी, पत्रकार और गणमान्य लोग उनके आवास पहुंचे और शोक-संवेदना व्यक्त की। साथ ही परिवार के प्रति अपनी गहरी सहानुभूति प्रकट की और ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। महेश विश्वकर्मा के अंतिम संस्कार में प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार बीरू, सचिव धनेश्वर प्रसाद, उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, अमित कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप बर्मन, अशोक मेहता, तरुण बागी, सुरेंद्र सिंह भाटिया, धर्मेंद्र पटेल, मुकेश सिंह, शंकर देवघरिया, देवांशु शेखर मिश्र, मोतीउल्लाह, आरएस मुन्ना, मिथिलेश रविदास, राजेश राय, सन्नी सिन्हा, आशीष सिंह, अंकित कुमार, सत्यप्रकाश, करमजीत सिंह जग्गी, आकाश शर्मा, मो. अयुब, भाजपा नेता सरदार अनमोल सिंह, धनंजय पुटुश, विजय जायसवाल, संदीप शर्मा, रितिक सोनी सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

**राधा कास्टिंग फैक्ट्री में कार्यरत मजदूर की शॉट सर्किट से हुई मौत :** ग्रामीण व परिजनों ने फैक्ट्री पर लापरवाही का लगाया आरोप, वार्ता में नगद 1 लाख व भरण-पोषण के लिए 17 लाख का दिया गया चेक।

## मंडा पर्व भक्तों की अटूट आस्था और भक्ति का प्रदर्शन है: तिवारी

मंडा पर्व में 50 भोक्तो ने दहकते अंगारों व बनस झूला झूलकर दिया शिव भक्ति का परिचय



दहकते अंगारों पर चलते शिव भक्त, बनस झूला झूलते शिव भक्त व मांदर बजाते तिवारी महतो

**कुजू।** लोक आस्था का पर्व मंडा ओरला में धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान 50 भोक्ताओ को पंडित हीरालाल, पाहन गोपाल मुंडा, हरिहर मुंडा, खीरु बेदिया द्वारा लोटन सेवा कराया गया। साथ ही स्थानीय तालाब में स्नान कर नए वस्त्र धारण कर विधिवत भगवान शिव की पूजा अर्चना कराया। बाद में दहकते अंगारों पर चलकर व अपने पीठ पर किल चुभोकर बनस झूला झूल कर शिव भक्ति का परिचय दिया। इससे पूर्व रात्रि में छऊ नृत्य व मेले का उद्धघाटन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में मांडू विधायक तिवारी महतो विशिष्ट अतिथि तोपा लोकल सेल अध्यक्ष राजेश्वर गंझू, मुखिया गुड़िया देवी, जिप सदस्य दयामंती देवी, पंसस गुड़िया देवी शामिल थे। इस दौरान अतिथियों ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर मेले व छऊ नृत्य का उद्घाटन किया। वही समिति सदस्यों ने अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

## रामगढ़ जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पावन क्रूस स्कूल के खिलाड़ियों ने लहराया परचम

भुरकुंडा (रामगढ़)। रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रजरप्पा स्थित डीएवी ग्राउंड में आयोजित दो दिवसीय रामगढ़ जिला जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पावन क्रूस स्कूल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का डंका बजाया। प्रतियोगिता में स्कूल के कुल 18 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें से 12 प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतिस्पधाओं में पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रतियोगिता के पंच स्पधार्में नैतिक उरांव एवं शिखा लकड़ा प्रथम और इशांत उरांव तृतीय, त्रैस्पर्धा सी वर्ग में निधि तिग्गा द्वितीय, सृष्टि एक्का तृतीय, त्रैस्पर्धा ए वर्ग में अनुपमा तिर्की तृतीय, (त्रैस्पर्धा बी वर्ग में मुस्कान उरांव द्वितीय, 60 मीटर दौड़ में दिव्या गुप्ता प्रथम, सिया तिग्गा द्वितीय, 600 मीटर दौड में नैतिक उरांव तृतीय, लंबी कूद में दिव्या गुप्ता प्रथम, सिया तिग्गा द्वितीय, 3000 मीटर वॉक में समायरा कुमारी प्रथम, गायत्री कुमारी तृतीय, भाला फेंक में रिया उरांव द्वितीय स्थान प्राप्त कर सफल प्रतिभागी घोषित हुए। मौके पर मो. कमरुद्दीन, सुधीर प्रसाद, रेणु पॉल, रजनी डुंगडुंग, निर्मला, कंचन मिंज, संगीता गिद्ध, सिस्टर संगीता, मानशी, पूजा, नेहा, आनंद टेटे, आरती आदि मौजूद थें।

## गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का 18वां वार्षिकोत्सव, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधा समा

## अनुशासन और शिष्टाचार के पाठ पढ़ा रहा है: सांसद



दीप प्रज्ज्वलित करते सांसद मनीष जायसवाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग के गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय ने सोमवार को अपने 18वें वार्षिकोत्सव को धूमधाम से मनाया। विवेकानंद सभागार में आयोजित इस समारोह में बुद्ध जयंती के अवसर पर उनके जीवन और उपदेशों पर परिचर्चा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि सांसद मनीष जायसवाल ने महाविद्यालय की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह संस्थान अपने प्रशिक्षुओं को व्यावहारिक ज्ञान, अनुशासन और शिष्टाचार के पाठ पढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षु शिक्षक ही देश के भविष्य को संवारने में अहम भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर विनोबाभावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ. बालेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि बुद्ध के उपदेश आज भी वैश्विक विषमताओं को दूर करने में कारगर हैं। पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. बंशीधर रूखैयार ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया, जबकि महाविद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने मध्यम मार्ग अपनाने की सलाह दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बी.एड. और डी.एल.एड. के प्रशिक्षुओं ने रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। गणेश वंदना से शुरूआत करते हुए राजस्थानी, मराठी और नागपुरी लोकनृत्य के प्रदर्शन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी श्वेता, कुमारी कोमल और कपिल देव ने किया। समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ, जिसमें पूरा महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# संकुल के सभी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं पर ध्यान देना आवश्यक : रामअवतार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** कोयलांचल स्थित सरस्वती विद्या मंदिर रजरप्पा में सोमवार को विद्या विकास समिति, झारखंड के तत्वावधान में संकुल प्रमुख एवं संयोजकों की एक दिवसीय महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों से आए संकुल प्रमुखों एवं संयोजकों ने भाग लिया।बैठक का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों के रूप में उपस्थित विद्या भारती के क्षेत्रीय मंत्री रामवतार नारसरिया, विद्या विकास समिति के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा, प्रदेश मंत्री डॉ. ब्रजेश कुमार एवं प्रांतीय समिति सदस्य डॉ. भारती प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन करके किया गया। बैठक तीन सत्रों में आयोजित हुई।जिसमे पूरे झारखंड प्रांत से 39 संकुल के संकुल प्रमुख एवं संयोजक सम्मिलित हुए। उद्घाटन सत्र में अथिति परिचय प्राचार्य उमेश प्रसाद के द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत पुष्प-गुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदानकर किया गया। उसके पश्चात विद्यालय की बहनों ने स्वागत गीत प्रस्तुत की। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रदेश सचिव नकुल शर्मा द्वारा रखी गई जिसके माध्यम से संगठन को रीति और नीति अनुसार कार्यों की समीक्षा करने पर बल दिया गया। तत्पश्चात क्षेत्रीय मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र





उपस्थित अतिथि

रामअवतार नारसरिया द्वारा बुद्ध पूर्णिमा तथा अंतरराष्ट्रीय नर्स डे की बधाई देते हुए नई शिक्षा नीति के विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई जिसमे क्लस्टर के अनुसार अपने अपने संकुल के विद्यालयों की कमियों को पूर्ण करने पर विशेष बल दिया गया। समय-समय पर शिक्षकों के लिए अपग्रेडिंग असेस्मेंट का आयोजन भी किया जाना चाहिए। संकुल के सभी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं पर ध्यान देना आवश्यक है। प्रबंधकारिणी समिति की सक्रियता पर भी ध्यान देना तथा योग्यताओं के आधार पर इसका समय-समय पर आँकलन करना भी आवश्यक है। संकुल के सभी विद्यालयों को सरकारी तंत्र से भी जोड़ना आवश्यक है। प्रदेश मंत्री डॉ ब्रजेश कुमार ने पाँच परिवर्तनों पर विशेष बल दिया। कायार्नुभव तथा योग्यताओं के आधार पर चयनित संकुल प्रमुख एवं संकुल संयोजक के तालमेल और सहमति से ही संकुल में कार्यों का निष्पादन हो। अपने क्षेत्र के संस्कार केंद्रों पर संकुल संयोजक तथा प्रमुख का ध्यान देना आवश्यक है। सौ वर्ष पूरे होने पर आरएसएस ने पांच परिवर्तन पर जो चर्चा की है जमीनी स्तर पर उसका क्रियान्वयन करना है। द्वितीय सत्र में सभी संकुल प्रमुखों के द्वारा संकुल की योजना एवं उपलब्धियों पर चर्चा की गई। वही समापन सत्र में क्षेत्रीय संगठन मंत्री उत्तर पूर्व क्षेत्र ख्यालीराम जी का उदबोधन हुआ। बैठक में विद्या विकास समिति के पूर्णकालिक कार्यकर्ता नीरज कुमार लाल, अखिलेश कुमार, राजेश प्रसाद, ओम प्रकाश सिन्हा, सुरेश मंडल, विवेक नयन पांडेय, रमेश कुमार, ब्रेन कुमार टुडू आदि उपस्थित थे।

# पानी पर मुनाफाखोरी: हजारीबाग में 'वाटर लॉर्ड्स' का खौफनाक खेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**हजारीबाग।** शहर में पानी का संकट अब महज एक आपदा नहीं, बल्कि कुछ लोगों के लिए सोने का अंडा देने वाली मुर्गी बन गया है। भीषण गर्मी और सूखे की मार झेल रहे हजारीबाग में लोग बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हैं।

वहीं दूसरी ओर, इसी प्यास के बाजार में कुछ मुनाफाखोर दिन-रात पानी बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं। शहर के कई इलाकों में नल सूख चुके हैं। जिन घरों में पहले दिन में दो बार पानी आता था, अब वहां हफ्ते में एक बार भी सप्लाई नहीं हो रही। इस संकट का फायदा उठाकर टैंकर माफिया और जार सप्लायर्स ने अपने धंधे को जमकर फैलाया है। 20 से 30 रुपये प्रति जार के हिसाब से पानी बेचा जा रहा है। हर दिन हजारों लीटर पानी शहर के हर गली-मोहल्ले में सप्लाई किया जा रहा है। लेकिन सवाल यह है कि यह पानी कितना शुद्ध है? कई जगहों पर बिना किसी फिल्ट्रेशन के सीधे बोरवेल से पानी भरकर जार में सप्लाई किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी और नगर निगम की निष्क्रियता के कारण इस अवैध धंधे को खुलेआम बढ़ावा मिल रहा है।

शहर में चल रहे कई मिनरल वॉटर प्लांट न तो पंजीकृत हैं, न ही उनके पानी की गुणवत्ता की कोई गारंटी है। हजारीबाग के प्यासे लोग अब इन 'वाटर लॉर्ड्स' के शिकंजे में फंस चुके हैं। जहां सरकार का काम जनता को शुद्ध पानी उपलब्ध कराना था, वहां अब ये माफिया तय कर रहे हैं कि पानी किस दाम पर मिलेगा। मजबूर लोग अपनी जेब और सेहत को दांव पर लगाकर यह पानी खरीद रहे हैं। सवाल यह है कि आखिर कब तक यह गोरखधंधा यूं ही चलता रहेगा? क्या प्रशासन इन मुनाफाखोरों पर नकेल कसेगा या फिर आम आदमी की प्यास का सौदा इसी तरह होता रहेगा?

## भीषण गर्मी के बावजूद प्रशासन ने नहीं की पेयजल की व्यवस्था



**बरही।** प्रचंड गर्मी के बीच बरही में प्रशासन की लापरवाही से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले कुछ दिनों से तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है और आने वाले दिनों में इसके और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। इसके बावजूद, बरही चौक पर प्रशासन ने अब तक पेयजल स्टॉल की कोई व्यवस्था नहीं की है। मई का आधा महीना बीत चुका है, लेकिन बरही के किसी भी इलाके में राहगीरों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था नहीं की गई है। तेज धूप में सफर कर रहे यात्रियों को गला तर करने के लिए मजबूरन दुकानों से पानी खरीदना पड़ रहा है। जो लोग पानी की बोतल नहीं खरीद सकते, वे प्यासे ही सफर करने को विवश हैं। हर दिन बरही से गुजरने वाले हजारों यात्रियों को इस पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। धूप से झुलसते शरीर और सूखते गले के बावजूद प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को तत्काल बरही चौक और अन्य प्रमुख स्थानों पर पेयजल स्टॉल की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके।

# आक्रोशित ग्रामीणों ने आंगनबाड़ी केंद्र में जड़ा ताला

### मुखिया को लिखित आवेदन देकर अवैध वसूली का लगाया आरोप



आक्रोशित लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** सेविका के अनैतिक कार्यो से क्षुब्ध होकर सोमवार को करीब आठ बजे सुबह पबरा पंचायत के हरिना गांव के ग्रामीणो ने आंगनबाड़ी मे ताला जड़ दिया। ग्रामीणो का आरोप है कि बाल विकास से जुड़े सभी जनकल्याणीकारी योजनाओं में सेविका सोगरा खातुन द्वारा पैसे की वसूली की जाती है। महिलाओं द्वारा विरोध करने पर फंसाने की धमकी दी जाती है। साथ ही, मुखिया को दिए आवेदन मे लाडली योजना के फॉर्म भरने के एवज में गांव के सबीहा खातुन, शकीला खातुन, मो. सगीर, मो. हसमत से पांच से छह हजार रूपए लेने की बात कही गई है। लोगों ने बताया कि हरिना स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में अव्यवस्था का आलम है। आंगनबाड़ी केंद्र मनमाने तरीके से खुलता व बंद होता है। सेविका से पूछे जाने पर वह लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो जाती है। इन तमाम शिकायतों के सामने आने पर गांव के महिला पुरूष ने ताला जड़कर कहा कि जबतक सम्बन्धित विभाग से सेविका पर कार्रवाई नही होती है तबतक आंगनबाड़ी में ताला जड़ा रहेगा। मुखिया को दिए आवेदन में सबीहा परवीन, सोनू कुमार, मो. कयुम, मो. साहिल, धनु महतो, मो. मुस्ताक, मो. जावेद, शकीला खातुन, सलीमा खातुन, संजीदा खातुन, मेहरून निशा, अफसाना परवीन, सुफीदा खातुन सहित दर्जनों महिला पुरूष का नाम शामिल है।

## भारत विकास परिषद ने उपायुक्त, एसडीओ एवं नगर परिषद के कार्यों की सराहना की

# सभी के सहयोग से ही पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है : अरुण कुमार ओझा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भारत विकास परिषद झुमरी तिलैया की एक आम बैठक रविवार की संध्या ब्लॉक परिषर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अरुण कुमार ओझा व संचालन विमल कुमार पचिशीया ने किया। बैठक में मुख्य रूप से पर्यावरण संरक्षण, रेन वाटर हार्वेस्टिंग, परिषद के स्थापना दिवस अहिल्याबाई की 300वीं जयंती मनाने एवं अधिक से अधिक नए सदस्य बनाने पर विशेष रूप पर चर्चा की गई। बैठक में 5 जून को पर्यावरण दिवस विशेष रूप से मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही वैसे जगह को चिन्हित करने का निर्णय लिया गया, जहां पर पौधरोपण किया जा सके और उसे बड़ा होने तक देखभाल की जा सके। इसके लिए एक टीम बनाई गई, जिसमें पर्यावरण संयोजक अजय अग्रवाल, सिटी मैनेजर हिमांशु कुमार, संपर्क प्रमुख दिलीप सिंह के अलावा परिषद के अध्यक्ष एवं सचिव को रखा गया। वहीं 5 जून को पौधरोपण करने के



लिए बचपन प्ले स्कूल हसनाबाद एवं क्लोरोफिल स्कूल महाराणा प्रताप चौक प्रांगण का चयन किया गया। इसके अलावा अड्डी बांग्ला दुर्गा मंडप प्रांगण, ब्लॉक स्थित तालाब परिसर, विश्राम बाग एवं अन्य जगहों का चयन किया गया, जहां पौधरोपण किया जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष अरुण कुमार ओझा ने कहा कि सभी के सहयोग से ही पर्यावरण को सुरक्षित रखा जा सकता है। इसके अलावा बैठक में प्लास्टिक नहीं जलाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने को लेकर नगर परिषद प्रशासन के साथ मिलकर लोगों को जागरूक करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान झुमरीतिलैया शहर को जाम से निजात दिलाने, स्वच्छ एवं सुंदर रखने को लेकर जिला प्रशासन, खासकर उपयुक्त मेघा भारद्वाज, एसडीओ रिया सिंह एवं नगर परिषद के सिटी मैनेजर लेवांशु कुमार द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। साथ ही जिला प्रशासन एवं नगर परिषद को हर संभव सहयोग करने का भी निर्णय लिया गया।

मौके पर सुरेश जैन, मधुसूदन दारूका, नारायण सिंह, कुंज बिहारी त्रिवेदी, सिटी मैनेजर लेमांशु कुमार, गोपाल कुमार गुतुल, धर्मेंद्र सिंह, अजय अग्रवाल, रविकांत तिवारी, मनोज कुमार सिंह, विकास सेठ, अभय चरण पहाड़ी, डॉ मनोज कुमार, दिलीप सिंह, प्रकाश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## श्री शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित



**सतगावां (कोडरमा)।** प्रखंड के बासोडीह पंचायत क्षेत्र स्थित ग्राम राउतडीह देवी मंडप में आगामी 30 मई से 5 जून तक चलने वाले श्री श्री 1008 श्री शिव परिवार सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सोमवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ध्वजारोहण के पूर्व यज्ञ स्थल पर पंडित विमलेश पांडेय के द्वारा मत्रोंचारण के साथ पूरे विधि-विधान से पूजा पाठ किया गया। पूजनोपरांत गाजे-बाजे के साथ सैकड़ो की संख्या में महिला व पुरुष श्रद्धालुओं ने पूरे गांव का भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवा ध्वज व गाजे बाजे के साथ जय श्री राम, हर हर महादेव, जय माता दी, धर्म की जय हो आदि के जयकारे लगाए। जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। वहीं यज्ञ समिति के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने बताया कि 30 मई से सात दिवसीय महायज्ञ कलश यात्रा के साथ आरम्भ होगा। यज्ञ 5 जून तक चलेगा। वहीं पुजारी रामबचन कुमार ने कहा कि इस तरह के आयोजन से आसपास के क्षेत्रों में शुद्ध वातावरण और धर्म के प्रति लोगों में आस्था बढती है। ध्वजारोहण कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव ब्रह्देव प्रसाद यादव, कोषाध्यक्ष कृष्णकांत कुमार उर्फ फागु, सदस्य अर्जुन साव, रामजी, प्रदीप कुमार, अरुण यादव, दीपक कुमार, विकास कुमार, सुजीत कुमार, भोला कुमार, ज्योतिष कुमार, पप्पू कुमार आदि ने महती भूमिका निभाई। मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक केशर दयाल स्वर्णकार, शिक्षक धनेश्वर प्रसाद यादव, रितेश कुमार, जहेंद्र यादव, कपिलदेव प्रसाद यादव, कमल महतो, रामबालक यादव, अरुण अग्रवाल, दिलीप पंडित, विपिन कुमार समेत काफी संख्या में महिला व पुरुष मौजूद थे।

## ग्रिजली कॉलेज में महात्मा बुद्ध को किया गया याद



कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर महात्मा बुद्ध को याद किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डॉ मृदुला भगत एवं सभी सहायक प्राध्यापक सहित प्रशिक्षुओं द्वारा महात्मा बुद्ध के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु दीपा नाथ ने महात्मा बुद्ध की जीवनी एवं उनके शैक्षिक दर्शन पर विचार प्रस्तुत किया। इस अवसर पर प्राचार्या ने बुद्ध पूर्णिमा की सभी को बधाई दी। वहीं अपने संबोधन में प्राचार्या ने कहा कि महात्मा बुद्ध शांति के मार्गदर्शक हैं, उन्होंने अहिंसा एवं प्रेम का संदेश सम्पूर्ण विश्व को दिया है, हमें उनके द्वारा दिए गए संदेश को जन जन तक पहुंचाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में महाविद्यालय बी.एड. सत्र 24-26 के सभी प्रशिक्षु, महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ पवन कुमार, डॉ अवधेश कुमार यादव, वीरेंद्र यादव, स्वर्ण सिंह, चंद्र प्रकाश, डॉ पूजा कुमारी, मनीष कुमार सिन्हा, डीएलएड विभागाध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, खुशबू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, सीता राम यादव, चुन्नु कुमार सहित अन्य सभी शिक्षकेतर कर्मचारी दीपक कुमार पाण्डेय, आलम मुख्तार, सुधीर साव, विवेक कुमार, तमन्ना प्रवीण, ओंकार कुमार, अनिल दास आदि उक्त अवसर पर उपस्थित थे।

## बेटियों को दिया जाएगा मार्शल आर्ट्स ताइक्वांडो का प्रशिक्षण

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। योगाचार्या सुषमा सुमन मातृ शक्ति बेटियों बहनों को सशक्त व आत्मरक्षा के लिए मार्शल आर्टस ताइक्वांडो प्रशिक्षण नि:शुल्क शिविर का आयोजन करने जा रही है। यह शिविर 20 से 30 मई तक चलेगी। प्रतिभागी बेटियों को रजिस्ट्रेशन 1 रुपया में ऑनलाइन कर करना होगा। योगाचार्या ने कहा कि आए दिन बीते घटना बेटियों व बहनों पर हो रही है, किसी के गले से चैन, कान का बाली, तो किसी बेटी पर तेजाब फेंक देना या फिर छेड़खानी करना भारी मुसीबत में पड़ जाती है। इसलिए बेटियों को ताइक्वांडो सीखा रही हूँ, ताकि बेटी लोग अपना सुरक्षा कर सके। इसके लिए स्पेशल नेशनल प्रशिक्षक को बुलाया जाएगा। वही कार्यक्रम के संरक्षक योगी प्रदीप कुमार सुमन ने बताया कि रजिस्ट्रेशन 14 मई से चालू हो रही है और यह कार्यक्रम चित्रगुप्त नगर के फील्ड में किया जाएगा।

## लेबर कोड के खिलाफ 20 मई को देशव्यापी हड़ताल के लिए सीटू ने कसी कमर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** सीटू सहित 10 केन्द्रीय ट्रेड यूनियनों और केन्द्र व राज्य सरकार के अंतर्गत कर्मचारी फेडरेशनों के संयुक्त आह्वान पर लेबर कोड के खिलाफ एवं 17 सूत्री मांगों को लेकर 20 मई को देशव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए मजदूर संगठनों ने कमर कस लिया है। तैयारियों को लेकर सीटू की विस्तारित बैठक परिवहन मजदूर यूनियन के जिलाध्यक्ष मो. रफीक अंसारी की अध्यक्षता में सोमवार को साहु धर्मशाला में संपन्न हुई।



बैठक में जिला सचिव रमेश प्रजापति ने हड़ताल की तैयारियों की रिपोर्ट करते हुए कहा कि इसके लिए व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है। हड़ताल की विधिवत सूचना भी विभिन्न सेक्टरों में दी गयी है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला में व्यापक रूप से हड़ताल सफल किया जाएगा और सड़कों पर उतरकर केन्द्र सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का विरोध किया जाएगा। वहीं मुख्य वक्ता और सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि केन्द्र सरकार अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठनों की सिफारिशों को लागू नहीं कर रही है, न ही 2015 के बाद भारतीय श्रम सम्मेलन बुलाया गया है, ट्रेड यूनियनों की मांगों को नकारा जा रहा है, जो एनडीए सरकार के मजदूर विरोधी चेहरा को उजागर करता है। वहीं निजीकरण के नाम पर लाखों नौकरी पैदा करने वाली देश की सरकारी संस्थाओं को बेचा जा रहा है। मजदूरों को गुलाम बनाने के उद्देश्य से चार लेबर कोड लाया गया है, जिसके माध्यम से काम के निर्धारित घंटे, ट्रेड यूनियन अधिकार, हड़ताल का अधिकार, यूनियनों की मान्यता, न्यूनतम वेतन, पीएफ, पेंशन, बोनस जैसे अधिकार छीनने की साजिश है। मोदी सरकार की इस विनाशकारी हमलों के सामने मजदूर वर्ग चुप नहीं रह सकता है।

वहीं आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि आंगनबाड़ी में एफआरएस के तहत डिजिटलीकरण के नाम पर सेविका सहायिकाओं का उत्पीड़न हो रहा है। पहले आधार सत्यापन के मामले की तरह, एफआरएस द्वारा सत्यापित न हो पाने वाले लाभार्थियों को सूची से हटाकर राशन से वंचित कर दिया जाएगा। यह पूर्णतः गैरकानूनी है तथा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का घोर उल्लंघन है। जिसके विरोध में 20 मई की हड़ताल में हमलोग भी शामिल हो रहे हैं। सीटू के जिलाध्यक्ष प्रेम प्रकाश ने हड़ताल को सफल करने का आह्वान किया।

बैठक में ढ़िबरा मजदूर यूनियन के संयोजक महेन्द्र तुरी, अशोक रजक, डीवीसी श्रमिक यूनियन के राजमोहन, आंगनबाड़ी यूनियन की जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद, जिला सचिव वर्षा रानी, कोषाध्यक्ष संतोषी कुमारी, संयुक्त सचिव मंजू मेहता, संध्या वर्णवाल, बेबी देवी, विमला कुमारी, संध्या कुमारी, सुनीता मेहता, रानी, संजू, मीना एक्का, पिंकी, बबीता, सोनी, रीता, रेखा, उषा, रिंकी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

## चलकुशा के पत्रकार पर जानलेवा हमला, थाना में प्राथमिकी दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबाडीह पेट्रोल पंप के समीप पुलिया पर चलकुशा प्रखंड के पत्रकार मुन्ना यादव (पिता महादेव यादव) गोपीडीह निवासी पर दो युवकों के द्वारा छिनतई के साथ जानलेवा हमला किया गया, जिसे लेकर मुन्ना यादव ने जयनगर थाना में एक लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।

मुन्ना यादव ने बताया कि शुक्रवार की सुबह अपने घर से कतरूसिंघा गये थे, वहां से वापस अपने घर आने के समय दो युवक आकाश यादव (पिता स्व. रामलाल यादव, गोपीडीह) एवं सुरेश यादव (पिता बाले यादव, ग्राम बेला टोला-लवानिया टोला थाना मरकच्चो) के द्वारा मोटरसाइकिल से पीछा कर अंबाडीह पेट्रोल पंप के समीप पुलिया पर आकर ओवरटेक कर मेरी गाड़ी को रोककर अचानक मुझ पर हमला कर दिया और



मोबाइल छीन लिया, जब वे लोग मुझे रोक कर जबरदस्ती छीना-झपटी कर रहे थे तो हमने उसका विरोध किया तो सुरेश यादव ने चाकू निकालकर मेरी गर्दन में सटा दिया और मोबाइल नहीं देने पर चाकू से गला रेत देने की बात कहने लगा, जब मैंने विरोध किया तो आकाश यादव ने मेरा मुंह दबाकर जान मारने के उद्देश्य से जमीन पर पटक दिया और गला दबाने लगा। वहीं गाड़ी की डिक्की से दो लाख सात हजार रुपये और मेरा पत्रकारिता वाला माईक और डायरी छीन लिया तथा मेरे साथ मारपीट की। मेरी बाइक (जेएच 02 एपी-3387) को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं उन्होंने बताया कि जब राहगीर उसे बचाने के लिए दौड़े, तब वे लोग अपनी बाइक से परसाबाद की ओर भाग निकले। भागते भागते आकाश यादव ने कहा कि आज तुम बच गया आगे भविष्य में तुम्हारी हत्या होना तय है, तुझे जान से मार देंगे। इसके पूर्व भी उसका भाई प्रकाश यादव, विजय यादव ने मेरे घर परिवार पर जानलेवा हमला किया था और जान से मारने की धमकी दी थी, जिसको लेकर चलकुशा थाना में बॉड किया गया है। वहीं पीड़ित मुन्ना ने पुलिस से जांच पड़ताल कर कार्रवाई की मांग की है।

इस संबंध में थाना प्रभारी बब्लू कुमार सिंह ने बताया कि इस संबंध में आवेदन के आलोक में कांड संख्या 112/25 दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## पागल कुत्ता के हमला से पांच घायल, मुहल्ले में भय का माहौल

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड के पूर्वी पंचायत मस्जिद मोहल्ला, हाजी मुहल्ला थाना मेन रोड में रविवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गयी जब एक पागल कुत्ते ने गांव के अलग-अलग हिस्सों में जमकर आतंक मचाया। कुत्ता न सिर्फ राह चलते लोगों पर हमला किया, बल्कि घर के बाहर खेल रहे मासूम बच्चों को भी नहीं बख्शा। अचानक हुए इस हमले में पांच ग्रामीण घायल हो गये, जिनमें तीन बच्चे और दो महिला भी शामिल हैं। कुत्ता के हमलों का सिलसिला सुबह से शुरू हुआ और पूरे मुहल्ले में भय का माहौल हो गया। ग्रामीणों ने बताया कि कुत्ता बेहद आक्रामक और बेकाबू था, जो किसी को भी देख कर दौड़ जाता था। घायलों में सितारा खातून, फरहान खान सहित तीन घायल ग्रामीणों को त्वरित उपचार हेतु नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें एंटी-रेबीज इंजेक्शन दिया और घावों का प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सकों ने कहा कि पागल कुत्ता के काटने के बाद तुरंत इलाज लेना बेहद जरूरी होता है, क्योंकि रेबीज एक जानलेवा संक्रमण है।

## खबर एक नजर में

### मिश्रौल में संकल्प सेवा फाउंडेशन द्वारा पियाऊ केन्द्र की शुरूआत, विधायक ने किया उद्घाटन



**टंडवा (चतरा)।** संकल्प सेवा फाउंडेशन द्वारा राहगीरों के लिए मिश्रौल में ठंडे पेयजल की व्यवस्था के तहत पियाऊ केन्द्र की शुरुआत की गई। इस केन्द्र का उद्घाटन सिमरिया के विधायक कुमार उज्ज्वल दास ने किया। इस मौके पर विधायक ने कहा कि गर्मी में प्यासे राहगीरों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना एक सराहनीय और मानवीय कार्य है। यह पहल समाज के लिए एक अच्छी मिसाल है और जरूरतमंद लोगों के लिए यह पियाऊ किसी वरदान से कम नहीं है। फाउंडेशन के अध्यक्ष ईश्वर पांडेय ने बताया कि गर्मियों के पूरे मौसम में यह सेवा लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि प्यासे को पानी पिलाना एक बड़ा पुण्य का काम है और फाउंडेशन के सभी सदस्य इसी सोच के साथ यह कार्य कर रहे हैं। इस कार्यक्रम में प्रमोद कुमार सिंह, सचिव प्रो. जय प्रकाश रजक, सुमन भारतीय, धनंजय पांडेय, प्रवेश कुमार पांडेय, अभिनव मिश्रा, नरेश तिवारी, राजू सिंह, संदीप कुमार सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

### बुद्ध पूर्णिमा पर भद्रकाली मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़

**इटखोरी (चतरा)।** बुद्ध पूर्णिमा के खास दिन पर सोमवार को भद्रकाली मंदिर में भारी संख्या में लोग दर्शन करने पहुंचे। सुबह से ही मंदिर में भक्तों की लंबी लाइन लग गई थी। सभी ने मां भद्रकाली के दर्शन किए और अपने परिवार की खुशी और शांति की दुआ मांगी। मंदिर में भीड़ को संभालने के लिए अच्छे इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मी भी तैनात थे। माता की पूजा-अर्चना के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थित बौद्ध स्तूप में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भगवान बुद्ध की एक हजार चार छोटी प्रतिमाएं और चार बड़ी प्रतिमाओं को समेटे यह भव्य स्तूप बाहर से आए भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। श्रद्धालुओं ने यहां भी दीप जलाए और शांति की प्रार्थना की। पूरा मंदिर श्रद्धा और भक्ति के माहौल से भर गया था। हर कोई मां भद्रकाली और भगवान बुद्ध के दर्शन कर बहुत खुश नजर आया।

### सड़क हादसे में युवक की मौत, पत्नी और बच्चा घायल

**इटखोरी (चतरा)।** चतरा-इटखोरी मुख्य मार्ग पर सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। भुरकुंडा जंगल के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक चला रहे युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और बच्चा घायल हो गए। मृतक की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के राजपुर गांव निवासी रंजीत साव पिता ज्ञानी साव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रंजीत साव अपनी पत्नी और बच्चा के साथ एक शादी समारोह से लौट रहे थे। जैसे ही वे भुरकुंडा जंगल के पास पहुंचे, अचानक बाइक का संतुलन बिगड़ गया और वह सीधा पेड़ से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने हादसा होते ही तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। इटखोरी पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जहां से उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इधर, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद रंजीत साव के घर और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी परिवार को सांत्वना देने उनके घर पहुंच रहे हैं। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय सांसद कालीचरण सिंह इटखोरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायलों का हालचाल लिया। उन्होंने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा भी दिया।

### वृद्ध की मौत के बाद पुलिस ने हाइवा चालक को भेजा जेल

**हंटरगंज/चतरा।** प्रखंड क्षेत्र के भीमडाहा गांव में शनिवार को देर रात्रि अनियंत्रित हाइवा ने सड़क किनारे बैठे तीन लोगों को रौंद दिया था। हादसे में एक वृद्ध की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। बेकाबू हाईवा के आरोपी चालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में चतरा भेज दिया है। चालक संजय पासवान के पुत्र पवन कुमार बिहार के गया जिला के परैया थाना क्षेत्र के इटावा गांव का रहने वाला था। घटना इतनी दर्दनाक थी कि तेज गति से आ रहा हाईवा अनियंत्रित होकर घर के पास बैठे तीन लोगों को कुचलते हुए सड़क एक मारुति वैन से टक्कर मार सीधे मकान से जा टकराया था। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई थी। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ड्राइवर को घर के एक कमरा में बंद कर दिया था। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए ग्रामीणों की चुंगल से छुड़ाकर चालक को गिरफ्त में ले थाना ले आयी थी। आज सोमवार को पुलिस ने चालक को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

### वार्ड 8 में चापानल खराब होने से लोगों को हो रही परेशानी

**डोमचांच (कोडरमा)।** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 8 गोस्वामी टोला स्थित एकमात्र चापानल पिछले 15 दिनों से खराब पड़ा है। पूरे मोहल्ले में 10 से 15 परिवार के लोगों की पानी की निर्भरता इसी चापानल से है। इस संबंध में कोडरमा स्थित संबंधित कार्यालय तथा डोमचांच नगर पंचायत कार्यालय के संबंधित अधिकारी को पिछले दिनों डोमचांच गोस्वामी टोला निवासी पवन गोस्वामी व अन्य लोगों ने इस चापानल की मरम्मत करने की मांग की। ज्ञात हो पिछले दिनों नगर पंचायत डोमचांच कार्यालय के द्वारा एक मिस्त्री को मरम्मत के लिए भेजा गया, लेकिन नहीं बना। प्रभावित लोगों के द्वारा पुन: शिकायत करने पर भी नगर पंचायत डोमचांच के अधिकारियों का चापानल मरम्मत को लेकर कोई ध्यान नहीं है। अब डोमचांच नगर पंचायत वार्ड नंबर 8 गोस्वामी टोला के लोग पानी की समस्या से पूरी तरह से परेशान हैं।

### बोलेरो पलटने से युवती गंभीर रूप से घायल

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के महतो आहर के समीप सोमवार को एक बोलेरो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त होने से बोलेरो पर सवार एक लड़की और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार झरखी बिशुनपुर निवासी 10 लोग एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान महतो आहर के समीप बोलेरो दुर्घटनाग्रस्त हो गई। जिसमें 12 वर्षीय लक्ष्मी कुमारी पिता मुरारी सिंह और 28 वर्षीय अनिल कुमार पिता अर्जुन साव घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां लक्ष्मी कुमारी का प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### हाईवा की चपेट में आने से पत्नी की मौत, पति गंभीर

**कोडरमा।** चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत हाईवा की चपेट में आने से बाइक सवार पत्नी की मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतका की पहचान बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत करियातपुर निवासी 45 वर्षीय सफिदान खातून पति 55 वर्षीय मो. अनवर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त बाइक चालक अपने बाइक (जेएच02एआर 9955) से बरही थाना क्षेत्र के करियातपुर (हजरीबाग) से चंदवारा थाना क्षेत्र के ढाब की ओर आ रहे थे, इसी बीच थाम के समीप हाइवा की चपेट में आ गए, जिससे बाइक सवार पत्नी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जबकि उसके पति गंभीर रूप से घायल हो गए। इधर घटना की सूचना चंदवारा थाना को दी गई, जिसके पश्चात चंदवारा थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेते हुए घायल पति को एम्बुलेंस की मदद से सदर अस्पताल भेजा गया, जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर घटना की सूचना के पश्चात मृतका के परिजन मौके पर पहुंच गए हैं। वहीं थाना प्रभारी धनेश्वर कुमार ने बताया कि मृतका के पोस्टमार्टम के पश्चात शव उसके परिजनों को सौंप दिया जाएगा। वहीं घटना के पश्चात थाम-चंदवारा मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई, जिसे चंदवारा पुलिस के सहयोग से जाम को हटाया जा रहा है।

# बुद्ध पूर्णिमा पर कौलेश्वरी में शांति एवं अहिंसा का संदेश

- बुद्धा पार्क में मनाया जन्मोत्सव, बुद्ध प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर अंग वस्त्र समर्पित

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**हंटरगंज/चतरा।** हंटरगंज के विश्व ख्याति प्राप्त तीन धर्मो का संगम स्थित कौलेश्वरी पहाड़ के तराई में हटवारिया बुद्धा पार्क में सोमवार को भगवान बुद्ध का 2588वां जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित करते हुए अंग वस्त्र समर्पित किया। हंटरगंज मंडल उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि रौशन कुमार सिंह ने कहा कि विश्व को आज के समय में महात्मा बुद्ध के विचारों की जरूरत है। महात्मा बुद्ध के विचार ने पूरे दुनिया में शांति, प्रेम एवं भाईचारा स्थापित किया है। महात्मा बुद्ध के विचार से मानव-मानव में जुड़ाव एवं भाईचारा स्थापित हो सकती है। हम लोग भाग्यशाली हैं कि महात्मा बुद्ध जैसे महापुरुष हमारे भारत में जन्म लिए और महात्मा बुद्ध के विचार आज थाईलैंड, कोरिया, जापान, श्रीलंका, म्यांमार, भूटान आदि कई देशों में पालन किये जा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि महात्मा बुद्ध राज परिवार में जन्म लिए। वह चाहते तो ऐशो आराम की जिंदगी जी सकते थे। लेकिन मानव जीवन की दुख को समझने के लिए मानव जीवन क्या है? यह तथ्य को समझने के लिए राजमहल त्याग कर वह जंगल में चिंतन करने के लिए साधना करने के लिए निकल पड़े और बोधगया में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। उनका प्रवचन बनारस में उनके द्वारा दिया गया जिसे सुनकर देश-विदेश तक फैलाया गया।

वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष हंटरगंज अरुण कुमार चौरसिया ने कहा कि महात्मा बुद्ध विश्व के प्रभावशाली व्यक्तियों में से एक माने जाते हैं। आज के ढाई हजार साल पहले महात्मा बुद्ध का जन्म भारत के राज परिवार में हुआ था। वह अपना राजकीय जीवन त्याग कर एक बौद्ध भिक्षु बनाकर भिखारी बनकर वे ज्ञान की तलाश में भटकते रहे और बोधगया में पीपल वृक्ष जिसे आज बोधि वृक्ष कहा जाता है के नीचे महात्मा बुद्ध को ज्ञान प्राप्ति हुई। महात्मा बुद्ध ने लोगों को अष्टांगिक मार्ग दिया कि उस मार्ग पर चलकर हम मानवीय समाज में शांति स्थापित कर सकते हैं। मानवों को प्रेम से जोड़ सकते हैं।

इस मौके पर कौलेश्वरी विकास प्रबंधन समिति के संस्थापक सदस्य सह सामाजिक चिंतक एवं विश्लेषक समाजसेवी शिक्षक रविंद्र कुमार रवि ने बताया कि महात्मा बुद्ध ने पूरे दुनिया में सत्य, अहिंसा, प्रेम एवं शांति का पाठ पढ़ाया। उन्होंने चोरी व्यभिचारी, झूठ, बेईमानी शैतानी आदि अमानवीय कुकृतियों को समाज से भरपूर हटाने का काम किया। राज परिवार में जन्म लेने के बाद भी वे जीवन की सच्चाई को समझने के लिए घर से निकल पड़े और बोधगया में उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई। उसके बाद उन्होंने अपना पहला प्रवचन सारनाथ बनारस में दिया। उनके जीवन की सिद्धांत को राजा महाराजाओं ने अपनाया एवं देश-विदेश तक उनके महत्वपूर्ण संदेश को फैलाया गया।

वहीं सुनील कुमार दास ने कहा कि महात्मा बुद्ध आज के लगभग ढाई हजार साल पहले दुनिया में जन्म लेकर के दुनिया की समस्याओं को उनकी जड़ तक पहुंचने का प्रयास किया और मानव के दुखों का कारण एवं पीड़ा की कारण एवं मानव को पीड़ा से छुटकारा एवं मुक्ति कैसे मिलेगी उसका निवारण भी महात्मा बुद्ध ने चिंतन कर पूरे दुनिया को एक नया विचार दिया। वही संतोष कुमार पासवान ने कहा कि महात्मा बुद्ध की जीवन शैली पूरे दुनिया को प्रभावित करती है। आज जहां लोग लड़ने की बात करते हैं महात्मा बुद्ध ने युद्ध से बचने का संदेश दिया। लड़ाई झगड़ा से परे रहने की बात कही थी। भेदभाव मिटाने की बात कही थी मानवीय जीवन मानवों के लिए बनाने की बात कही थी। अरुण कुमार दास (कोबना) ने बताया कि हमें महात्मा बुद्ध के जितने भी सिद्धांत हैं उन्हें जरूर पालन करना चाहिए। महात्मा बुद्ध ने मानव जीवन को सर्वोत्तम बनाने के लिए कई विचार दिए हैं। आज पूरे दुनिया में इस विचार से प्रेम, भाईचारा एवं शांति स्थापित हो सकती है।

## तनिष्क कोडरमा में धूमधाम से मनाया गया मातृत्व दिवस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** तनिष्क कोडरमा स्टोर में मातृत्व दिवस के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रुचि रश्मि सीनियर मैनेजर बैंक ऑफ इंडिया और डॉक्टर श्रद्धा उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के दौरान तनिष्क ने अपने शुभ विवाह ऑफर के बारे में विस्तार से बताया, जिसमें ग्राहकों को आकर्षक ज्वेलरी डिजाइन और विशेष ऑफर्स का लाभ उठाने का अवसर मिला। तनिष्क की ज्वेलरी में विभिन्न प्रकार के डिजाइन और शैलियां शामिल हैं, जैसे कि पारंपरिक, आधुनिक और समकालीन।

स्थानीय महिलाओं ने रैंप वॉक और मॉडलिंग में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया एवं रांची से प्रियंका जायसवाल, संजना शर्मा, मधुलिका ने मुख्य रूप से भाग लिया। इन महिलाओं ने तनिष्क की सुंदर ज्वेलरी का प्रदर्शन किया और शो स्टॉपर प्रियंका जायसवाल बनीं। इस अवसर पर तनिष्क कोडरमा की टीम



ने मातृत्व दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और महिलाओं के सशक्तिकरण पर जोर दिया। तनिष्क महिला सशक्तिकरण का समर्थन करता है और महिलाओं को आत्मविश्वास और गरिमा की भावना प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के अंत में तनिष्क की टीम ने सभी उपस्थित महिलाओं को धन्यवाद दिया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इस तरह के आयोजन होते रहेंगे।

कार्यक्रम में उपस्थित सभी महिलाओं ने तनिष्क की ज्वेलरी की सराहना की और उनकी गुणवत्ता की प्रशंसा की। तनिष्क की टीम ने महिलाओं के साथ बातचीत की और उनकी प्रतिक्रियाओं को सुना। इस अवसर पर तनिष्क कोडरमा की टीम ने महिलाओं को उनके महत्वपूर्ण दिन पर सम्मानित करने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन किया था। इस कार्यक्रम ने महिलाओं को अपने आत्मविश्वास को बढ़ाने और अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान किया। तनिष्क की टीम ने इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी का धन्यवाद दिया। इस कार्यक्रम के आयोजन से तनिष्क की टीम को महिलाओं के साथ जुड़ने और उनकी जरूरतों को समझने का अवसर मिला। तनिष्क कोडरमा की टीम ने भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया। इस कार्यक्रम के आयोजन से तनिष्क कोडरमा की टीम को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा करने का अवसर मिला।

# समाज के हर परिवार को विपत्तियों से बचाने की मां बाघेश्वरी देवी से की गयी प्रार्थना

■ बाराद्वारी स्थित भवन में मां बाघेश्वरी देवी की पूजा में भक्तों की उमड़ी भीड़...

■ आज श्रद्धा दास अपने गीतों से बांधेंगी शमां

खबर मन्त्र ब्यूरो



न्यू बाराद्वारी में मां बाघेश्वरी पूजा समारोह में विचार व्यक्त करते सांसद विद्युत। मंचस्थ हैं विधायक पूर्णिमा साहू व अन्य।

**जमशेदपुर।** सुवर्ण वर्णिक समाज के प्रदेश, जिला एवं विभिन्न शाखा कमेटी के सौजन्य से बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को बाराद्वारी स्थित भवन में श्री श्री मां बाघेश्वरी देवी की पूजा अर्चना की गयी। पूजा का शुभारंभ सुबह स्वर्णरेखा नदी घाट से समाज के लोगों ने घाट आगमन कर किया।

## जमशेदपुर सांसद थे मुख्य अतिथि

कार्यक्रम में अतिथि के रूप में उपस्थित सांसद विद्युत वरण महतो ने सुवर्ण वर्णिक समाज के हर परिवार को विपत्तियों से बचाने की मां बाघेश्वरी देवी से की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि सुवर्ण वर्णिक समाज एक संगठित समाज है, जो सामाजिक कार्यों में काफी सक्रियता है। उन्होंने केंद्रीय ओबीसी पिछड़ा वर्ग आयोग की सूची में सुवर्ण वर्णिक जाति को शामिल करने के लिए हरसंभव मदद का भरोसा दिया।

## इन्होंने किया संबोधित

कार्यक्रम को विधायक मंगल कालिंदी, विधायक पुर्णिमा साहु, समाजसेवी आस्तिक महतो, समाजसेवी मोहन कर्मकार, पूर्व मंत्री दुलाल भुइयां, आनंद विहारी दुबे, शिव शंकर सिंह, जुगन पांडेय, सौरव विष्णु, करण गोराई आदि ने भी संबोधित किया।

मौके पर प्रदेश कमेटी के संरक्षक विश्वनाथ चंद्र, प्रदेश अध्यक्ष संजय पोद्दार, सचिव दीपक दत्ता, गोपाल दत्त, समीर दत्त, डॉ केएल पाल, जिला अध्यक्ष रवि माझी, संजय दता, सनोज चंद्र, प्रशांत पोद्दार, धनंजय चंद्र, विजय चंद्र, पप्पू पोद्दार, सतीश दे, बुलबुल चंद्र, शिशिर दत्त, विश्वजीत चंद्र, कंचन दत्त, महादेव सेन, शंभू सेतुआ, प्रदीप चंद्र, राजेंद्र दत्त, सनातन चंद्र, निरंजन मांझी, विनोद दे, रविंद्र नाथ दे, उज्जल दास, संतोष पोद्दार, मधुसूदन चंद्र समेत सभी आठ शाखा के पदाधिकारीयों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

इस मौके पर बच्चों एवं महिलाओं के बीच खेलकूद, चेयर रेस आदि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मंगलवार की शाम श्रद्धा दास द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा।

## मां बाघेश्वरी देवी की पूजा में निर्मल नगर भुइयांडीह में उमड़ी भारी भीड़



**जमशेदपुर।** सुवर्ण वर्णिक समाज निर्मल नगर भुइयांडीह शाखा कमेटी की ओर से सोमवार को निर्मल नगर में श्री श्री मां बाघेश्वरी देवी की पूजा अर्चना की गई। पूजा का शुभारंभ स्वर्णरेखा नदी घाट से पंडित काजल ठाकुर व दर्जनों महिलाओं द्वारा घट आगमन कर किया। कार्यक्रम में समाज के उज्जवल दास, महादेव सेन, संतोष मांझी, संजय चौधरी, गणेश दत्त, नवीन माझी, अश्विनी माझी, संदीप दत्त, राजेश पाल, चिंटू पोद्दार, राजू पाल, सुजीत चंद्र, अविनाश चंद्र, अजय दास, अंपु दत्त, चंदन मांझी, आशीष सेन आदि उपस्थित थे। इस दौरान देर शाम संस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

## खरकाई नदी के जल से मां का अभिषेक, भक्तों की भीड़ उमड़ी



**जमशेदपुर।** सुवर्ण वर्णिक समाज कदमा शाखा की ओर से बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर सोमवार को मां बाघेश्वरी देवी पूजा मैदान कदमा में हर वर्ष की बात इस वर्ष भी खड़काई नदी के जल से मां बाघेश्वरी देवी का हुआ अभिषेक। इस दौरान समाज के पुरुष एवं महिलाओं ने उपवास रहकर समाज की कुलदेवी श्री श्री मां बाघेश्वरी देवी की पूजा अर्चना की। पूजा से पूर्व दर्जनों पुरुष महिलाओं ने पंडित रखोहरी भट्टाचार्य के नेतृत्व में दो मुहानी संगम घाट से जलाभिषेक कर पूजा का शुभारंभ किया। इस दौरान बच्चों के बीच खेलकूद एवं महिलाओं के बीच चेयर रेस, शंखनाद आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। देर शाम सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से निर्मल चंद्र, दिलीप दत्त, संजय दत्त, अनिल मांझी, अशोक साव, नेपाल माझी, दीपक दत्ता, वीरेन दत्त, राजेश माझी, कंचन दत्त, रवि दत्त, दीपू माझी, दुलाल साव, विक्रम चंद्र, टिंकू पोद्दार, बापन चंद्र, सबल चंद्र समेत महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## स्पीड न्यूज



### नार्दन टाउन में अखंड हरिकीर्तन शुरू

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर नॉर्दर्न टाउन में अखंड हरि कीर्तन किया गया, जो आज सवेरे 8 बजे से शुरू हुआ और कल इसकी पूर्णाहुति होगी। संस्था के पदाधिकारी ने बताया कि यह हरि अखंड कीर्तन मानव कल्याण के लिए किया जा रहा है। ज्यादा से ज्यादा लोग हरि भगवान से जुड़े। इस कीर्तन में उड़ीसा से भी टीम आ रही है। जो लगातार 24 घंटा अखंड कीर्तन करेगी।

### नारायण आईटीआई में बुद्ध की जयंती मनी



**नीमडीह/जमशेदपुर।** सोमवार को नारायण आई टी आई लुपुंगडीह चांडिल में भगवान बुद्ध की जयंती मनायी गयी। मौके पर संस्थान के संस्थापक डाक्टर जटाशंकर पांडे ने कहा कि भगवान बुद्ध इस पूरे विश्व को सत्य अहिंसा मार्ग दिखाने वाले और उनका जन्म राज परिवार में हो कर भी लंबनी जो नेपाल में है और 29 वर्ष की उम्र में ही घर से ही निकल गयी और 5 साल के कठिन तपस्या के बाद गया मैं जो वृक्ष है वृक्ष के नीचे उनका अंतर चक्षु खुला और पूरे विश्व के लिए उन्होंने जो ज्ञान का जो संदेश दिया वह आज भी उतना ही उपयोगी है। मौके पर अधिवक्ता निखिल कुमार, अधिवक्ता अशोक झा, शांतिराम महतो, पवन महतो, अजय मंडल, प्रकाश महतो, संजीत महतो, देवाशीष मंडल, गौरव महतो, शुभम साहू उपस्थित थे।

### महिला विवि के बीबीए विभाग में वेबिनार

**जमशेदपुर।** कुलपति, प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता मार्गदर्शन में बीबीए विभाग ने छात्राओं के लिए एक वेबिनार किया। जिसमें भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) रांची की एक प्रमुख प्रोफेसर और सम्मानित पूर्व छात्र ने भाग लिया। इस सत्र का उद्देश्य प्रबंधन में ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान करना था, जैसे कि छात्रों को करियर मार्गदर्शन के साथ सशक्त बनाना, प्रबंधन में उभरते रुझानों पर चर्चा करना। आईआईएम रांची के सहायक प्रोफेसर डॉ कृष्ण कुमार सक्सेना ने छात्राओं को बहुमूल्य जानकारियां दी, जैसे कि प्रबंधन की समस्याएं क्या हैं एवं प्रबंधन का भविष्य क्या है आदि। आईआईएम रांची के एक निपुण पूर्व छात्र स्वराज सिंह ने वास्तविक दुनिया के कई उदाहरणों एवं अपने अनुभव के आधार पर करियर की सलाह और उद्योग के बारे में जानकारी प्रदान करके सत्र को और समृद्ध बनाया। डॉ राजीव वर्मा और डॉ जगन कुमार, सहायक प्रोफेसर, आईआईएम रांची ने भी छात्राओं के साथ विशेष सलाह दिया। बीबीए विभाग के सहायक प्रोफेसर अमित गुंजन, विजय गोविंदराजन एवं क्लब की छात्राओं ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अहम भूमिका निभायी।

### मंडल स्टोर के मालिक पर फायरिंग के मामले में तीन गिरफ्तार



**गम्हरिया।** बीते 8 मई को देर शाम कांड्रा थाना क्षेत्र के कांड्रा मोड़ के पास मंडल स्टोर के मालिक चितरंजन मंडल पर की गयी फायरिंग की घटना में शामिल तीन अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से उक्त घटना में प्रयुक्त एक पिस्तौल, 8 जिंदा कारतूस, दो मोबाइल और एक बिना नम्बर का सुपर एस्पलेंडर मोटरसाइकिल भी पुलिस ने बरामद किया है। हालांकि मुख्य साजिशकर्ता अभी भी फरार है। उक्त फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए सरायकेला एसडीपीओ समीर सवैया ने बताया कि रंगदारी की नीयत से बाइक सवार अपराधियों ने मंडल स्टोर में बैठे मलिक चितरंजन मंडल पर फायरिंग की गयी थी।

# साकची के होटल में फंदे से लटकती मिली युवती, तीन हिरासत में लिये गये

■ होटल अल डोराडो में दो लड़के और दो लड़कियों ने बुक कराया था कमरा

खबर मन्त्र ब्यूरो



गिरफ्तार युवक-युवती और होटल के कमरे में मिली शराब की बोतले और चखना।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र स्थित आमबगान सना कॉम्प्लेक्स के होटल एल डोराडो के एक कमरे में सोमवार की सुबह एक युवती का शव फंदे से झूलता हुआ पाया गया। युवती की पहचान आजादनगर निवासी सुश्री रुखसार के रुप में की गयी है।

बताया जाता है कि रविवार की रात आजादनगर निवासी रुखसार, ओल्ड पुरुलिया रोड निवासी दीपा दीप, राजेंद्रनगर निवासी ऋतुराज सिंह और पंकज कुमार क्रमशः रुम नंबर 506 और 504 में ठहरे हुए थे। पूरी रात चारों ने अय्याशी की। पुलिस ने दोनों कमरों से शराब की बोतलें एवं कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

सोमवार की सुबह में रुखसार अपने कमरे में फंदे से लटकती हुई मिली। सूचना मिलने पर साकची पुलिस होटल पहुंची और शव को उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया जबकि दीपा दीप, ऋतुराज सिंह और पंकज को हिरासत में ले लिया। पुलिस सीसीटीवी फुटेज भी तलाश रही है। दीपा दीप के मुताबिक रुखसार से उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम पर हुई थी। उसने ही उसे होटल में बुलाया था।

जब यहां पहुंची तो तीनों शराब के नशे में धूत थे और फिर वह वहां से चली गयी। दूसरी ओर घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची साकची थाना की पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। जांच के क्रम में पुलिस ने होटल एल डोराडो के जिस कमरे से युवती का शव बरामद किया है।

वहां से पुलिस ने शराब की कई बोतले, बीयर की केन, सिगरेट समेत अन्य कई आपत्तिजनक समान भी बरामद किया है जिससे अंदेशा लगाया जा है कि घटना से पूर्व होटल में ठहरे युवकों व युवतियों के द्वारा जमकर शराब और शबाब की पार्टी हुई। जिसके बाद इस तरह की घटना घटी।

## एक नजर में

### रविदास भवन में बुद्ध पूर्णिमा मनायी गयी



**जमशेदपुर।** रविदास समाज पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के द्वारा रविदास भवन कदमा में बुद्ध पूर्णिमा के दिन बुद्ध के विचारों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। मौके पर बुद्ध बंदना, त्रिशरण और पंचशील का पाठ किया गया। अष्टांगिक मार्ग अपनाने की शपथ ली गईं। बाबासाहेब की 22 प्रतिज्ञाओं का सामूहिक पाठ हुआ।चार आर्य सत्य और दस परिमिताओ पर चर्चा हुई। तथागत के करुणा मैत्री और समानता को समाज में जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस पावन अवसर पर बहुजन पुस्तकालय की स्थापना रविदास भवन में की गयी। बहुजन साहित्य प्रचुर मात्रा में लाई जा रही है जिससे बच्चे बूढे और महिलाओं को विशेष लाभ होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्यामलाल जी, संचालन विश्राम राम और धन्यवाद ज्ञापन सावन कुमार किये। मौके पर शंकर दास, गया प्रसाद प्रेमी, मोहनदास, सावन कुमार, विश्राम राम, प्रकाश चन्द्र, विंदेश्वर राम, हरिवंश ने विचार रखे।

### साकची प्रखंड व मंडल कमेटियों का पुनर्गठन




**जमशेदपुर।** सोमवार को साकची प्रखंड कांग्रेस ने संगठन सृजन 2025 अभियान के तहत प्रखंड कमेटी एवं मंडल कमेटी का पुनर्गठन सर्वसम्मति से साकची प्रखंड पर्यवेक्षक सह प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी की उपस्थिति में हुआ। सर्वप्रथम साकची प्रखंड पर्यवेक्षक श्री तिवारी ने प्रखंड कमेटी एवं मंडल कमेटी के पदाधिकारियों का परिचय करते हुए उपस्थिति लिया। सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष के रूप में विनोद यादव एवं दो उपाध्यक्ष, 9 महामंत्री का चुनाव कार्य सम्पन्न हुआ। साकची पूर्वी मंडल के अध्यक्ष पद पर प्रमोद मिश्रा एवं दो उपाध्यक्ष, 9 महामंत्री का चुनाव कार्य हुआ। सीतारामडेरा मण्डल महिला के अध्यक्ष पद पर सुनीता ओझा एवं दो उपाध्यक्ष, 9 महामंत्री का चुनाव कार्य हुआ। साकची प्रखंड कमेटी के दो उपाध्यक्ष, 9 महामंत्री का चुनाव कार्य सम्पन्न हुआ। बैठक में प्रखंड पर्यवेक्षक राकेश कुमार तिवारी, प्रदेश महामंत्री परविंदर सिंह, प्रखण्ड संगठन प्रभारी राजेश चौधरी, साकची प्रखण्ड अध्यक्ष धर्मा राव, सीतारामडेरा मण्डल अध्यक्ष विनोद यादव, साकची पूर्वी मण्डल अध्यक्ष प्रमोद मिश्र, सीतारामडेरा मंडल अध्यक्ष महिला सुनीता ओझा, वरिष्ठ नेता प्रभात रंजन श्रीवास्तव, हरिहर प्रसाद सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

### नरवा में आलचिकी के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की 120वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी



**जादूगोड़ा।** जाहेर गाढ़ ओल ईतुन आसड़ा की ओर से यूसिल कॉलोनी नरवा पहाड़ में ओलचिकि के जनक पं रघुनाथ मुर्मू की 120 वां जयंती सादगी से मनाया गया। मौके पर सीटीसी में कार्यक्रम आयोजित की गई जहां उनकी प्रतिमा पर पूजा-अर्चना व माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी गई। इस बाबत माझी बाबा वीरेन टुडू ने कहा कि उनका जन्म ओडिशा के मयुरभंज जिला के डांडपुस के डाहारडी गांव में सन 1905 में बैशाख माह की पूर्णिमा के दिन जन्म हुआ था। उन्होंने ओलचिकि का आविष्कार सन 1925 में पं रघुनाथ मुर्मू ने ने किया था। इस दौरान उन्होंने झारखंड, उड़िसा, बिहार, बंगाल आदि घुम घुमकर ओलचिकि का शोध किया व ओलचिकी भाषा की जन-जन पहुंचाने का काम किया। उन्होंने जानकारी दी कि ओल चिकी प्रकृति से जुड़ा हुआ है जिसमें सभी अक्षर कुछ न कुछ प्रकृति को दर्शाता है। इस समारोह की समाजविद दुर्गा मुर्मू ने भी संबोधित किया। इसमें गुरुवारी सरदार, रेशमा माहली, फुदान मारडी दिलीप मुर्मू, मानसिंह किस्कू, सागर टुडू, लक्ष्मी टुडू, सुनिता मुर्मू, चंपा मुर्मू, माया मुर्मू, सोनिया माझी,सीता बेसरा, अनिता किसकु, शेफाली मारडी, संजु सोरेन शामली माझी हिरानी किस्कु समेत कई महिलाओं ने हिस्सा लिया।

### पोटका में ओलचिकी के जनक पंडित रघुनाथ मुर्मू की 120वीं जयंती धूमधाम से मनायी गयी



**पोटका।** ऑल चिकी के जनक पंडित रघुनाथ मुरमू की 120 वां जन्म जयंती रूसिक आखड़ा बाघमारा ने कसकोम डूंगरी की चोटी में स्थापित पंडित रघुनाथ मुर्मू की स्टैचू के समक्ष बड़ी हर्ष उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संजीव सरदार एवं विशिष्ट अतिथि पंडित रघुनाथ मुर्मू के साथ ऑल चिकि प्रचारक एवं अनुयाई रहें दुर्गा प्रसाद मुर्मू उपस्थित थे। महिलाओं ने पारंपरिक विधि विधान के अनुसार पंडित रघुनाथ मुरमू की पूजा अर्चना की एवं अनोड़हें गीत गाकर उनकी यादों को जीवंत किया। इस अवसर पर सीत सकाम हाटीइंज गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुरमू ऑल इतुन असड़ा द्वारा संचालित ओल चिकि स्कूल परीक्षा में 31 उत्तीर्ण छात्रों को सर्टिफिकेट वितरण हुआ एवं 1, सकील ज्ञान हेपराव 2, पंडित रघुनाथ मुर्मू बाबोत सेरेन हेपराव 3,पंडित रघुनाथ मुर्मू की जीवन पर ऑल हेपराव जैसे कार्यक्रम हुआ। इसमें कई प्रतिभागियों ने भाग लिये।

## टाटा को कालीमाटी में स्टील प्लांट लगाने की पैरवी करनेवाले भूविज्ञानी थे पीएन बोस

खबर मन्त्र ब्यूरो

■ कृतज्ञ टाटा स्टील ने पीएन बोस को दी भावभीनी श्रद्धांजलि




**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने अग्रणी भूविज्ञानी प्रमथ नाथ बोस (जिन्हें पी एन बोस के नाम से भी जाना जाता है) को आज उनकी 170वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट सर्विसेज) डी बी सुंदर रामम और विशिष्ट अतिथि के रूप में टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी उपस्थित थे। इस अवसर पर भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण की झारखंड राज्य इकाई के उप महानिदेशक श्री अखौरी विश्वप्रिय विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन नेचुरल रिसोर्सेज डिविजन (एनआरडी) ने सेंटर फॉर एक्सीलेंस के सहयोग से किया था। इस अवसर पर टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कच्चा माल) संदीप कुमार, टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष शैलेश कुमार सिंह, एनआरडी के प्रमुख, टाटा स्टील के अधिकारी और टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## हाता जादूगोड़ा मुख्य पथ पर टेंपो पेड़ से टकराया, एक की मौत, कई घायल

खबर मन्त्र प्रतिनिधि



दुर्घटना के बाद टेंपो का हाल और इलाज करते अस्पतालकर्मी।

**पोटका।** थाना क्षेत्र के हाता जादूगोड़ा मुख्य सड़क पर पोटका भूषण कंपनी चारदीवारी के समीप पैसेंजर टेंपों दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि 11 लोग घायल हो गए। मृतक का नाम सुधीर गोप (70) है। इनकी मौत एमजीएम अस्पताल में हुई। घटना सोमवार की है।

जानकारी अनुसार हाता से पैसेंजर लेकर टेंपों (जेएच 05 एच/ 7413) पोटका की ओर जा रहा था। घटनास्थल पर टेंपो चालक साधु गोप की तबियत बिगड़ने पर टेंपो अनियंत्रित होकर पहले एक बाइक सवार को ठोकर मारा, जिसमें तीन लोग गिर गये। इनमें दो को चोट लगी। तदुपरांत अनियंत्रित पैसेंजर टेंपों एक एरिस पैसेंजर टेंपों को ठोकर मारते हुए तेज गति से सड़क के दाहिने ओर पेड़ से टकराया। टेंपों के पेड़ से टकराने से इसमें सवार यात्री घायल हो गए तथा टेंपों दो तीन टुकड़ों में बंट गया। सूचना पाकर पोटका पुलिस और झामुमो नेता किशन गुप्ता मौके पर पहुंचे एवं घायलों को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया।

## गंभीर रोगियों की रिकवरी के लिए ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल ने खोला पुनर्वास केंद्र

खबर मन्त्र ब्यूरो


पुनर्वास केंद्र का उद्घाटन करते मनोबिंदु भट्टाचार्यी और डा परवेज आलम। साथ में फेसिलिटी डायरेक्टर धर्मा राव।

**जमशेदपुर।** ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल, तामुलिया ने अपने परिसर में एक समर्पित पुनर्वास केंद्र (पुनसुर्धार केंद्र) की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य शारीरिक, स्नायविक, हृदय संबंधी, फेफड़ों से जुड़ी तथा उम्र-विशेष पुनर्वास की आवश्यकता वाले रोगियों को संरचित और निरंतर देखभाल प्रदान करना है।

यह केंद्र मुख्य रूप से अस्पताल में भर्ती रोगियों, सर्जरी के बाद के मामलों, स्ट्रोक से पीड़ित मरीजों तथा ऑर्थोपेडिक रोगियों को सहायता प्रदान करेगा, जिससे वे अपनी कार्यक्षमता पुनः प्राप्त कर सकें और समय पर हस्तक्षेप के माध्यम से जीवन की गुणवत्ता में सुधार हो सके। इन सेवाओं को सुलभ और किफायती बनाया गया है, जिससे लागत केवल बुनियादी ढांचे, उपकरण, स्टाफिंग और संचालन के खर्चों को कवर करने के लिए रखी गयी है। स्थानीय क्लीनिक, खेल केंद्रों और कॉर्पोरेट संगठनों ने पुनर्वास केंद्र की शुरूआत में ब्रह्मानंद नारायणा अस्पताल के साथ मिलकर सहयोग किया है।

## सरयू राय के प्रतिनिधियों और कांग्रेस समर्थक के बीच मारपीट

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** उलीडीह के विधायक प्रतिनिधि श्री संतोष भगत और स्वास्थ्य प्रतिनिधि नीरज सिंह ने संयुक्त रूप से जवाहरनगर, रोड नं. 15, सहारा सिटी निवासी गोपाल यादव के खिलाफ मारपीट करने, 15 हजार नगद समेत सोने का चैन की छिनतई कर लेने की लिखित शिकायत मानगो थाना में दर्ज करायी है। उन्होंने लिखित शिकायत में कहा है कि जमशेदपुर पश्चिम के विधायक श्री सरयू राय के क्षेत्र का प्रतिनिधि होने के नाते नीरज सिंह, अमित शर्मा और संतोष भगत सोलर एलईडी लगवाने को लेकर क्षेत्र का निरीक्षण करने जा रहे थे तभी जवाहरनगर, रोड नं. 15 निवासी गोपाल यादव ने इन्हें देखकर अपनी नीले रंग की ब्रेजा गाड़ी को रोका और गाली देने लगा। गोपाल यादव के साथ अन्य तीन लोग भी थे सबने मिलकर कांग्रेस पार्टी से जुड़े होने की बात कही और गाली देते हुए कार से लाठी निकालकर हमला कर दिया। मारपीट के क्रम में नरीज सिंह के गर्दन से सोने का चैन छिन लिया और पैंट के पॉकेट से 15 हजार नगद भी निकाल लिया।

## टाटा स्टील फाउंडेशन आईटीआई से युवाओं को दिला रही 100% प्लेसमेंट

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** एक उल्लेखनीय उपलब्धि के तहत, झारखंड और ओडिशा के ग्रामीण क्षेत्रों से 70 युवाओं को अप्रैल 2025 में विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त हुआ। यह सफलता टाटा स्टील फाउंडेशन की प्रतिबद्धता का प्रत्यक्ष प्रमाण है, जो भारत सरकार के ₹स्किल इंडिया मिशन₹ के अनुरूप युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए सतत प्रयासरत है।

टाटा स्टील फाउंडेशन झारखंड और ओडिशा में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) को सक्रिय रूप से सशक्त बना रहा है, जिससे एक समग्र पारिस्थितिकी तंत्र तैयार हो रहा है जो उद्योग-उन्मुख कौशल को प्रोत्साहित करता है। ये संस्थान तकनीकी और गैर-तकनीकी दोनों प्रकार के विविध पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं, जिन्हें विशेष रूप से ग्रामीण और वंचित समुदायों से आने वाले युवाओं की क्षमताओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है।

**प्लेसमेंट का विवरण:**

- वित्त वर्ष 2024-25 में कुल प्लेसमेंट: 213
- वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 में): प्लेसमेंट: 70
- अब तक सभी आईटीआई में कुल प्लेसमेंट : 1431
- आइटीआई प्रशिक्षितों का विदेशों में प्लेसमेंट: 38

फाउंडेशन द्वारा समर्थित पहला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, आईटीआई तामाड़, वर्ष 2012 में स्थापित किया गया था – जो भारत सरकार की स्किल इंडिया मिशन की शुरूआत से तीन वर्ष पहले की बात है। वर्तमान में, चार आईटीआई सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के तहत संचालित हो रहे हैं – जिनमें से तीन झारखंड सरकार के साथ और एक ओडिशा सरकार के साथ साझेदारी में संचालित हो रहें हैं।

इस उपलब्धि पर बात करते हुए, कैप्टन अमिताभ, हेड ,स्किल डेवलपमेंट, टाटा स्टील फाउंडेशन ने कहा कि हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि यह रही है कि हमने आईटीआई प्रशिक्षण को प्रेरणा का स्रोत बना दिया है – खासकर उन छात्रों के लिए जो वंचित समुदायों से आते हैं। जो कभी छात्रों को जोड़ने की चुनौती थी, वह अब एक आंदोलन बन चुका है। आज स्थिति यह है कि दाखिले के लिए कतारें लगती हैं और हमें उम्मीदवारों का चयन स्क्रीनिंग से करना पड़ता है। हमारा लगातार 100% प्लेसमेंट रिकॉर्ड – जिसमें विदेशी प्लेसमेंट भी शामिल हैं।

**स्पीड न्यूज**

## आशी केयर अस्पताल में केक काटकर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस



**मेदिनीनगर।** पांकी रोड जनकपुरी स्थित आशी केयर अस्पताल में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस पर विशेष कार्यक्रम किया गया। अस्पताल निदेशक मनीष तिवारी ने संस्थान की दर्जनों नर्सों के साथ मिल केक काटा और उनके योगदान को सराहा। निदेशक एवं वरिष्ठ स्टाफ ने नर्सों को फूल और उपहार भेंट कर सम्मानित किया। निदेशक ने कहा कि नर्सें नि:स्वार्थ सेवा, धैर्य और करुणा की प्रतिमूर्ति हैं। आज का दिन उनके त्याग और समर्पण को याद करने का अवसर है। इस दौरान नर्सिंग स्टाफ ने भी अपने अनुभव साझा किये और एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं। मौके पर सिस्टर संजीत, आरती, मोफिदा, कल्पना, श्रुति, सुप्रिया, प्रिंसी, प्रगति, रूपा, अमीषा सहित सभी नर्सिंग स्टाफ थे।

## अपराध, नशा मुक्ति, साईबर अपराध, अंधविश्वास से बचने को जागरूकता



**छतरपुर पलामू।** छतरपुर थाना प्रभारी के नेतृत्व में सोमवार को ग्राम - सुशीगंज, पिकेट-लठैया में जन जागरूकता अभियान चलाया गया। गांव के छात्र, छात्राओ और महिलाओ तथा पुरुषों के बीच नशा का दुष्प्रभाव का जानकारी दिया तथा नशा मुक्ति की ओर बढ़ रहे समाज को रोकने का अनुरोध किया। साथ ही इन दिनों ज्यादातर साईबर अपराध की घटना देखने को मिल रहा है इससे भी सतर्क रहने की विस्तृत जानकारी दी गयी। उससे बचने के उपाय बताये और टोल फ्री नंबर 1930 की जानकारी दी।

## प्रखंड समन्वयक ने किया चापाकल मरम्मति का निरीक्षण



**पंडवा पलामू।** प्रखंड के कजरी पंचायत के गोल्हना में चापाकल मरम्मत का निरीक्षण प्रखंड वाश समन्वयक प्रीति दुबे ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के निर्देशानुसार पेयजल समस्या का समाधान हेतु चापाकल मरम्मत कार्य शुरू कर दिया है। ग्रामीणों को पानी की समस्या के समाधान का प्रयास विभाग कर रहा है।

## जपला में मनी भगवान बुद्ध की जयंती



**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के धरहरा मोड़ स्थित कृष्णा बैठा के आवसीय परिसर में बुद्ध पूर्णिमा पर भगवान बुद्ध की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर पुष्पांजलि कर की गयी। इस दौरान हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष सह अखिल भारतीय धोबी महासंघ पलामू के जिलाध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कहा कि इस दुनिया में गौतम बुद्ध ने मानवता का संदेश दिया। आज हमलोग तथागत, महामानव गौतम बुद्ध एवं बुद्ध पूर्णिमा पर उनके आदर्शों को जीवन मे उतारने की संकल्पित हैं। मौके पर राजेश्वर यादव, प्रमोद रजक, अखिलेश यादव आदि थे।

## तिलक समारोह में फायरिंग, एक घायल



**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के पाल्हे खुर्द में एक तिलक समारोह में गांव के ही युवक ने फायरिंग की। इसमें एक व्यक्ति घायल हो गया। पाटन प्रखंड के पाल्हे खुर्द निवासी अग्निशमन सेवा के जवान दीनानाथ शुक्ला पिता स्व कामेश्वर शुक्ला गोली लगने से घायल हो गये। उन्हें मेदिनीनगर नारायणी हॉस्पीटल में भर्ती कराया गया। ईलाज के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। इधर, घायल जवान ने पाटन थाना में मामला दर्ज कराया है। आवेदन में कहा है कि वे गुमला में अग्निशमन सेवा में पदस्थापित हैं। तिलक के दौरान अमरदेव शुक्ला पिता चंदन शुक्ला (32) पालहे निवासी ने मुझे जान से मारने की नीयत से पिस्टल से गोली चला दी। भुक्तभोगी ने कार्रवाई की मांग पाटन थाना प्रभारी से की है।

## विवेकानंद गुरुकुलम आवासीय विद्यालय में मातृ दिवस पर कार्यक्रम



**चैनपुर पलामू।** स्वामी विवेकानंद गुरुकुलम आवासीय विद्यालय के प्रांगण में निदेशक जफर एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ मोबिनुद्दीन कुरैशी एवं सभी शिक्षक छात्र छात्राओं की उपस्थिति में मातृ दिवस पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत छात्राओं ने अपनी मम्मी के चरणों को गमले में रखे पानी एवं फूल से धुलवाया गया मम्मी ने आशीर्वाद व प्यार दिये। छात्राओं ने भी अपनी माताओं को फूल माला पहनाकर एक एक गिफ्ट देकर उन्हें सम्मानित किया। अंत में बैलून एवं कप रेस कराया गया जिसमें केवल माताओं ने ही हिस्सा लिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली माताओं को विद्यालय द्वारा ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। मौके पर निदेशक जफर, सहायक शिक्षक काशिफ , गोल्डेन दुबे, विश्वनाथ शर्मा, विकाश वर्मा, शाकिब सर, काजल तिवारी, संतोषी शुक्ला, जेबा बसर, रंजना बारा, साजिया प्रवीन, नेहा खान, हैदर अली, नाजिया प्रवीन भी मौजूद थे।

## महिलाओं के लिए जनेश्वर पांडेय कॉम्प्लेक्स में खुला अग्रवाल बूटिक

महिलाओं के लिए आकर्षित एवं भरपूर कलेक्शन का भंडार है बूटिक अग्रवाल : अंजनी अग्रवाल




**मेदिनीनगर।** शहर के थाना रोड स्थित जनेश्वर पांडेय कॉम्प्लेक्स में अग्रवाल बूटिक का उद्घाटन बुद्ध पूर्णिमा पर पूजा अर्चना कर हुआ। संचालिका अंजनी अग्रवाल ने कहा कि शहर में जितने भी बूटिक सेंटर है उससे काफी अलग हटकर अग्रवाल बूटिक है। यहां पंजाब, लुधियाना, दिल्ली, कोलकाता, बनारस का बूटिक सभी रेंज में उपलब्ध है, जो महिलाओं को आकर्षिक करेगा। यहां चादर, कुर्ती, साड़ी, दोहर समेत कई ऐसे परिधान हैं जो महिलाओं को पसंद आयेगा।

# चैनपुर नेउरा रोड को प्रथम मेयर ने निजी खर्च से रिपेयर कराया

### क्या प्रशासन बड़ी घटना का इंतजार कर रहा : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता







**खास बातें :** प्रथम महापौर ने कहा कि लगता है प्रशासन किसी बड़ी घटना का इंतजार कर रहा है। प्रथम महापौर ने कहा मैं इस मुद्दे को सांसद एवं वित्त मंत्री के संज्ञान में दी हूं जिसका निराकरण जल्द होने का आश्वासन मिला है। मैं एक बार पुनः सबों से अनुरोध करूंगी कि इस मार्ग का कार्य यथाशीघ्र लगाया जाये। प्रथम महापौर द्वारा भेजे गये जीएसबी को बिछाने में मदद करने हेतु प्रथम महापौर ने विजय प्रमुख, भोला पांडेय, चंदू गुप्ता समेत कई लोगों को जिम्मेवारी दी थी।

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सोमवार को चैनपुर नेउरा रोड में बने बड़े-बड़े गड्ढों को निजी खर्च से जीएसबी मंगवा कर भरवाते हुए समतल करवाया। प्रथम महापौर ने कहा कि सांसद आने वाले हैं। मैं उनसे इस मार्ग को तत्काल रिपेयर कराने की अनुरोध करूंगी ताकि बरसात से पहले यह मार्ग चलने योग्य बन सके। प्रथम महापौर ने दुख भरे शब्दों में कहा कि आखिर प्रशासन इस मार्ग को बनाने में खामोश क्यों है अगर बना नहीं पा रही तो कम से कम इस मार्ग को जीएसबी डालकर अच्छे से रिपेयर तो कराया ही जा सकता था लेकिन धरना प्रदर्शन हुए कई आश्वासन मिले पर स्थिति यथावत है।

### भाजपा नेत्री स्मिता आनंद ने किया गौशाला का निरीक्षण

# गौशाला की मजबूती के लिए दिया हरसंभव मदद का भरपूर आश्वासन

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** भाजपा के वरिष्ठ नेत्री स्मिता आनंद ने सोमवार को बैरिया हाउसिंग कोलनी में अवस्थित गौशाला का निरीक्षण किया और समिति के सदस्यों के साथ विस्तृत चर्चा के दौरान इसके सर्वांगीण विकास तथा मजबूती हेतु हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। उन्होंने गौशाला की सुंदरता और साफ-सफाई पर भी बिशेष जोर देते हुए कहा कि गौशाला के सर्वांगीण विकास से न सिर्फ गौ माता की बेहतर सेवा सुनिश्चित होगी अपितु क्षेत्र में आवारा गौ वंश की समस्याओं से भी राहत मिलेगी। मौके पर उपस्थित गणमान्यों ने गौ सेवा को बढ़ावा देने और गौ वंश की सुरक्षा सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। मौके पर सुश्री आनंद ने कहा कि गौमाता की सेवा हमारी संस्कारों का हिस्सा है और सरकार भी इस दिशा में हरसंभव कदम उठा रही है। मौके पर जिला सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, वरिष्ठ नेता भाजपा ईश्वरी पांडेय, सांसद के निजी सचिव अलख दुबे, मंडल अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी श्रवण गुप्ता, अविनाश कुमार सिन्हा, विकास तिवारी, सत्येंद्र पाण्डेय, नरेन्द्र मेहता, कौशल झा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# बराही धाम पंहुचीं पलामू एसपी सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

- मंच हेलीपैड भूमि पूजन स्थल, कार्यक्रम समेत कई अहम जानकारी ली

गौतम पटेल



जानकरी लेतीं एसपी व अन्य पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि।

**हुसैनाबाद, पलामू।** हुसैनाबाद के बराही धाम में 551 फिट ऊंची मां दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर झारखंड व देश के कई नेता साधु संत व गणमान्य लोगों के अलावा लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं के आने को लेकर पलामू की पुलिस अधीक्षक रिश्मा रमेशन बराही धाम पहुंची। उन्होंने बराही धाम परिसर के हेलीपैड मंच समियाना एवं भूमि पूजन स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने आयोजन समिति के साथ साथ अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पलामू जिला परिषद उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह शिवांश चैरिटेबल ट्रस्ट के निदेशक रणधीर कुमार सिंह ने आयोजन से सम्बंधित स्थल व कार्यक्रमों की जानकारी दिया माननीय विधायक ने एसपी से सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया सरकार के मुखिया समेत कई बड़े राजनेता व साधु संत सामिल हो रहे हैं। वहीं मौके अनुमंडल पदाधिकारी गौरांग महतो ने विधि व्यवस्था को लेकर मजिस्ट्रेट व अन्य लोगों को निर्देश दिया हैं। इस दौरान आईपीएस दिव्यांश शुक्ला, राजीव रंजन, छतरपुर एसडीपीओ अवध प्रसाद यादव, थाना प्रभारी अफजाल अंसारी, थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी, महिला एवं बाल संरक्षण थाना प्रभारी पार्वती कुमारी, ओपी प्रभारी सोनू गुप्ता, बबलू कुमार सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# बेड रूम में बना था तहखाना जिसमें बनती थी अवैध शराब

- पाटन पुलिस की कार्रवाई में बड़ा खुलासा कारोबारी जितेंद्र पासवान गिरफ्तार
- भारी मात्रा में अवैध शराब और सामग्री बरामद
- थाना प्रभारी लालजी के नेतृत्व में हुई कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



बरामद शराब।

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के कुंदरी निवासी जितेंद्र प्रसाद पिता विजय प्रसाद के घर में पुलिस ने छापेमारी किया। जहां पर पुलिस को एक गोपनीय रूम का पता चला। जिसमें तलाशी ली गयी तो वहां से पुलिस ने अंग्रेजी शराब एवं शराब बनाने का उपकरण भारी मात्रा में बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी लालजी ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त थी जिस पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेसन के निर्देश पर 11 मई को करीब 12 रात्रि में जितेंद्र प्रसाद के घर छापेमारी दल पहुंची। जहां पर पुलिस ने काफी मशक्कत करने के बाद घर का दरवाजा खोला गया। जिसे जितेंद्र प्रसाद के सहमति पर घर की तलाशी ली गयी। इस दौरान घर के एक कमरा में हुक लगा टाइल्स दिखाई दिया। जहां पर पुलिस को संदेह हुआ। संदेह के आधार पर पुलिस ने उस टाइल्स को हटाया जहां पर एक अंडरग्राउंड छोटा कमरा पाया गया। तलाशी लेने पर वहां से विभिन्न अंग्रेजी कंपनी का लेबल लगा हुआ बोतल तथा विभिन्न कंपनी के अंग्रेजी शराब का रेपर बरामद किया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी ने बताया कि रॉयल गोल्ड कप लिखा हुआ 50 कार्टून अवैध शराब तथा 12 प्लास्टिक वाला बोतल में शराब बरामद हुआ। उन्होंने बताया कि जितेंद्र प्रसाद द्वारा अवैध शराब निर्माण रॉयल स्टेज, इंप्पोरियल ब्लू समेत अन्य कंपनी का लेबल बोतल में लगाकर बेचा जाता था। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दो बर्ष पहले भी भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब जितेन्द्र प्रसाद के घर से बरामद किया गया था जिसमें जितेन्द्र प्रसाद को जेल भेजा गया था।

## अखंड हरिकीर्तन से समाप्त होती है नकारात्मक ऊर्जा: मंगल सिंह

- बैशाख पूर्णिमा पर छह मुहान स्थित हनुमान मंदिर में 24 घंटे अखंड कीर्तन व भंडारा का आयोजन किया गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** बैशाख पूर्णिमा के अवसर पर छह मुहान स्थित हनुमान मंदिर में 24 घंटे अखंड कीर्तन व भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बाहर से आये कलाकारों ने हरे राम हरे कृष्ण नाम का जाप वाद्य यंत्र के साथ किया। इस कीर्तन का समापन मंगलवार को होगा। मौके पर प्रथम उप मेयर मंगल सिंह ने कहा कि अखंड कीर्तन करने से जहां एक ओर वातावरण भक्तिमय होता है वहीं दूसरी ओर समाज में फैले नकारात्मक उर्जा समाप्त होता है। उन्होंने कहा कि राम नाम के जाप से लोगों का अंतःमन शुद्ध होता है वहीं सुननेवाले लोग भी भक्ति भाव में गोते लगाते हैं। बैशाख पूर्णिमा अपने आप में एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिसमें लोग पूजा पाठ में लीन रहते हैं। मौके पर श्रद्धालुओं ने भव्य भंडारा का आनंद लिया। समिति में शंभुनाथ अग्रवाल, आनंद कुमार डे, ओमप्रकाश अग्रवाल, अभय गुप्ता, विजय अग्रवाल, प्रकाश गुप्ता, अजीत कुमार, अशोक प्रसाद, छोटू कुमार ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

## सड़क दुर्घटना में सेना के जवान की मौत शादी में शामिल होने जा रहा था ससुराल

खबर मन्त्र संवाददाता



- मृत जवान चैनपुर थाना क्षेत्र के बराव गांव का रहने वाला
- जम्मू कश्मीर के लेह लद्दाख में था पदस्थापित

**विश्रामपुर/ चैनपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा-ब्रह्मोरिया मुख्य पथ पर घघुआ गांव के पास हुई। सड़क दुर्घटना में सेना के जवान राजेंद्र ठाकुर (34) की मौत हो गयी। मृत जवान चैनपुर थाना क्षेत्र के बराव निवासी चंदन ठाकुर का पुत्र था। घटना रविवार की रात नौ बजे की है। जानकारी के अनुसार राजेंद्र बाइक से रविवार को अपने ससुराल तोलरा शादी समारोह में शामिल होने आ रहा था। इसी बीच रेहला थाना क्षेत्र के गुरहा-ब्रह्मोरिया मुख्य पथ पर घघुआ गांव के पास सामने से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर हो गया। लोगों ने इसकी जानकारी रेहला पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रेहला थाना प्रभारी संतोष कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने जवान को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। वहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख मेदिनीनगर एमएमसीएच रेफर कर दिया। जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया।

## ईंट पथेरा मजदूर की पत्थर से कूच कर हत्या



**चैनपुर पलामू।** थाना क्षेत्र के चोटहांसा में सोमवार को ईंट पथेरा मजदूर का शव बरामद किया गया। उसकी पहचान तालापारा के राजेश भुइयां (45) पिता स्व देवान भुइयां के रूप में हुई। हत्या पत्थर से कूच कर की गयी है। सूचना पर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा पहुंचे। शव को अंत्यपरीक्षण हेतु मेदिनीनगर भेज दिया। पत्नी सुखमनिया देवी ने बताया कि वह अपने पति के साथ थाना क्षेत्र के इटको स्थित अजय मेंटल ईंट भट्ठा पर ईट पथेरा का कार्य करती है। शनिवार को दिन 12 बजे से दो मजदूरों के साथ निकले थे। उसके बाद वापस नहीं लौटे। ईंट भट्ठा संचालक अजय चौधरी ने बताया कि उक्त दोनों मजदूर लातेहार के मनिका थाना क्षेत्र के हैं। घटना की रात्रि से ही वे दोनों फरार हैं।

## सरस्वती मंदिर में धूमधाम से मनी बुद्ध पूर्णिमा



**हुसैनाबाद पलामू।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम किया गया। वरिष्ठ आचार्य शशि कुमार ने कहा कि भगवान गौतम बुद्ध ने मानव से मानव को जोड़ा। मानव धर्म सबसे बड़ा धर्म है, जिसे भगवान बुद्ध ने अपनाया और जन-जन तक पहुंचाया। मौके पर छाया कुमारी, संजय सिन्हा, मृत्युंजय प्रसाद, रणजीत मिश्रा, अरविंद यादव, राजेश्वर यादव, अभिषेक पाठक, राजकुमार सिंह, दीपक पांडेय उपस्थित थे।

## तथागत बुद्ध के रास्ते पर चलकर ही भारत दुनिया का विश्वगुरु बन सकता है : अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** अंबेडकर पार्क में सत्य-अहिंसा, प्रेम के अधिष्ठाता व करुणा के सागर तथागत भगवान बुद्ध के 2588 वीं जयंती समारोह का आयोजन बुद्ध जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष इंजीनियर ददन राम की अध्यक्षता में भव्य तरीके से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय बौद्ध महासभा के रवि पाल के किया। कार्यक्रम का संयुक्त उदघाटन जेके एम के केंद्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु, पलामू बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव, आजाद समाज पार्टी के युवा नेता व पूर्व प्रत्याशी अजय सिंह चेरो, युवा कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष रिंकू मेहता, युवा चिकित्सक डॉ कौशल किशोर व पाल समाज के वरिष्ठ समाजसेवी राजदेव पाल ने तथागत बुद्ध व बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के चित्र व प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय बौद्ध महिला महासभा की अध्यक्ष सुषमा बौद्ध ने त्रिशरण व पंचशील का पाठ करवाकर वातावरण को बौद्धमय बना दिया।

## पीड़ित परिवार को शीघ्र मिलेगा सरकारी लाभ : डॉ शशिभूषण

खबर मन्त्र संवाददाता

- सड़क दुर्घटना मे मृत परिजनों से मिलने पहुंचे पांकी विधायक-सीओ



**पांकी पलामू।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता और पांकी ब्लॉक के सीओ राजकुंवर सिंह ने पांकी प्रखंड के ग्राम हरना निवासी राजू सिंह के पुत्र युवराज सिंह और नागेंद्र सिंह के पुत्र श्यामदयाल सिंह के सड़क हादसे मृत्यु की सूचना पाकर इस दुखद परिवार से मिलकर गहरा दुख जताया। मौके पर विधायक ने पीड़ित परिवार को सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि ईश्वर मृतक की आत्मा को शांति प्रदान करें। बिधायक ने कहा कि पांकी विधानसभा क्षेत्र के वैसे जगह जहां बहुत जरूरी है वहां पर सीसीटीवी कैमरा लगाया जायेगा। उन्होंने कहा की अभी सर्वे किया जा रहा है बहुत जल्द सीसीटीवी कैमरा लगेगा। जिससे चोरी की घटना पर भी लगाम लगेगा और पुलिस प्रशासन को अपराधियों को पकड़ने में सहूलियत मिलेगा।

## पीएम आवास योजना में गड़बड़ी का आरोप, जांच की मांग

**हैदरनगर पलामू।** ग्राम पंचायत चौकड़ी में प्रधानमंत्री आवास योजना में अनियमितता का आरोप है। ग्रामीण और वार्ड सदस्य द्वारा हस्ताक्षरित आवेदन में मुखिया शारदा देवी और पंचायत सचिव पंकज दास पर गलत तरीके से लाभुकों का चयन कर सरकारी योजनाओं का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। आवेदन में उल्लेख है कि मुखिया शारदा देवी ने अपने ही बेटे प्रेमशंकर कुमार को पीएम आवास का लाभ दिलवाया।

## पंचायत सचिवालय सभाकक्ष में एमओ की डीलरों संग बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा।** प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी अरविंद कुमार ने सतबरवा प्रखंड के डीलरों के साथ सोमवार को बुद्ध पूर्णिमा की छुट्टी के दिन प्रखंड परिसर स्थित सतबरवा पंचायत सचिवालय के सभाकक्ष में आपात बैठक की जिसमें उन्होंने निर्देश दिया कि 2025 में 3 माह का अग्रिम राशन खाद्य आपूर्ति विभाग सभी को दे रहा है। उसे रखने के लिए पर्याप्त जगह की व्यवस्था कर लें। उपायुक्त तथा जिला खाद आपूर्ति पदाधिकारी के निर्देश पर अनाज तथा अन्य सामानों का वितरण के लिए आपूर्ति विभाग को निर्देश है। प्रखंड के 53 पीडीएस डीलर के बीच 9000 क्विंटल अनाज मिलेगा। एमओ ने कहा कि ग्रीन कार्डधारकों के राशन वितरण में तेजी लायें।

# आनंदमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय पोंची में आनंदमूर्ति व महात्मा बुद्ध की जयंती मनी

खबर मन्त्र संवाददाता





कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अतिथि व स्कूली बच्चे।

**सतबरवा पलामू।** आनंदमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय पोंची सतबरवा में सोमवार को धूमधाम से आनंदमार्ग के संस्थापक श्रीश्री आनंदमूर्ति जी की 104वीं जयंती तथा महात्मा बुद्ध की जयंती मनायी गयी। मौके पर आनंदमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय के बच्चों ने बौद्ध धर्म के संस्थापक महात्मा बुद्ध के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया तथा उनके उपदेशों का जीवन में उतारने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के पूर्व में प्रभातफेरी निकाली गई ततपश्चात आनंदमार्ग के गुरु श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का जन्मोत्सव का जयघोष हुआ। कीर्तन तथा सामूहिक ईश्वर प्राणिधान किया गया तथा श्री श्री आनंदमूर्ति जी के द्वारा प्रदत्त आनंदवाणी पाठ मगही, हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, भोजपुरी तथा अंगिका भाषा में किया गया। आनंदवाणी का व्याख्या करते हुए आनन्दमार्ग आवासीय उच्च विद्यालय पोंची के डायरेक्टर रामलखन सिंह ने कहा कि मानव का सबसे बड़ा संपत्ति साधुता है, अर्थात परोपकार करने की प्रवृत्ति। आजकल क्षुद्रस्वार्थ के कारण साधुता में निरंतर कमी आ रही है, जिसके कारण अशांति फैली हुई है। वहीं औषधि निदेशक अमरेश कुमार ने आनन्दवाणी कि सार तत्व को सरलता से समझाते हुए भक्तों को कहा कि साधुता नहीं बचेगी तो सभ्यता भी नहीं बचेगा। बौद्धिक विकास हो जाए साधुता न रहे तो घातक सिद्ध होता है। शिक्षक मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित भी किया।

मौके पर सतीश सिंह, गणेश्वर सिंह, राकेश, आशुतोष, रुद्रेश, गोरा, कृपाधारा, ऐश्वर्या, हिरामन सिंह, चांदनी चंद्रण, ममता देवी, धर्मशीला देवी, रौशन, तरुण, प्रियंका सोनू, पूजा, अंजली, कृष्णा, पन्नालाल, मनोज कुमार प्राउटिस्ट, अमरेश व काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# श्रीश्री आनंदमूर्ति जी का 104वां जन्म दिवस धूमधाम से मनाया

- आनंद पूर्णिमा के अवसर पर प्रभात फेरी निकालकर सकीर्तन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोग।

**मेदिनीनगर।** आनंद पूर्णिमा के अवसर पर नई मुहल्ला स्थित आनंद मार्ग जागृति भवन में प्रभात रंजन सरकार श्री श्री आनंदमूर्ति जी का 104वां जन्मदिवस मनाया गया। मौके पर आनंद मार्गियों ने भव्य शोभा यात्रा निकाली। इसके बाद साधन सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया। वरिष्ठ आनंदमार्गी अधिवक्ता लक्ष्मण सिंह ने बताया कि श्री श्री आनंदमूर्ति जी ने मानव मात्र के शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक विकास के लिए तांडव, कोशिकी नृत्य और साधना का मार्ग प्रशस्त करते हुए आनंद मार्ग मिशन की स्थापना की। आज यह मिशन दुनिया के कोने-कोने में समाज के चतुर्दिक विकास हेतु कार्यरत है। सुबह जागृति परिसर में भजन, कीर्तन और सामूहिक साधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके उपरांत एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जो जागृति से स्टेशन रोड, चर्च रोड, कचहरी चौक, सरकारी बस डिपो, छामुहान, शदिक चौक होते हुए स्टेशन चौक से पुनः जागृति लौटकर सम्पन्न हुई। जिले भर से आए सैकड़ों आनंदमार्गियों ने इसमें भाग लिया और मानव-मानव एक है।

मौके पर भुक्ति प्रधान मधेश्वर जी, विश्वनाथ जी, बैजनाथ जी, सरोज, गोपाल, अखिलेश, अरविंद, प्रदीप, रामस्वरूप, मणिकांत, दीपक, शंकरसन, सहज प्रिया, रेणु, मधुबाला, शारदा, पूनम सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। यह उत्सव न केवल एक आध्यात्मिक आयोजन था, बल्कि मानवता के उत्थान और आत्मविकास के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना।

# बासुकीनाथ धाम में बुद्ध पूर्णिमा पर पूजा अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता


पूजा-अर्चना के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़।

**दुमका।** वैशाख बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर तीर्थ नगरी बासुकीनाथ धाम में अहले सुबह मंदिर का पट खुलते ही श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। शिव भक्त श्रद्धालु कतारबद्ध होकर जलार्पण के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे। संपूर्ण मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बोल बम और हर हर महादेव के नारे की गूंज से संपूर्ण मंदिर परिसर गुंजा रहा। श्रद्धालुओं की उत्साह देखते ही बनती थी। दिन भर भोले के भक्त आस्था के सागर में डुबकी लगाते रहे। इस दौरान मंदिर परिसर में श्रद्धालु मनोवांछित फल की प्राप्ति के लिए पांडा पुरोहितों के साथ विभिन्न प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान करते पाए गए। वही बड़ी संख्या में महिलाओं की समूह सत्यनारायण प्रभु की कथा श्रवण करती देखी गई। उधर मंदिर में श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने के लिए भारी संख्या में पुरुष एवं महिला पुलिसकर्मी ड्यूटी पर तैनात नजर आए। चोर उचक्कों व असामाजिक तत्वों पर सीसीटीवी कैमरा की मदद से नजर रखी जा रही थी। इस दरमियान मंदिर प्रशासन द्वारा किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए डॉक्टर एवं एंबुलेंस की व्यवस्था की गई थी। लेकिन सुबह सवेरे बेलगाम ई रिक्शा चालकों के कारण पूजा करने आए श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जाम के कारण कुछ देर तक अफरा तफरी का माहौल रहा। जो बाद में सामान्य हो गया। इस प्रकार देर शाम मंदिर का पट बंद होने तक लगभग 90 हजार से अधिक श्रद्धालु फौजदारीनाथ का जलाभिषेक किया।

# ठाकुरगंगटी प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का जलमीनार खराब, नदी व खुले कुओं से प्यास बुझाने को विवश

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** ठाकुरगंगटी प्रखंड अंतर्गत फुलबड़िया पंचायत के तीन तीन गांव में इन दिनों पेयजल की घनघोर समस्या उत्पन्न हो गई है। पीने के पानी को लेकर ग्रामीण त्राहिमाम हो रहे है बावजूद विभाग गहरी नींद आराम से सो रही है। ग्रामीण बताते हैं कि पंचायत के गमराह, फुलबड़िया और सोनपुर गांव में लगा सोलर जलमीनार विगत आठ माह से खराब पड़ा हुआ है जिससे गांव के लोग पीने के पानी को लेकर त्राहिमाम हो रहे है बावजूद विभाग सुधि नहीं ले रहा है। बताते हैं कि तीनों गांव के लगभग तीन हजार की आबादी इस भीषण गर्मी में पेयजल को लेकर हलकान है। गांव के ग्रामीण जीतराम हांसदा, तल्लु टुडु, भागवत हांसदा, मनोज टुडु, होपना टुडु ने बताया की यह गांव सड़क के दोनों किनारे लंबी दूरी तक तीनों गांव बसा हुआ है जहां सभी आदिवासी समुदाय के लोग रहते है। गमराह गांव के शास्त्री टुडु घर के सामने, फुलबड़िया गांव के कालिदास हेंब्रम घर के सामने एवं फुलबड़िया गांव के लखीराम घर के पास लगाया गया सोलर जलमीनार विगत आठ महीनों से खराब पड़ा हुआ है जिससे गांव में लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बताते हैं कि तीनों जलमीनार पर गांव की आधी आबादी आश्रित है जिसे अब अन्यत्र स्थानों से पीने का पानी अपने माथे पर लेकर आना पड़ता है। अधिकांश परिवार गांव के खुले कुएं का पानी तो कुछ लोग गांव के बगल में अवस्थित नदी का पानी भी पीने को मजबूर हो गए है। ग्रामीणों ने बताया की इतनी लंबी आबादी वाले इस आदिवासी बहुल क्षेत्र में पेयजल की स्थिति को लेकर लोग संकट में है और भीषण गर्मी में चल रही लू से लोगों का जीना मुश्किल हो रहा है। बताया की आखिर किस कारण से गर्मी के मौसम में जलमीनार की यह स्थिति उत्पन्न होती है। निर्माण कार्य के समय काफी घटिया किस्म का मोटर वह सामग्री को लगाया जाता है जो कुछ दिनों तक चलने के बाद वह खराब पड़ जाता है जिसकी सुधि लेने वाला कोई नहीं होता है। ग्रामीणों ने बताया की काफी पिछड़ा हुआ गांव जिसमें काफी गरीब परिवार के लोग रहते जो मजदूरी कर अपना जीवन यापन करने का काम कर रहे है। गरीबी रहने के कारण गांव के लोग इतनी परेशानी झेलने को विवश है जो खुद की राशि से मरम्मत कराने में असफल हो रहे है।

## एक नजर में

### बेरमो : पलायन की भेंट चढ़ा होसिर का एक व्यक्ति, गांव पहुंचा शव



बेरमो/ललपनिया। गोमिया थाना क्षेत्र अंतर्गत होसिर तेतरिया टांड़ निवासी विजय करमाली (49 वर्षीय) पलायन का भेंट चढ़ गया। मृतक विजय करमाली जो स्व लालधारी करमाली का पुत्र था। शनिवार शाम को उड़ीसा में सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक का शव रविवार अहले सुबह घर पहुंचते ही परिजनों की चीत्कार से सभी का आंख नम हो गई। मृतक विजय करमाली के एक पुत्र व तीन पुत्री है जिसमें एक पुत्री कि शादी हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विजय करमाली अपनी रोजी रोटी केलिए उड़ीसा राज्य में ऑनर बासुदेव अरु का हाइवा चलाता था। रोज की तरह शनिवार को भी हाइवा गाड़ी चला रहे थेकि शाम लगभग 4 बजे उड़ीसा के कमाकेल ओवरब्रिज एनएच-143 वांदी पोस के पास गाड़ी ब्रेक डाउन होने के पश्चात दुर्घटना हो गया। जिसमें चालक विजय करमाली गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक को घायल वस्था मे बेहतर इलाज हेतु रांची लाया ही जा रहा था कि रास्ते मे ही उनकी मौत हो गई तत्पश्चात मृतक का शव तेतरिया टांड़ ग्राम पहुंचा। जहां गोमिया थाना पुलिस द्वारा कागजी कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल तेनुघाट भेज दिया गया। तत्पश्चात मृतक का शव परिजनों को सौंप दिया इधर सूचना मिलने पर झारखंड राज्य मंत्री सह गोमिया विधायक योगेंद्र प्रसाद ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इनकी मृत्यु से काफी मर्माहत है। दुःख की इस घड़ी में परिजनों को उचित मुआवजा दिलाने सहित परिजनों के साथ हर दुःख सुख में साथ खड़ा है। इधर उप मुखिया पति मोहन नायक, समाजसेवी मनोज चंचल, संदीप कुमार समेत ग्रामीणों ने शौक व्यक्त किया है।

### मारवाड़ी युवा मंच ने तीन स्थानों पर पनशाला तथा गायों के लिए दस स्थानों पर नाद लगाया

फुसरो (बेरमो)। मारवाड़ी युवा मंच बेरमो शाखा के द्वारा प्रचंड गर्मी को देखते हुए खुसरो बाजार में तीन स्थानों पर अस्थाई अमृत धारा (पनशाला) का उद्घाटन किया गया। साथ ही जीव दया हेतु अलग-अलग स्थान पर 10 नाद लगाए गए। इससे सड़क पर विचरण कर रहे गाय उसमें पानी पी सके। मंच के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल तथा सचिव अरुण अग्रवाल ने बताया कि मारवाड़ी युवा मंच बेरमो शाखा समाज हित में हमेशा कार्य करता है। इसी के तहत प्रचंड गर्मी को देखते हुए फुसरो बाजार में तीन स्थान पर निशुल्क अमृतधारा का उद्घाटन किया गया है। जहां पूरे गर्मी शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था रहेगी। इससे राहगीर इस भीषण गर्मी मे अपनी प्यास बुझा सकेंगे। कहा कि इसके अलावा सड़क पर विचरण कर रहे हैं गायों के लिए 10 जगह नाद की व्यवस्था की गई है। इससे सड़क पर विचरण करने वाले गाय इस नाद मे रखे पानी के माध्यम से अपनी प्यास बुझा सकते हैं। कहा कि इसके अलावा समय-समय पर जरूरतमंद लोगों को राहत देने के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम भी मंच के द्वारा चलाए जाते हैं। मंच की ओर से सेवा कार्य को और भी अधिक विस्तार पूर्वक किया जाएगा।

### महेशपुर शिव-पार्वती मंदिर जीर्णोद्धार को लेकर अनुष्ठान व भूमि पूजन पांच को

गोड्डा/बसंतराय। बसंतराय प्रखंड के महेशपुर शिवमंदिर के जीर्णोद्धार को लेकर निर्माण कार्य शुरू करने के पूर्व शिवमंदिर परिसर में ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। सर्वसम्मति से विद्वान पंडित की राय के अनुसार नये मंदिर के निर्माण को लेकर भूमि पूजन, शिवलिंग एवं माता पार्वती के विग्रह के विस्थापन को लेकर अनुष्ठान की तिथि पांच जून निश्चित की गई। शिव-पावंती मंदिर जीर्णोद्धार से पूर्व किए जाने वाले अनुष्ठान एवं वैदिक पूजा आदि के संपादन के संबंध में संस्कृत महाविद्यालय गुरुधाम, बौसी, बिहार के पूर्व प्राचार्य पंडित रतीश चंद्र झा ने मार्गदर्शन दिए। उन्होंने वेद व शास्त्रों के आधार पर कहा कि मंदिर के गर्भ गृह का निर्माण 18 वर्ग फीट शून्य सर्वथा उचित होता है।

## स्पीड न्यूज

### बोकारो जमीन घोटाले में वकील की पत्नी को इडी का समन

बोकारो। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बोकारो जमीन घोटाले की जांच के दौरा जमीन खरीदने वालों को समन भेजना शुरू किया है। इस मामले में अब तक बोकारो के वकील रंजन कुमार मिश्रा की पत्नी को समन भेजा है। ईडी ने यह कार्रवाई इजहार हुसैन व अख्तर हुसैन के दावे से संबंधित दस्तावेज फर्जी पाये जाने के बाद की है। ईडी ने जांच में पाया कि इजहार हुसैन व अख्तर हुसैन ने फर्जी दस्तावेज के सहारे सरकारी जमीन पर अपना मालिकाना हक कायम किया और जमीन कारोबारी शैलेश सिंह को 50 एकड़ जमीन बेचने का अधिकार (पावर ऑफ अटॉर्नी) दिया गया था लेकिन उसने 74.38 एकड़ जमीन बेच दी। यह जमीन उमायुष मल्टीकॉम को बेच दी गई और उमायुष ने भी यह जमीन अलग अलग लोगों को बेच दी। ईडी ने जांच में पाया कि इजहार हुसैन से संबंधित जमीन करीब 40 लोगों ने अलग-अलग समय में खरीदी है। बोकारो के वकील रंजन कुमार मिश्रा ने भी अपनी पत्नी के नाम पर विवादित जमीन खरीदी है। ईडी ने जमीन खरीद के इस मामले में पूछताछ के लिए वकील की पत्नी को समन किया है।

### बारिश से भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत

दुमका। चिल्चिलाती धूप से उपराजधानी दुमका के लोगों को सोमवार की शाम राहत मिली। शाम को बारिश के कारण मौसम सुहाना हो गया। करीब 4 बजे तेज हवा के साथ हुई बारिश ने लोगों को राहत पहुंचाया। बारिश से लोगों को भीषण गर्मी से थोड़ी राहत महसूस हुई। हलांकि करीब आधा घंटे के बाद ही बारिश रूक गई। इसके बावजूद लोगों को लोड सेटिंग और आंखी मिचौली खेल रही बिजली के कारण असहनीय गर्मी से थोड़ा-बहुत राहत अवश्य मिली।

### छात्राओं को भगाने वाला दूसरा आरोपी गिरफ्तार

दुमका। शहर के सेक्रेट हार्ट स्कूल से सोमवार की दोपहर छुटटी के बाद गायब हुई कक्षा छह की छात्राओं को बहला-फुसला कर भगाने वाला दूसरा फरार आरोपी पुलिस गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी बिहार के पश्चिमी चंपारण के बेतिया जिला के रामनगर थाना क्षेत्र के इमारती कठहरवा गांव निवासी धर्मेंद्र राय उर्फ संदीप राय, पिता गोरख राय है। पुलिस मामले में अगवा छात्राओं को बरामद करते हुए पूर्व में आरोपी बिहार के चंपारण जिला के बेतिया के बैरिया थाना क्षेत्र के लौकरिया गांव के बलुआ टोला निवासी साहेब सिंह उर्फ बाबू साहेब, पिता लालबाबु को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं फरार आरोपी धर्मेंद्र राय उर्फ संदीप राय फरार होने में कामयाब हो गया था।

### बीएसएल में 22 अधिशासियों का अंतर्विभागीय ट्रांसफर



बोकारो। बोकारो इस्पात संयंत्र में अंतर्विभागीय ट्रांसफर के तहत 22 अधिशासियों को अन्य विभाग में भेजा गया। मानव संसाधन विभाग के पत्रांक बीएसएल/एचआर/ओडी/2025-06 के अनुसार एक सहायक प्रबंधक 3 उप प्रबंधक 3 वरीय प्रबंधक 9 सहायक महाप्रबंधक 3 उप महाप्रबंधक एवं 3 महाप्रबंधक को बोकारो संयंत्र के ही अन्य विभाग में 14 दिनों के अंदर योगदान देने का निर्देश दिया गया है।

### सृजन शाखा ने राहगीरो के बीच बांटा नीबू पानी

बेरमो। फुसरो नगर परिषद क्षेत्र अन्तर्गत रानीबाग मित्तल मार्बल टाइल्स एण्ड सैनिटरी वेयर के समीप अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन फुसरो सृजन शाखा के द्वारा राहगीरो के बीच नीबू पानी बांटा गया।

## मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने ठाकुरगंगटी प्रखंड को दी करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात, कहा

# ग्रामीणों की जरूरत के अनुसार होगा विकास कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** महगामा विधानसभा क्षेत्र के लिए शनिवार और रविवार का दिन ऐतिहासिक रहा। स्थानीय विधायक सह ग्रामीण विकास पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ठाकुर गंगटी प्रखंड में करोड़ों की विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने ग्रामीणों से मुलाकात कर ध्यान से उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने बारीकी से सबों की सुनकर त्वरित निदान का आश्वासन दिया। उन्होंने अब तक दर्जनों ग्रामीणों और आम समस्याओं के निदान की विस्तार से जानकारी भी साझा की। क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योजनाओं का शिलान्यास कर ग्रामीण आधारभूत संरचना के विस्तार की दिशा में एक नया अध्याय लिखा। मंत्री दीपिका पाण्डेय सिंह ने देर शाम तक रविवार को ठाकुर गंगटी प्रखंड में तीन बड़ी विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। जिनमें पुल और सड़क निर्माण शामिल हैं। ये योजनाएं न सिर्फ क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बेहतर बनाएंगी, बल्कि ग्रामीण जनता को आवागमन, व्यापार और रोजगार के अधिक अवसर भी उपलब्ध कराएंगी। उन्होंने 159.400 लाख रुपए से बनने वाली चांदा से सुजानकित्ता होते हुए समदा तक सड़क सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य, मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत तामाशाचक एवं बुधसासन के पास इमरीरी नदी पर पुल निर्माण कार्य, जिसकी प्राक्कलित राशि 397.29300 लाख रुपये है एवं मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के अंतर्गत अंटाडीह एवं पाठकचक के बीच कौवा नदी पर पुल निर्माण कार्य, जिसकी प्राक्कलित राशि 487.97600 लाख रुपये है का शिलान्यास कियो मौके पर उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्यधारा से जोड़ना, आवागमन में सुगमता लाना और आपदा के समय राहत कार्यों को गति देना है। योजना शिलान्यास व अन्य कार्यक्रमों के बाद ग्रामीण विकास पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ठाकुर गंगटी गांव पहुंची वहां गोपाल ठाकुर के पिता के निधन पर स्वजनों से मिलकर सांत्वना दिया। ठाकुर गंगटी प्रखंड कार्यालय परिसर में क्षेत्रीय विधायक सह मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बाल विकास परियोजना विभाग अंतर्गत दो बच्चों को अन्नप्राशन और दो महिलाओं की गोद भराई कराई। प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविकाओं को स्मार्टफोन वितरित किया। कार्यालय कक्ष में कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जिन्हें भी किसी प्रकार की कोई समस्या हो चाहे वह निजी हो सार्वजनिक हो गांव से संबंधित हो या अन्य किसी विभाग या कार्यों से संबंधित हो मोबाइल फोन के माध्यम से या सीधे मिलकर संपर्क कर अपनी बातों को रखें। निश्चित रूप से बीते दिनों की तरह सभी प्रकार की समस्याओं का निदान होगा। जिस प्रकार पिछले पांच वर्षों के कार्यकाल में आप ग्रामीणों के अनुसार विकास सहित अन्य कार्यों को सुचारू रूप से किया गया। इस प्रकार इस पंचवर्षीय कार्यकाल में भी ग्रामीणों की जरूरत के मुताबिक ही हर प्रकार का विकास कार्य किया जाएगा। बनियाडीह गांव की बिंदु देवी ने जमीन से संबंधित कुछ समस्या बताई। झारखंड स्टेट लाई प्रमोशन सोसाइटी के प्रखंड प्रबंधक प्रेम प्रकाश, चंदन ठाकुर, शमीम अख्तर आदि द्वारा समस्या और विभाग से संबंधित कुछ बातचीत किया। बीडीओ विजय कुमार मंडल, प्रखंड अध्यक्ष अवधेश ठाकुर, थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह, प्रमुख कुंदन कुमार महतो, पंचायत समिति सदस्य कुर्बान अली कासमी, मुखिया मनोरंजन, मनोज कुमार, प्रफुल्ल कुमार महतो, अखिलेश जायसवाल, मिहिर महतो, भोला प्रसाद यादव, रविंद्र प्रसाद महतो, करमू यादव, रंजन कुमार ठाकुर, त्रिभुवन यादव, विनय गुप्ता, ठाकुर राजेश, अहसान अंसारी, कुश झा, हबीबुल रहमान, दीपक परासर सहित प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायतों के विभिन्न गांव के कार्यकर्ता व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## बुद्ध पूर्णिमा पर बोकारो में निकली झांकी मंदिर प्रबंधन के प्रति लोगों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर कुशवाहा महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के ओबीसी विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष कुशवाहा राकेश महतो के नेतृत्व में बोकारो की सड़कों पर भव्य झांकी निकाली गई। इस झांकी में भगवान बुद्ध के जीवन विचारों और शिक्षाओं को प्रदर्शित किया गया जिससे आमजन को शांति अहिंसा और करुणा के महत्व से अवगत कराया गया। झांकी के माध्यम से भगवान बुद्ध के संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। इस अवसर पर बुद्ध विचार मंच के अध्यक्ष प्रवीण कुमार उपाध्यक्ष अजय कुमार सह सचिव विजय कुमार मृत्युंजय सिंह अनिता सिंह विजय लक्ष्मी गणेश शर्मा सरिता कुमारी रेणु शर्मा अवधेश प्रसाद कुशवाहा अशोक महतो महेंद्र प्रसाद सिंह वीएन मेहता और रामशरण प्रसाद सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। सभी ने एकमत होकर समाज में समरसता सद्भाव और मानवता की भावना को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के नेतृत्वकर्ता और पेट्रोन मेंबर राकेश महतो ने भगवान बुद्ध के विचारों और दर्शन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज का समय एक ऐसे समाज की मांग कर रहा है जहां सभी को समान अवसर और सम्मानित मिले। कार्यक्रम के अंत में सभी ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। शोभायात्रा के सर्किट हाउस सेक्टर 2 नया मोड़ सेक्टर 4 डॉ भीमराव अम्बेडकर की परिक्रमा कर बौद्ध विहार पहुंचने पर वहां के प्रबन्धन ने मंदिर का मुख्य द्वार बन्द करवा दिया। गेट को धक्का देकर खोला गया और मंदिर में प्रार्थना व त्रसरण पाठ धम्म वाचण हुआ। मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण एवं भोजन की व्यवस्था ढाई बजे होने की वजह से लोग बिना प्रसाद ग्रहण किए घर वापस हो गए। मंदिर प्रबंधन के प्रति लोगों में आक्रोश देखा गया।

## अपनी जमीन पर पीएम आवास बनाना अपराध है क्याः युनूस

- >> गलत बयान बाजी कर बताया जा रहा है बहरी
- >> पुलिस और प्रशासन के अनुमति के शुरू हुआ था निर्माण कार्य
- >> खुद दिखाए दबंगई और उठाये एससी एसटी का लाभ

खबर मन्त्र संवाददाता



बेरमो। गोमिया विधानसभा के अइय्यर गांव एक जमीनी विवाद का मामला उस समय प्रकाश में आया जब एक पक्ष के लोग बोकारो एससी एसटी थाना मामला दर्ज करवाने व न्याय दिलाने की मांग को लेकर पहुचा और दुसरे पक्ष पर जबरन जमीन हड़पने, मारपीट करने आदि आरोप लगाते हुए मामला दर्ज करवाया। इधर दुसरे पक्ष से आज परिवार के मुखिया मो युनूस अंसारी तथा उनका दो भतीजा तफजुल अंसारी और तनवीर मिडिया के सामने आकर जमीन विवाद से पुरा पर्दा ही हटा दिया। उक्त लोगों ने मिडिया को बताया कि जो परिवार आठ पिढ़ी से यहां निवास करता हो आज बहरी बताया कर मामले को सुलझाने की कोशिश की जा रही है। रैयत यूनुस ने बताया कि दरअसल वे लोग ललपनिया थर्मल पावर प्लांट के विस्थापित लोग है। यहां से विस्थापन के बाद लगभग 9 एकड़ भूमि भूदान योजना के तहत विस्थापितों को इस क्षेत्र में दिया गया था। उसी का यह एक टुकड़ा है जिसे आदिवासी पक्ष के लोग अपना बता रहे हैं और आवास बनाने से जबरन रोका जा रहा। हथियारों से लैस होकर कार्य स्थल पर आते हैं गाली गलोज, मारपीट करते हैं। बताया गया कि इस जमीन का खाता संख्या 57 प्लांट संख्या 236 तथा रकबा 54 डिसमिल है। बताया गया कि यहां पीएम आवास योजना के तहत आवास का निर्माण होना है मगर जब भी निर्माण कार्य शुरू किया जाता है वे लोग यहां पहुच हंगामा करने के साथ साथ मारपीट और दिवारों को गिरा देते हैं। कहा इन लोगों के द्वारा पुर्व मे भी गोमिया प्रखंड विकास पदाधिकारी को आवेदन देकर काम रोक दिया था मगर नापी के बाद साफ हुआ कि उन लोगों की जमीन आवास निर्माण स्थल से काफी दुर पर है मगर जबरन बल पुर्वक काम रोक दिया जाता है। युनूस और उनके परिजनों के अनुसार बीते दिनों भी कुछ इसी तरह की घटना घटी कार्य स्थल पर एकाएक दर्जनों लोगो के साथ वे लोग धमक गये और मारपीट शुरू कर दी जिसमे तफजुल और मुनेजा खातुन बुरी तरह घायल हो गया जिसका लिखित आवेदन हमने ललपनिया थाना को दिया है। बताया कि यह भुमि भूदान योजना के तहत उनके पुरवजो को मिला था। वे लोग आठ पिढ़ीयो से यहां निवास कर रहे हैं और उन्हें बहरी और नामालूम क्या क्या बताया जा रहा है। उन लोगों ने बताया कि हमारे पास जमीन के सारे कागजात है और इसी आधार पर हमे पीएम आवास योजना का लाभ मिला है मगर यह परिवार अपनी दबंगई के दम पर यह गैरकानूनी काम कर रहे है और फर्जी मामला बनाकर हम लोगो को फंसाने का काम कर रहे हैं।

## पेज एक का शेष

### न्यूक्लियर ब्लैकमेल भारत ...

पाकिस्तान ने हमारे मंदिरों-गुरुद्वारों को निशाना बनाया। हमारी सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया, लेकिन, पाकिस्तान इसमें भी बेनकाब हो गया। पाकिस्तान के ड्रोन तिनके की तरह बिखर गये। पाकिस्तान को इतना तबाह कर दिया, जिसका अंदाजा उनको नहीं था। भारत की आक्रमक कार्रवाई के बाद पाकिस्तान भागने के रास्ते खोजने लगा। बुरी तरह से पीटने के बाद 10 मई को पाकिस्तानी सेना ने डीजीएमओ को संपर्क किया। तबतक हम आतंकवाद के ठिकाने को समाप्त कर चुके थे। आतंक के अड्डों को खंडहर बना दिया था। पाकिस्तानी वायुसेना के उन एयरबेस को नुकसान पहुंचाया, जिन पर पाकिस्तान को बहुत घमंड था।

**भारत का पराक्रम और धैर्य सबने देखा :** पीएम मोदी ने कहा कि हम सभी ने बीते दिनों में देश का सामर्थ्य और उसका संयम दोनों देखा। मैं सबसे पहले, भारत की पराक्रमी सेनाओं को, सशस्त्र बलों को, हमारी खुफिया एजेंसियों को, हमारे वैज्ञानिकों को हर भारतवासी की ओर से सैल्यूट करता हूं। हमारे वीर सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए असीम शौर्य का प्रदर्शन किया है। मैं उनकी वीरता, उनके साहस, उनके पराक्रम को आज हमारे देश की हर माता, बहन और बेटी को समर्पित करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर, सिर्फ नाम नहीं है, ये देश के कोटि-कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन सिंदूर, न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ नाम नहीं है ये देश के कोटि कोटि लोगों की भावनाओं का प्रतिबिंब है। ऑपरेशन न्याय की अखंड प्रतिज्ञा है। भारतीय सशस्त्र बलों ने रफीकी, मुरीद, चकलाला, रहीम यार खान, सुक्कुर और चुनियां के अलावा कई पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों जवाबी हमला किया। वहीं पसरूर और सियालकोट बेस पर रडार साइट को भी सटीक हथियारों का प्रयोग करके निशाना बनाया गया, जिससे भारी नुकसान हुआ।

### विनय न माने...

यह लड़ाई अपने स्वरूप में अनूठी थी। भारतीय वायुसेना ने अपनी ताकत और तैयारी का स्पष्ट और प्रभावशाली संदेश दिया है, जो सिर्फ अपने देश तक ही सीमित नहीं रहा, बल्कि पूरी दुनिया तक पहुंचा है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सभी सैन्य ठिकाने और सिस्टम पूरी तरह ऑपरेशनल हैं। हम नये मिशनों के लिए तैयार हैं। पाकिस्तान कोशिश कर रहा है कि वह अपनी कहानियां बनायें। हमें एक जॉब दी गयी, जिसे हमने उसे पूरा किया।

**पाक का आरोप खारिज :** एयर मार्शल ए के भारती ने भारतीय सेनाओं द्वारा पाकिस्तान के किराना हिल्स में कथित तौर पर स्थित परमाणु प्रतिष्ठानों पर हमला करने की अटकलों को खारिज कर दिया है। सोशल मीडिया पर चल रही इन खबरों के बारे में पूछे जाने पर कि क्या भारत ने किराना हिल्स में उस जगह को निशाना बनाया है जहां परमाणु भंडारण सुविधा होने की बात कही जा रही थी, एयर मार्शल भारती ने कहा, हमें यह बताने के लिए धन्यवाद कि किराना हिल्स में कुछ परमाणु प्रतिष्ठान हैं। हमें इसके बारे में पता नहीं था। हमने किराना हिल्स पर हमला नहीं किया है, चाहे वहां कुछ भी हो। हमारी लड़ाई आतंकवादियों और उनके ढांचे से थी।

### हेमंत ने रखी ...


इस लिस्ट में बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा, शिबू सोरेन, मधु कोड़ा का नाम शामिल है। इस मिथक को रघुवर दास ने तोड़ा, वह पहले नेता रहे, जो इस आवास में रहते हुए बतौर मुख्यमंत्री पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। हालांकि, वे भी शंका और आशंका से प्रभावित रहे। उन्होंने कुछ वास्तु बदलाव करवाये। कांके रोड वाले गेट से आना-जाना करने के बजाये मोरहाबादी वाले गेट का इस्तेमाल किया। वहीं सीएम रहते हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त होने पर अर्जुन मुंडा ने सीएम कैंपस में हनुमान मंदिर का निर्माण करवाया था।

इस आवास का प्रभाव ऐसा था कि 13 जुलाई 2013 को पहली बार सीएम बनने के बावजूद हेमंत सोरेन इस आवास में नहीं गये। वह नेता प्रतिपक्ष वाले ही आवास में रहे जो सीएम आवास से बिल्कुल सटा हुआ है। वह सीएम आवास का इस्तेमाल सिर्फ बैठकों के लिए किया करते थे। 2019 में दोबारा सत्ता में आने के बाद हेमंत सोरेन वास्तविक सीएम आवास में रहने नहीं गये। खास बात है कि 2024 में दोबारा सत्तासीन होने पर हेमंत सोरेन पहले ऐसे मुख्यमंत्री बने जिन्होंने अंग्रेजों के जमाने के कैफोर्ड हाउस को जमींदोज कर नया सीएम आवास बनाने पर बल दिया। उसी का नतीजा है कि भवन निर्माण विभाग की पहल पर नया सीएम आवास बन रहा है, जिसका मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आधारशिला रखी है।

# गोड्डा : श्रीमद् भागवत कथा महाज्ञान यज्ञ को लेकर निकली भव्य कलश यात्रा

श्री राधे-कृष्ण के जयघोष से गूंजा तेतरिया, 251 श्रद्धालु हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** महगामा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तेतरिया गांव के बीचों बीच आयोजित होने वाली श्रीमद् भागवत कथा महाज्ञान यज्ञ को लेकर क्षेत्र में भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

प्रातः 10 बजे हनुमान मंदिर से 251 श्रद्धालुओं ने सिश पर मंगल कलश लेकर नगर भ्रमण किया। गांव के बीचों बीच स्थित हनुमान मंदिर से गाजे-बाजे के साथ प्रारंभ हुई कलश यात्रा पूरे गांव के साथ साथ ग्राम छोटा सिमरा एवं बड़ा सिमरा होते हुए वापस हनुमान मंदिर पहुंची। वहीं कलश यात्रा का नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं द्वारा राधे-राधे व जय श्री कृष्ण के जयघोष से पूरा माहौल गूंजायमान होता रहा। इस दौरान लोग काफी उत्साहित दिखे, राधे कृष्ण के जयकारे की जयघोष दूर दूर तक पहुंच रही थी। वही कलश लेकर चल रही कलशधारी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए कई जगहों पर ग्रामीणों द्वारा शीतल जल और अन्य पेय पदार्थों का प्रबंध किया गया था जो श्रद्धालुओं को राहत पहुंचा रही थी। वहीं तेतरिया ग्रामवासियों ने बताया कि लंबे अरसे से सोच थी की गांव में भागवत होना चाहिए जो की आज लंबे इंतजार के बाद पूरा हुआ है। ग्रामवासियों ने बताया कि रविवार 11 मई से आरंभ होने वाला श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 07 दिनों तक रखी गई है।

यह भागवत कथा संध्या 05 बजे से रात्रि 11 बजे तक तक होगी। श्रीमद भागवत कथा का लोग कथावाचिका दीदी दिव्यांशी जी के श्रीमुख से अनुश्रवण करेंगे।

# दुमका : ओलचिकी लिपि अविष्कारक पंडित रघुनाथ मुर्मू की मनी जयंती



खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** दिसोम मांझी थान दुमका के परिसर में पंडित रघुनाथ मुर्मू के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती को ओलचिकी लिपि का 100वां वर्षगांठ के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू ने किया। इस वर्षगांठ में संथाल परगना के विभिन्न क्षेत्रों से आतो मोड़ें होड़ समेत बुद्धिजीवी शामिल हुए। दिसोम मांझी बाबा बीनीलाल टुडू व दिसोम जोग मांझी बाबा मोहन टुडू के अगुवाई में दिसोम मांझी थान में बोंगा बुरु हुआ। जिसमें डॉ सुजीत सोरेन, प्रो ईश्वर मरांडी, मनोज कुमार मरांडी, नाजीर हेम्ब्रम, सुभाष मुर्मू, सुरेंद्र हांसदा, मंत्री मुर्मू, लुखीराम मुर्मू, रघुनाथ हांसदा ने पंडित रघुनाथ मुर्मू के जीवनी, धर्म व संस्कृति के बारे में विस्तार से बताया गया। बैठक में अशोक हांसदा, मुकेश आरडीएक्स टुडू, मुन्ना मरांडी, लाईनदु मुर्मू, बीडी किस्कू, सीमांत हांसदा, प्रेम हांसदा, देवराज हांसदा, लवकिशोर टुडू, मनोज किस्कू, सुशील मरांडी, शिवशंकर सोरेन, सुनील मरांडी व कई लोग मौजूद रहे।

स्पीड न्यूज

## इजरायली सैनिक को रिहा करेगा हमास

**यरूशलम।** इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोमवार को कहा कि अमेरिका ने उसे सूचित किया है कि बंधक बनाए गए इजरायली सैनिक एडन अलेक्जेंडर को हमास बिना किसी शर्त या मुआवजे के रिहा कर देगा। अमेरिका ने इसे एक सद्भावना संकेत बताया है और उसका मानना है कि इससे भविष्य में बड़ी वाताओं का रास्ता खुल सकता है।

## अफगानिस्तान के बदख्शां में खदान ढहने से तीन खदानकर्मियों की मौत

**काबुल।** उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में रविवार को बेशकीमती पत्थरों की एक खदान का एक हिस्सा ढहने से तीन खनिकों की मौत हो गयी है। प्रांतीय सरकार के अधिकारी मोहम्मद कामगर के हवाले से सोमवार को यहां ह्यटोलोन्यूज ह्नने बताया कि कल अश्कशिम जिले में बेशकीमती पत्थरों की खदान में काम कर रहे खनिक अचानक खदान का एक हिस्सा ढह जाने से दब गए। इससे तीन श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई।

## पर्यटकों की नाव डूबने से 07 की मौत

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के बेंगकुलु प्रांत में नाव के डूबने से सात घरेलू पर्यटकों की मौत हो गई और 34 अन्य घायल हो गए। एक वरिष्ठ बचावकर्ता ने सोमवार को यह जानकारी दी। बेंगकुलु प्रांत खोज और बचाव कार्यालय के प्रमुख मुस्लिकुन सोदिक ने बताया कि यह घटना रविवार को जकार्ता समयानुसार लगभग 16:30 बजे हुई। उन्होंने बताया कि हादसे के समय 98 स्थानीय पर्यटकों और छह चालक दल के सदस्यों को लेकर नाव टिकस द्वीप से बेंगकुलु शहर लौट रही थी। उन्होंने चीन की न्यूज एजेंसी शिन्हुआ को बताया, जब नाव बेंगकुलु शहर के पास पहुंच रही थी, तो तेज हवाओं और ऊंची लहरों के साथ खराब मौसम के कारण इसका इंजन फेल हो गया।

## देशभर के 700 से ज्यादा जिलों में चलेगा विकसित कृषि संकल्प अभियान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर) द्वारा देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जाएगा। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि यह अभियान 700 से ज्यादा जिलों में 29 मई से प्रारंभ होकर 12 जून तक चलेगा। इस दौरान हमारे कृषि वैज्ञानिक एवं मंत्रालय के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय कृषिकर्मियों के साथ टीम बनाकर प्रतिदिन अलग-अलग गांवों में पहुंचकर किसानों से सीधे संवाद करेंगे तथा उन्हें खेती-किसानी के संबंध में अपने स्तर पर और जागरूक करेंगे, विभिन्न सलाह देंगे। यह सारी कवायद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दिए ह्लैब टू लैंडह्व के मंत्र को साकार करने के लिए की जा रही है। आधुनिक एवं आदर्श खेती के साथ ही यह श्एक देश, एक कृषि, एक टीमश् की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## शादी के छठे दिन मायके से विवाहिता नकदी-जेवर लेकर प्रेमी संग भागी

**मुरादाबाद।** ठाकुरद्वारा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने विवाह के छह दिन बाद ही मायके से नकदी व जेवर लेकर गांव के ही प्रेमी के साथ चली गई। विवाहिता के मां की तहरीर पर थाना पुलिस ने आरोपित प्रेमी युवक समेत चार के खिलाफ सोमवार को केस दर्ज कर लिया है। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने सोमवार को थाना पुलिस को दी तहरीर देकर बताया कि बीते चार मई को उसकी बेटी की शादी मुरादाबाद के मझोला थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी। आठ मई को वह बेटी को ससुराल से लाई थी। दो दिन 10 मई करीब ढाई बजे गांव का ही गौतम उसकी बेटी को बहलाकर अपने साथ ले गया। बेटी घर से जेवर और नकदी भी लेकर गई है। इस मामले में पुलिस ने महिला की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## पहलगाम तक उनके पाप का घड़ा भर चुका था, कार्रवाई तय थी, वही किया

# अपनी तबाही को पाकिस्तान खुद जिम्मदार : सेना

ऑपरेशन सिंदूर




एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर पर भारतीय सेना ने सोमवार को संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस की। प्रेस ब्रीफिंग के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तानी मिराज के मलबे की क्लिप भी दिखायी। साथ ही पीएल-15 एयर-टू-एयर मिसाइल का मलबा दिखाया। एयर मार्शल एके भारती ने प्रेस ब्रीफिंग के दौरान कहा, यह दुख की बात है कि पाकिस्तानी सेना ने हस्तक्षेप करने का फैसला किया और वह भी आतंकवादियों के लिए, और इसलिए हमने जवाब देने का फैसला किया। हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाकिस्तानी सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया। पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है।

### उनके पाप का घड़ा भर गया था

डीजीएमओ, लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर की एयर डिफेंस कार्रवाई को हमें एक संदर्भ में समझने की जरूरत है। पिछले कुछ सालों में आतंकी गतिविधियों के कैरेक्टर में बदलाव आ रहा था, अब हमारी सेना के साथ-साथ निर्दोष लोगों पर भी हमला हो रहा था। पहलगाम तक उनका पाप का घड़ा भर चुका था, क्योंकि आतंकियों पर हमारे सटीक हमले एलओसी और इंटरनेशनल बॉर्डर को पार किए बिना किये गये थे। हमें पूरा अंदेशा था कि पाकिस्तान का हमला भी सीमा पार से ही होगा, इसलिए हमने एयर डिफेंस की तैयारी की थी। जब 9-10 मई को पाकिस्तान की वायुसेना ने हमारे एयर फील्ड और लॉजिस्टिक इंस्टॉलेशन पर हमला किया, तो वे इस मजबूत एयर डिफेंस ग्रिड के सामने विफल हुए।

### सैन्य ठिकानों पर मामूली प्रार किया

हमने सिविलियन और मिलिट्री इन्फ्रास्ट्रक्चर को न्यूनतम रखा, जबकि पाकिस्तानी सेना लगातार हमले कर रही थी। आपको पता है कि एयर डिफेंस सिस्टम की हमारे पास वैरायटी है, लो लेवल फायरिंग, सरफेस टू एयर मिसाइल, लॉन्ग और शॉर्ट रेंज मिसाइल शामिल हैं। हम पर ड्रोन और यूएवी से हमला किया गया। पाकिस्तानी हमले के दौरान हमारे सभी सिस्टम एक साथ सक्रिय हुए। मॉडर्न डेज वार फाइटिंग के लिहाज से ये अहम था। पुराने माने जा रहे एयर डिफेंस सिस्टम ने भी सही तरह से काम किया।

### पाक ने चायनिज मिशाइल दागी

एयर मार्शल एके भारती ने बताया, पाकिस्तान की तरफ से किये गये हमले में चाइनीज ओरिजन की मिसाइल शामिल थीं, इनमें लॉन्ग रेंज रॉकेट और यूएवी थे। चीनी ओरिजन के कुछ कॉप्टर्स और ड्रोन (बाद में उन्होंने इसे टर्किश बताया) थे। इन्हें हमारे एयर डिफेंस सिस्टम ने मार गिराया। भारती ने कहा, मैं बहुत स्पष्ट शब्दों में कहना चाहता हूं कि हमारे सभी सैन्य अड्डे और सभी उपकरण और प्रणालियां चालू हैं और जरूरत पड़ने पर अपने अगले मिशन के लिए तैयार व तत्पर हैं। अगर आप हमारे रक्षा स्तरों को देखेंगे, तो समझ जाएंगे कि मैं क्या कहना चाहता हूं। भले ही आप सभी स्तरों को पार कर लें, इस ग्रिड सिस्टम का कोई न कोई स्तर आपको जरूर रोक लेगा। हमारे एयरफील्ड हर प्रकार से ऑपरेशनल हैं, पाकिस्तान के ड्रोन हमारे ग्रिड के कारण नष्ट हुए।

जनरल राजीव घई ने बीएसएफ की सराहना करते हुए कहा, जो दुर्दशा आपने पहले और कल पाकिस्तान एयरफील्ड की देखी और एयर मार्शल की प्रस्तुति आज देखी। हमारे एयरफील्ड हर प्रकार से ऑपरेशनल हैं। पाकिस्तान के ड्रोन हमारे ग्रिड के कारण नष्ट हुए। मैं यहां पर अपने बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की सराहना करता हूं। जिसके कारण पाकिस्तान की नापाक हरकतों का विनाश किया गया।

### कहीं का भी हथियार हो हम सक्षम हैं

भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो.. हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिन्दूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है। हमारे सभी सैन्य प्रतिष्ठान, उपकरण, शस्त्र प्रणालियां पूरी तरह से कार्यशील हैं, जरूरत पड़ने पर हम अगले मिशन के लिए तैयार हैं। वायुसैनिक अभियान महानिदेशक एयर मार्शल ए के भारती ने कहा कि पाकिस्तान की सेनाओं ने विमानों, मिसाइलों, ड्रोन एवं यूएवी से भारत पर भीषण हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी परत दर परत मजबूत एवं आधुनिक स्वदेशी रक्षा प्रणाली उसके सामने अभेद्य दीवार साबित हुई। एयर मार्शल एके भारती ने कहा, कल हमने पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान में आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए की गई सफल संयुक्त कार्रवाइयों के बारे में विस्तृत जानकारी दी थी।

## हमारा निशाना आतंकवादी थे, पाक सेना ने इसे अपनी लड़ाई बनाया

**नयी दिल्ली।** भारतीय सशस्त्र सेनाओं ने आज कहा कि उनकी लड़ाई आतंकवाद और आतंकवादियों से थी और पाकिस्तानी सेना के आतंकवादियों के पक्ष में लड़ाई में उतरने के कारण भारत को उसके सैनिक ठिकानों को निशाना बनाना पड़ा जिसके लिए पाकिस्तानी सेना खुद जिम्मेदार है।
भारतीय वायुसेना, नौसेना एवं थल सेना के सैन्य अभियान महानिदेशकों ने यहां एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा, तुर्की के ड्रोन हों या कहीं की भी कोई अन्य शस्त्र तकनीक हो.. हमारी स्वदेशी रक्षा प्रणाली, प्रशिक्षित योद्धा उससे मुकाबले के लिए तैयार हैं। ऑपरेशन सिन्दूर में हमारा नुकसान बेहद मामूली रहा है। हमारे सभी सैन्य प्रतिष्ठान, उपकरण, शस्त्र प्रणालियां पूरी तरह से कार्यशील हैं, जरूरत पड़ने पर हम अगले मिशन के लिए तैयार हैं। वायुसैनिक अभियान महानिदेशक एयर मार्शल ए के भारती ने कहा कि पाकिस्तान की सेनाओं ने विमानों, मिसाइलों, ड्रोन एवं यूएवी से भारत पर भीषण हमला करने की कोशिश की लेकिन हमारी परत दर परत मजबूत एवं आधुनिक स्वदेशी रक्षा प्रणाली उसके सामने अभेद्य दीवार साबित हुई। एयर मार्शल भारती ने दोहराया, ह्लहमारी लड़ाई आतंकवादियों एवं आतंकवाद से थी, पाकिस्तानी सेना से नहीं। पह अफसोस की बात है कि पाकिस्तानी सेना ने आतंकवादियों के समर्थन में इस लड़ाई में




शामिल होने का फैसला किया। इसलिए इस संघर्ष में पाकिस्तान को जो भी नुकसान हुआ है, उसके लिए वे खुद जिम्मेदार हैं ह्व उन्होंने आतंकवादियों के व्यवहार में आये अंतर का उल्लेख करते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों से आतंकवादी धार्मिक स्थलों एवं यात्राओं को निशाना बनाने लगे थे और पहलगाम में उनका पाप का घड़ा भर गया था। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान पाकिस्तानी सेना द्वारा इस्तेमाल किये गये चीन निर्मित हथियार नाकाम साबित हुए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वायुरक्षा प्रणाली को संदर्भों में समझने की जरूरत है। पिछले दस साल में सरकार से सेनाओं को जो बजटीय समर्थन मिला है उससे हमें देश की वायुरक्षा प्रणाली मजबूत एवं आधुनिक बनाने में बड़ी मदद मिली है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं, सीमा सुरक्षा बल, और सरकारी एजेंसियों का पूरा समन्वय रहा।

### हमारे युद्ध-सिस्टम पूरी तरह सफल

एके भारती ने कहा, हमारे युद्ध-सिद्ध सिस्टम समय की कसौटी पर खरे उतरे हैं और उन्होंने (पाकिस्तान) का डटकर मुकाबला किया है। एक और खास बात स्वदेशी वायु रक्षा प्रणाली, आकाश सिस्टम का शानदार प्रदर्शन रहा। पिछले एक दशक में भारत सरकार के बजटीय और नीतिगत समर्थन के कारण ही इतना मजबूत वायु रक्षा वातावरण तैयार करना और संचालित करना संभव हो सका। एयर डिफेंस सिस्टम की हमारे पास वैरायटी है, लो लेवल फायरिंग, सरफेस टू एयर मिसाइल, लॉन्ग और शॉर्ट रेंज मिसाइल शामिल हैं। उन्होंने कहा, पाकिस्तान द्वारा इस्तेमाल ड्रोन और मानव रहित युद्धक हवाई वाहनों की कई लहरों को स्वदेशी रूप से विकसित सॉफ्ट और हार्ड किल काउंटर-यूएएस सिस्टम और अच्छी तरह से प्रशिक्षित भारतीय वायु रक्षा कर्मियों ने नाकाम कर दिया।

## श्रीलंका में बस हादसा 22 बौद्धों की हुई मौत



एजेंसी

**कोलंबो।** श्रीलंका में कल सुबह हुई बस दुर्घटना में कम से कम 22 बौद्धों की मौत हो गई। यह हादसा गारडीला क्षेत्र के रामबोडा में फॉल्स के पास हुआ। यह सरकारी बस है। बस चट्टान से टकरा कर 100 फीट नीचे खाई में पलट गई। बस कटारगामा से कुरुनेगला तक चलती है। डेली न्यूज की खबर के अनुसार, दुर्घटनास्थल पर आपातकालीन निकासी के लिए हेलीकॉप्टर को स्टैंडबाय पर रखा गया है। सरकार ने राहत और बचाव अभियान तेज किया है। इस हादसे में 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं। मृतकों में 16 पुरुष और छह महिलाएं शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, बस में 60-70 यात्री सवार थे। घायलों को कोटमाले, गमपोला, नवलपिटिया और नुवारा एलिया अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के अधिकारियों ने बताया कि घायलों में से कई की हालत गंभीर है।

बस में फंसे यात्रियों को निकालने के लिए बचाव अभियान जारी है। रक्षा मंत्रालय के सचिव के निर्देशों के तहत श्रीलंका वायु सेना ने रत्मालाना हवाई अड्डे पर दो बेल 412 हेलीकॉप्टरों को स्टैंडबाय पर रखा है, ताकि जरूरत पड़ने पर आपातकालीन निकासी में मदद मिल सके। इस त्रासदी के जवाब में, सरकार ने घोषणा की है कि दुर्घटना के प्रत्येक पीड़ित के परिवारों को 10 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाएगा। इस निर्णय की पुष्टि परिवहन उपमंत्री डॉ. प्रसन्ना गुनासेना ने की। कोटमाले पुलिस घटना की जांच कर रही है।

## 'भारत माता की जय' की गूंज के बीच इम्तियाज को दी गयी अंतिम विदायी

एजेंसी

**पटना।** पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर के आरएस पुरा सेक्टर में 10 मई को की गई गोलीबारी में वीरगति को प्राप्त हुये सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सब-इंस्पेक्टर मोहम्मद इम्तियाज को सोमवार को अंतिम विदायी दी गयी। तमाम सरकारी रस्म और गार्ड ऑफ ऑनर की आदायगी के बाद बलिदानी को नम आंखो से विदा किया गया। इससे पहले जनाजे की नमाज अता की गयी। इस मौके पर ग्रामीणों ने वीर शहीद मोहम्मद इम्तियाज अमर रहे, हिन्दुस्तान जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारे लगाये।

सारण जिले के गड़खा थाना क्षेत्र के जलालबसंत पंचायत के नारायणपुर गांव में शहीद का पार्थिव शरीर पहुंचते ही ग्रामाणों का सैलाब उमड़ पड़ा। पटना से गड़खा पार्थिव शरीर के आने के क्रम में सैकड़ों जगह पर लोगों ने श्रद्धांजलि दी। शहीद के पार्थिव शरीर के गांव नारायणपुर तक जाने के क्रम में करीब दो किलोमीटर तक सड़क के दोनों तरफ हजारों की संख्या में भीड़ उनके अंतिम दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। लोगों के हाथों में तिरंगा लहरा रहा था। लोग लगातार हिंदुस्तान जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारे भी लगा रहे थे।

इससे पहले शहीद के पार्थिव शरीर को पटना लाया गया। एयरपोर्ट पर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। श्रद्धांजलि देने वालों में राज्य के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव समेत कई अन्य नेता शामिल रहे। सभी ने शहीद को पुष्प अर्पित कर नमन किया



और शहीद के परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की। शहीद के बेटे इमरान रजा ने कहा मेरे पिता बहुत मजबूत इंसान थे और मुझे उन पर बहुत गर्व है। 10 मई को सुबह 5:30 बजे उनसे बात की थी। ड्रोन हमले में उनके दाहिने पैर में चोट लग गई थी। यह आखिरी बार था जब मैंने उनसे बात की थी। सरकार को पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाना चाहिए और ऐसा मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए कि कोई बेटा अपने पिता से दूर न रह सके। शहीद के बेटे का अपने पिता के शहादत का दर्द इतना गहरा है कि ना रूकने वाली उसकी सिसकियों ने वहां उपस्थित सभी की आंखे नम कर दी। शहीद के बेटे ने कहा कि अब पाकिस्तान को ऐसा सबक सिखाओ कि किसी और के अब्बा का जनाजा न निकले। उसने कहा कि उन्हें अपने पिता पर गर्व है।

## विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास पर भावुक हुई अनुष्का

**भारतीय** क्रिकेटर विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा के बाद से उनके सभी क्रिकेट प्रशंसक भावुक हो गए हैं। टेस्ट क्रिकेट में 14 साल का सफर समाप्त होने पर विराट को हर तरफ से भावनात्मक विदाई मिल रही है। विराट के इस निर्णय पर उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने भी अब सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर किया है।



टेस्ट मैच के बाद की विराट की एक फोटो शेयर करते हुए अनुष्का ने लिखा, क्रिकेट की दुनिया में आपने जो रिकॉर्ड और माइलस्टोन बनाए हैं, उनके बारे में हर कोई बात करेगा... लेकिन इन सबमें मैंने वो आंसू देखे हैं, जो आपने सबसे छिपाए हैं, वो संघर्ष जो किसी ने नहीं देखा और इस खेल के लिए आपका अटूट प्यार। मुझे पता है कि इस बीच आपने क्या खोया है। प्रत्येक टेस्ट सीरीज के बाद आप और अधिक अनुभवी, थोड़े अधिक विनम्र होकर लौटे हैं... इस यात्रा में आपको आगे बढ़ते देखना वास्तव में मेरा सौभाग्य रहा है।




## संघर्ष विराम और मजबूत ग्लोबल संकेतों से झूमा शेयर बाजार

### स्टॉक मार्केट में दिखी 4 साल की सबसे बड़ी सिंगल डे रैली

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम का ऐलान होने के बाद आज घरेलू शेयर बाजार में पिछले 4 साल की सबसे बड़ी तेजी दर्ज की गई। आज के कारोबार के दौरान सेंसेक्स इंट्रा-डे में 3 हजार अंक से भी अधिक उछल गया। इसी तरह निफ्टी ने भी 900 अंक से अधिक की छलांग लगाई। पिछले 4 सालों में सेंसेक्स और निफ्टी की ये अभी तक की सबसे बड़ी सिंगल डे रैली रही है। अगर वृद्धि प्रतिशत की बात की जाए, तो आज के कारोबार में सेंसेक्स 3.74 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। वहीं निफ्टी ने 3.82 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया। वृद्धि प्रतिशत के लिहाज से 2021 से लेकर अभी तक की अवधि में ये शेयर बाजार की दूसरी सबसे बड़ी बढ़त रही। इसके पहले 1 फरवरी 2021 को सेंसेक्स और निफ्टी 4.7 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए थे।

भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बने तनाव के कम होने से निवेशकों के सेंटीमेंट्स में काफी सुधार हुआ है। इसके साथ ही अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड और टैरिफ को लेकर सकारात्मक बातचीत हो जाने के कारण भी मार्केट सेंटीमेंट्स पॉजिटिव हुए हैं। यही कारण है कि घरेलू शेयर बाजार में आज चौतरफा तेजी का माहौल बना रहा, जिसकी वजह से



शेयर बाजार के निवेशकों को 1 दिन में ही 16 लाख करोड़ रुपये से अधिक का मुनाफा हो गया।

आज के कारोबार की शुरूआत जोरदार मजबूती के साथ हुई थी। बाजार खुलने के बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी की रफ्तार तेज होती चली गई। दोपहर 12 बजे के करीब बाजार में कुछ देर के लिए बिकवाली का मामूली दबाव बनता हुआ नजर आया, लेकिन थोड़ी ही देर बाद खरीदारों ने एक बार फिर लिवाली का जोर बना दिया, जिससे शेयर बाजार की चाल में जोरदार तेजी आ गई।

आज दिनभर के कारोबार के दौरान बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स मजबूती के साथ हरे निशान में बंद हुए। आईटी इंडेक्स ने पिछले 5 सालों के दौरान सबसे बड़ी इंट्रा-डे तेजी दर्ज की। यह सूचकांक आज 2,402.45 अंक यानी 6.70 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी तरह मेटल, एनर्जी और रियल्टी सेक्टर के शेयरों में भी आज लगातार खरीदारी होती रही। इसके अलावा बैंकिंग और ऑटोमोबाइल इंडेक्स भी जोरदार तेजी हासिल करने में सफल रहे।

